सूर्योदय 5:35 सूर्यास्त 7:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,463 |
| निफ्टी | 24,837 |
| सोना | 99,120 |
| चांदी | 1,15,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

कारगिल विजय दिवस

अमर जवान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 26 जुलाई 2025 | 11 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 208, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सेब-आलू परिवहन पर विशेष रोड टैक्स से राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सेब और आलू उत्पादकों और व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। 1 अगस्त से 31 अक्तूबर 2025 तक, अन्य राज्यों से हिमाचल प्रदेश में आने वाले ट्रकों को विशेष रोड टैक्स से छूट मिलेगी। यह निर्णय जनहित में लिया गया है ताकि राज्य में सेब और आलू का निर्बाध और सुचारु परिवहन सुनिश्चित किया जा सके, जिससे किसानों और बागवानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में आसानी हो और उनकी आपूर्ति श्रृंखला सुगम बनी रहे। इस छूट से किसानों-बागवानों को सीधा फायदा होगा, क्योंकि अब उनकी उपज को लाने-ले जाने का खर्च कम हो जाएगा। यह कदम विशेष रूप से सेब और आलू के पीक सीजन के दौरान लिया गया है, जब इन उत्पादों की आवाजाही सबसे अधिक होती है।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन छह माह बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मणिपुर में फिर से अगले छह महीने के लिए राष्ट्रपति शासन को बढ़ा दिया गया है। आने वाले 13 अगस्त 2025 से यह नियम लागू होगा। बता दें कि प्रदेश में फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। संसद में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। प्रस्ताव में कहा गया कि यह सदन राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत मणिपुर के संबंध में 13 फरवरी 2025 को जारी की गई उद्घोषणा को 13 अगस्त 2025 से अगले छह माह के लिए लागू रखने का अनुमोदन करता है। (अनंत ज्ञान)

### फिल्म उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर रोक से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लेते हुए कहा कि उसकी ओर से उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर कोई रोक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस अदालत ने गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उचित आदेश पारित करना दिल्ली हाईकोर्ट पर निर्भर है। उदयपुर फाइल्स फिल्म राजस्थान के दर्जी कन्हैया लाल के मर्डर पर आधारित होने का दावा करते हुए इसका विरोध किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को दिल्ली हाईकोर्ट भेजा है याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट में दलीलें देने को कहा है। हाईकोर्ट से सोमवार को ही सुनवाई करने को कहा गया है। वहीं, फिल्म निर्माता ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म निर्माताओं को हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत से याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल के जांबाज मेहर सिंह का गुजरात में सम्मान -पेज 3
- पेंशन नियम संशोधन के विरोध में उतरे डाक पेंशनर्स -पेज 4
- दो मौतों पर परिजनों का आक्रोश स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल -पेज 6
- सिर्फ रेफर सेंटर बनकर रह गया सरकाघाट अस्पताल -पेज 9
- बिजली महादेव रोपवे के विरोध में कुल्लू में उमड़ा जनसैलाब -पेज 11



# प्राकृतिक खेती में हिमाचल प्रदेश बना देश का सिरमौर

## एमएसपी देने वाला पहला राज्य बना, केंद्र ने की सीएम की सराहना

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में हिमाचल प्रदेश देश में एक मिसाल बन गया है। नई दिल्ली में आयोजित 'मंथन बैठक' में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों की जमकर सराहना की। इस बैठक में देशभर के सहकारिता मंत्रियों ने भाग लिया, जहां हिमाचल के 'नेचुरल फार्मिंग' के प्रयोगों को पूरे देश के लिए प्रेरणा बताया गया।

हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मक्की का



एमएसपी 30 रुपए से बढ़ाकर 40 और गेहूं का 60 रुपए प्रति किलो कर दिया गया है। प्राकृतिक कच्ची हल्दी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 90 रुपए प्रति किलो घोषित किया गया है, जिसे 'हिमाचल हल्दी' ब्रांड के तहत बेचा जाएगा।

**प्रदेश में 2.23 लाख से अधिक किसान कर रहे रसायन मुक्त खेती**

बता दें कि राज्य में अब तक 2.23 लाख से अधिक किसानों ने रसायन मुक्त खेती को अपना लिया है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य 9.61 लाख किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ना है।

### प्राकृतिक उत्पादों के लिए 10 मंडियों का चयन

**राज्य** की कांग्रेस सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए व्यापक समर्थन दे रही है। प्राकृतिक खेती-खुशहाल किसान योजना के तहत 27.60 करोड़ खर्च किए गए हैं। किसानों को ड्रम खरीदने, गोशाला में पक्का फर्श बनाने, देशी गाय खरीदने और परिवहन के लिए सब्सिडी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती उत्पादों की बिक्री के लिए 10 मंडियों का चयन और हमीरपुर जिले में एक स्पाइस पार्क (मसाला प्रसंस्करण केंद्र) भी स्थापित किया जा रहा है। ये सभी पहलें हिमाचल को प्राकृतिक खेती में एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित कर रही हैं।

# प्रदेश में 222 सड़कें अभी भी बंद

## 36 बिजली ट्रांसफार्मर और 152 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में जगह-जगह भूस्खलन व बारिश की वजह से शुक्रवार शाम तक एक नेशनल हाईवे सहित 222 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं। 36 बिजली ट्रांसफार्मर व 152 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। मंडी जिले में सबसे अधिक 144 सड़कें व 78 जल आपूर्ति स्कीमें प्रभावित हैं। शिमला में शुक्रवार दोपहर बाद बादल जमकर बरसे हैं।

वहीं, चंबा के चुराह उपमंडल नकरोड़-चांजू मार्ग (कठवाड़ घारे) पर पहाड़ी दरक गई है। भूस्खलन से वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। ग्राम पंचायत बघेईगढ, चांजू, चरड़ा, देहरा मार्ग बंद होने से क्षेत्र पूरी तरह से कट गया है।

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से प्राथमिकता के आधार पर मार्ग बहाल करने की मांग उठाई है। उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जोगेंद्र शर्मा ने बताया कि मार्ग भूस्खलन से बंद होने की सूचना मिलने के बाद विभागीय मशीनरी और लेबर मौके पर भेज दी गई।

### मानसून में अब तक 1588 घर क्षतिग्रस्त



**प्रदेश** में इस मानसून सीजन में 20 जून से 25 जुलाई तक 153 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 252 लोग घायल हुए हैं। 34 लोग अभी भी लापता हैं। इस दौरान 68 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है। बादल फटने, भूस्खलन, बाढ़ से अब तक 1,588 कच्चे-पक्के घरों, दुकानों को क्षति हुई है। 1,139 गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। 1,376 पालतु पशुओं की मौत हुई है। नुकसान का कुल आंकड़ा 1,43,689.03 लाख रुपए पहुंच गया है।

### इतने दिन जारी रहेगा बारिश का दौर

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, राज्य के कई भागों में 26,30 व 31 जुलाई को हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 27,28 व 29 जुलाई को अधिकतर स्थानों पर बारिश होने के आसार हैं। कुछ स्थानों पर 25 जुलाई को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। विभाग ने 26 से 31 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों के दौरान तापमान में कोई बदलाव नहीं होने की संभावना है। वहीं, वीरवार रात जटौन बैराज में 54.0, पांवटा साहिब 41.0, कुफरी 23.0, सुंदरनगर 23.0, पच्छाद 19.0, धौलाकुआं 18.0, पंडोह 14.0, शिमला 13.1 व सोलन में 9.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

# भारत अब ड्रोन से मिसाइल दाग तबाह करेगा दुश्मनों के बंकर्स

**एजेंसी, कुरनूल**

भारत अब दुश्मनों के बंकर या टैंक को दूर से बिना पायलट के हवाई ड्रोन से ही निशाना बना सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि डीआरडीओ ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में नेशनल ओपन एरिया टेस्टिंग रेंज में ड्रोन से लॉन्च होने वाली गाइडेड-वी3 मिसाइल की टेस्टिंग की है।



**डीआरडीओ ने ड्रोन से लॉन्च होने वाली गाइडेड-वी3 मिसाइल की टेस्टिंग की**

यह जानकारी शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शेयर की। रक्षा मंत्री ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ड्रोन से किए गए मिसाइल टेस्ट के विजुअल हैं। ULPGM-Vx पहले बनाई गई ULPGM-Vw का एडवांस्ड वर्जन है। यह टैंक, बंकर और ऊंचाई वाले इलाकों में टारगेट को दिन-रात दोनों समय मार गिरा सकती है। इसमें तीन तरह के वॉरहेड ऑप्शन हैं। जो दुश्मन की बख्तरबंद गाड़ियों से लेकर किलेबंद ठिकानों तक को तबाह करने में सक्षम हैं। यह डुअल चैनल हाई डेफिनिशन सीकर से लैस है, जिसकी मदद से यह मूविंग या छिपे हुए टारगेट को भी निशाना बना सकता है। इसमें टू-वे डाटा लिंक है, यानी लॉन्च के बाद भी टारगेट को अपडेट किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

#### हिमाचल में बार-बार प्राकृतिक आपदा आने के कारणों का अध्ययन शुरू

# केंद्रीय दल ने सराज क्षेत्र में आपदा प्रभावित स्थलों का किया निरीक्षण

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति के विभिन्न कारकों का अध्ययन करने के उद्देश्य से प्रदेश के दौरे पर पहुंची पांच सदस्यीय बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम ने शुक्रवार को जिला मंडी के थुनाग उपमंडल के आपदा प्रभावित स्थलों का दौरा किया। इस दौरान केंद्रीय दल ने राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी से भी चर्चा की। केंद्रीय टीम ने बादल फटने से भारी बारिश और भूस्खलन से प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के पांडव शिला, लंबाथाच, थुनाग के देजी गांव और बगस्याड इत्यादि में प्रभावित क्षेत्रों का गहन निरीक्षण किया। लंबाथाच में केंद्रीय टीम ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी से भी प्राकृतिक आपदा



मंडी जिले के सराज में आपदा प्रभावित स्थलों का निरीक्षण करते केंद्रीय दल के सदस्य।

**राजस्व मंत्री नेगी से ली नुकसान की जानकारी**

से हुए नुकसान पर चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय दल को हिमाचल में बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं के बारे में अवगत करवाया और सराज क्षेत्र में हाल ही में आपदा से हुए भारी नुकसान पर विचार-विमर्श किया। प्रदेश में गत कुछ वर्षों से निरंतर अंतराल में हो रही प्राकृतिक आपदाओं के विभिन्न कारकों का पता लगाने और इसके दुष्प्रभावों का अध्ययन करने के दृष्टिगत यह दल मंडी जिला के आपदा प्रभावित स्थानों तक पहुंचा है।

# भारत में 25 ओटीटी ऐप्स और वेबसाइट्स पर बैन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत सरकार ने ऑनलाइन अश्लील सामग्री के प्रसार पर लगाम कसने के लिए 25 ओटीटी ऐप्स और वेबसाइट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को इन प्लेटफॉर्म्स की सार्वजनिक पहुंच रोकने का निर्देश दिया है यानी इन एप्स पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय को यह पता चला कि ये एप्स और वेबसाइट्स आपत्तिजनक विज्ञापन और अश्लील कंटेंट प्रसारित कर रही थीं, जो कई भारतीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा था। इसके बाद मंत्रालय ने इन सभी पर कार्रवाई करते हुए देश भर में एक्सेस ब्लॉक करने का आदेश जारी किया। (अनंत ज्ञान)



### इन पर लगा प्रतिबंध

| | |
|---|---|
| ULLU | Sol Talkies |
| ALTT | Kangan App |
| Big Shots App | Bull App |
| Jalva App | Adda TV |
| Wow Entertainment | HotX VIP |
| Look Entertainment | Desiflix |
| Hitprime | Boomex |
| Feneo | Navarasa Lite |
| ShowX | Gulab App |
| | Fugi |
| | Mojflix |
| | Hulchul App |
| | MoodX |
| | NeonX VIP |
| | Triflicks |

# लोकसभा में सोमवार से नियमित कार्यवाही

## सर्वदलीय बैठक में सदन चलाने पर पार्टियों में बनी सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मानसून सत्र में विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी और विरोध के बीच निचले सदन की कार्यवाही शुक्रवार को भी स्थगित कर दी गई। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सर्वदलीय बैठक बुलाई और सदस्यों से सदन को सुचारु रूप से चलने देने का आग्रह किया। बैठक के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर एक सत्र आयोजित करने

**ऑपरेशन सिंदूर पर भी की जाएगी चर्चा**

पर भी चर्चा हुई। इससे पहले आज सुबह राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

उच्च सदन की बैठक अब सोमवार सुबह 11 बजे होगी, जबकि लोकसभा दोपहर 2 बजे फिर से शुरू होगी। इसी दिन ऑपरेशन सिंदूर पर भी चर्चा होगी। बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच अध्यक्ष ओम बिड़ला ने संसद में प्रश्नकाल, चर्चा और संवाद को जारी रखने की अपील की और कहा कि सभी सांसदों को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों पर बहस करनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### शिलाई और भरमौर में महिला मतदाता लिंगानुपात में सुधार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने बताया है कि विभाग के विशेष प्रयासों से शिलाई और भरमौर विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाता लिंग अनुपात में पिछले 45 दिनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले शिलाई विधानसभा क्षेत्र का लिंग अनुपात 820 के साथ सबसे कम था, जबकि भरमौर का 930 के साथ दूसरा सबसे कम था। इस सुधार के लिए एक विशेष कार्य योजना बनाई गई थी। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारियों को परिवार रजिस्टरों से छूटी हुई पात्र महिला मतदाताओं की सूची तैयार करने और बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे, ताकि उनका पंजीकरण किया जा सके। इस प्रक्रिया में उन मतदाताओं से भी संपर्क किया गया जो शिक्षा या रोजगार के कारण अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर थे। नंदिता गुप्ता ने बताया कि उन्होंने स्वयं शिलाई विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों को महिला मतदाता लिंग अनुपात में सुधार के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए थे।

# राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरी, 8 बच्चों की मौत

## हादसे में घायल 27 विद्यार्थियों में से आठ की हालत गंभीर

**एजेंसी, झालावाड़**

राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से 8 बच्चों की मौत हो गई है, वहीं 27 घायलों में से 8 की हालत गंभीर है। मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की क्लास में शुक्रवार सुबह बच्चे बैठे थे, तभी कमरे की छत ढह गई और 35 बच्चे दब गए थे। हादसे के दौरान स्कूल में 71 बच्चे थे। स्कूल में 2 टीचर भी मौजूद थे, लेकिन छत गिरने के वक्त बिल्डिंग से बाहर थे। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।



**राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख**

मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार, 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी, वहीं 3 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है। (अनंत ज्ञान)

#### कार्यकाल: इंदिरा का रिकॉर्ड तोड़ा, नेहरू के कार्यकाल से 2048 दिन पीछे

# मोदी सबसे लंबे कार्यकाल वाले दूसरे पीएम बने

**एजेंसी, नई दिल्ली**



नरेंद्र मोदी भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 4077 दिनों (24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977) का रिकॉर्ड तोड़ा है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री पद पर 4078 दिन पूरे कर लिए हैं। सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड जवाहरलाल नेहरू के नाम है। वह 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 तक यानी लगातार कुल 6126 दिन तक इस पद पर रहे। पीएम मोदी नेहरू के रिकॉर्ड से अभी 2048 दिन पीछे हैं।

हालांकि, पीएम मोदी पहले ही तीन लगातार लोकसभा चुनाव (2014, 2019, 2024) जीतने के मामले में नेहरू की बराबरी कर चुके हैं। अगर वह 2029 का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री बनते हैं, तो लगातार पीएम बनने का रिकॉर्ड भी टूट सकता है। आपको बता दें कि नरेंद्र मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। इसके बाद 26 मई 2014 से प्रधानमंत्री बने। इस तरह वह एक चुनी हुई सरकार के मुखिया का कार्यभार राज्य और केंद्र में 24 साल से ज्यादा समय से संभालने वाले पहले भारतीय नेता बने हैं। (अनंत ज्ञान)

### लगातार 6 चुनावों में पार्टी को जीत दिलाई

**मोदी** स्वतंत्रता के बाद जन्मे पहले प्रधानमंत्री हैं। साथ ही पहले गैर-कांग्रेस प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने 2 कार्यकाल पूरे किए और सबसे लंबे समय तक पद पर रहे। मोदी भारत के इकलौते नेता हैं, जिन्होंने लगातार छह चुनावों में पार्टी का नेतृत्व कर जीत हासिल की है। मोदी ने गुजरात विधानसभा चुनाव 2002, 2007 और 2012 में और लोकसभा चुनावों 2014, 2019 और 2024 में पार्टी को जीत दिलाई है। वरिष्ठ पत्रकार पीआर रमेश के मुताबिक, 15 मार्च 2013 को जयपुर में आरएसएस की बैठक में ही यह तय हो गया था कि 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे और उत्तर प्रदेश के एक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे।

### दो दिन के दौरे पर मालदीव पहुंचे

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी दो दिन के दौरे पर मालदीव पहुंच गए हैं। उनका स्वागत करने के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू लेने एयरपोर्ट पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले भी लगाया। एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के स्वागत में स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य भी किया। मोदी ने यहां भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की और भारतीय मूल के बच्चों की डांस परफॉर्मेंस भी देखी। इसके बाद दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय मीटिंग भी की।



## न्यूज ब्रीफ

### चोरी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर में शिकायतकर्ता तरुण कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी बरोहा ने मामला दर्ज करवाया था कि रात को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी दुकान में घुसकर नकदी व कुछ खाने-पीने की सामग्री चोरी की गई थी। सदर थाना हमीरपुर में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस टीम प्रारंभिक जांच व सीसीटीवी कैमरों की सहायता से आरोपी सुरज पाल उर्फ बादल पुत्र राजकुमार निवासी गांव घड़ुही रामपुर बसंत तहसील तिलैहर जिला शाहजहांपुर (उप्र) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जा से 4740 रुपए की नकदी तथा कुछ पीली व सफेद धातु नुमा सामग्री बरामद की गई है। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है तथा जांच जारी है।

### उचित मूल्य की 2 दुकानों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विकास खंड सुजानपुर की झुक्क पंचायत के गांव कश्मीरी और विकास खंड भोरंज की हणोह पंचायत के जड़ोह गांव में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खुलने वाली उचित मूल्य एक-एक दुकान के लिए 24 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक शिव राम ने बताया कि इन दुकानों के लिए इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं वेबसाइट एमर्जिंग हिमाचल.एचपी.जीओवी.इन पर 24 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। जिला नियंत्रक ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए पहली प्राथमिकता सार्वजनिक संस्थाओं जैसे- स्थानीय पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभा, महिलाओं तथा उनके समूह को दी जाएगी। अगर एक वार्ड में एक से अधिक संस्थाएं आवेदन करती हैं तो पंजीकृत संस्था को अधिमान दिया जाएगा। दुकान आवंटन के लिए दूसरी प्राथमिकता विधवा या एकल नारी, दिव्यांग व्यक्ति जोकि दुकान चलाने में सक्षम हो, भूतपूर्व सैनिक या बेरोजगार व्यक्ति को दी जाएगी, जबकि, हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड को तीसरी प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास रखी गई है। आवेदन के लिए कुछ और भी शर्तें रखी गई हैं। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। ऐसा आवेदक, जिसकी अपनी आटा चक्की या मिल हो तथा वह आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत दंडित हुआ हो या दिवालिया घोषित हुआ हो, वह आवेदन के लिए पात्र नहीं होगा।

### नर्सिंग कॉलेज में 'अंगदान' का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौतम कॉलेज ऑफ नर्सिंग, फार्मेसी में स्काउट एंड गाइड यूनिट द्वारा अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अंगदान के महत्व और आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था। कॉलेज के प्रबंध निदेशक ने इस कार्यक्रम को करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अतिथि वक्ता आमंत्रित किए गए, जिन्होंने स्काउट एंड गाइड को अंगदान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नीता ठाकुर, डॉ. रतन शर्मा, मंजू, स्वाति और सुनील उपस्थित रहे। डॉ. अनिल वर्मा नेत्र रोग विभागाध्यक्ष ने अंगों के दान की चिकित्सकीय प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट रूप में बताया। एडवोकेट अमित शर्मा ने अंगदान से जुड़ी कानूनी और सामाजिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। नरेश कुमार ने सरकार की योजनाओं और अंगदान के लिए रजिस्ट्री की प्रक्रिया की जानकारी दी। कॉलेज प्रशासन की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### 3 आंगनबाड़ी केंद्रों में आवेदन का एक और मौका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना हमीरपुर के अंतर्गत चार आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों के लिए चयन की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी कर ली गई, लेकिन नगर निगम हमीरपुर के आंगनबाड़ी केंद्र एमसीबीडब्ल्यू-2ए, पंचायत बजूरी के आंगनबाड़ी केंद्र दुगनेहड़ी और पंचायत ललीण के आंगनबाड़ी केंद्र बड्डू में आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए न्यूनतम निर्धारित संख्या में आवेदन प्राप्त न होने के कारण अब पात्र महिला उम्मीदवारों को आवेदन का एक और मौका दिया जा रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि पहले ही आवेदन कर चुकी महिलाओं को दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। इन पदों के लिए पात्र महिलाएं 12 अगस्त शाम 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आवेदन कर सकती हैं। दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के लिए प्रार्थी को 18 अगस्त को सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय हमीरपुर में मूल प्रमाण पत्रों सहित व्यक्तिगत रूप से स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होना होगा। इस संबंध में अलग से कोई बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा।

### तकनीकी विवि में बी.फार्मेसी की काउंसिलिंग शुरू



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में शुक्रवार से बी.फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की पहले चरण की काउंसिलिंग शुरू हुई। पहले दिन एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणी की मुख्य श्रेणी और उप श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई, जिसमें उपरोक्त श्रेणी के 142 अभ्यर्थियों को हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की मेरिट के आधार पर सीटें आवंटित की। बी.फार्मेसी की काउंसिलिंग कमेटी के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार ने कहा कि पहले दिन जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई हैं, उन्हें 29 जुलाई तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। जो अभ्यर्थी तय तिथि में संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट नहीं करेगा, वह सीट खाली मानी जाएगी। 26 जुलाई को सामान्य श्रेणी और ऑल इंडिया कोटे सहित सामान्य वर्ग की उपश्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। इसके अलावा 26 जुलाई को ही बीसीए, बीबीए और बीएचएमसीटी व बीएससी एचएमसीटी की पहले चरण की काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। बीसीए, बीबीए और बीएचएमसीटी व बीएससी एचएमसीटी की काउंसिलिंग उन्हीं शिक्षण संस्थानों में होगी, जहां पर उपरोक्त कोर्स चलते हैं।

### काउंसिल ने कैंसर पीड़ित को दिए एक लाख



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने कैंसर पीड़ित व्यक्ति की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। नादौन विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले गांव मलांकड़, डाकखाना सेरा वाले उत्तम चंद कैंसर से पीड़ित हैं व उनका इलाज एम्स बिलासपुर में चल रहा है। उत्तम चंद दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था, लेकिन कैंसर की बीमारी में जो भी धनराशि थी, वह खर्च हो गई। शुक्रवार को सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने उत्तम चंद की पत्नी अरना कुमारी को एक लाख रुपए का चेक सौंपा। इस अवसर पर संस्था के प्रधान विजय कुमार पुरी ने बताया कि कैंसर पीड़ित उत्तम चंद को संस्था की ओर से एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। उन्होंने बताया कि संस्था गरीब बीमारी से पीड़ित लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती है और समाज भलाई के अन्य कार्य भी करती रहती है।

### कारगिल विजय दिवस परोल में सम्मान से मनाया जाएगा

**अनंत ज्ञान, जाहू।** कारगिल युद्ध के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, हमीरपुर इकाई द्वारा न्यू प्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, परोल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे शहीदों को पुष्पांजलि अर्पण एवं श्रद्धांजलि सभा के साथ होगा, जिसमें जिले भर से पूर्व सैनिक, वीर नारियां, शहीद परिवारों के सदस्य, गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भाग लेंगे। परिषद के अध्यक्ष मेजर सी. वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम शहीदों की स्मृति को नमन करने और वर्तमान पीढ़ी को उनके बलिदान से अवगत कराने का एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि शहीदों की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना और उनके जीवन पर आधारित वक्तव्य भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कोषाध्यक्ष सुबेदार सुनील कुमार ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# चार पंचायतों ने विकास खंड सुजानपुर में मिलाने को लेकर जताया विरोध

## डीसी को ज्ञापन सौंपकर हमीरपुर विकास खंड में रखने की रखी मांग

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** पंचायत टिब्बी, देई द नोण, मझोग सुल्तानी व कुठेड़ा के ग्रामीणों ने सुजानपुर ब्लॉक में मिलाने का विरोध किया है। इस समस्या को लेकर चारों पंचायतों के वाशिदों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि ग्राम पंचायत टिब्बी, देई द नोण, मझोग सुल्तानी व कुठेड़ा के जितने भी गांव आते हैं, वे सभी विकास खंड हमीरपुर में थे। अब इन पंचायतों को विकास खंड सुजानपुर में मिला दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि सुजानपुर विकास खंड में मिलाने से उन्हें कई प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इन पंचायतों के ग्रामीणों को किसी भी कार्य के लिए 20 किलोमीटर दूर सुजानपुर ब्लॉक में जाना पड़ेगा, जबकि हमीरपुर की दूरी मात्र 6 किलोमीटर है। इसके अलावा इन पंचायतों की तहसील भी हमीरपुर ही है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि इन पंचायतों को विकास खंड हमीरपुर में ही रखा जाए। यदि इन पंचायतों को विकास खंड सुजानपुर में शामिल किया गया और हमारी मांग को नहीं माना गया तो वे सड़कों उतर कर आंदोलन करने के लिए भी बाध्य होंगे। ग्रामीणों की बात को सुनने के बाद उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि आपकी बात को सरकार के पास रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि जो भी निर्णय लिया जाएगा, ग्रामीणों के हित में रखकर लिया जाएगा। इस अवसर पर चार पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय पहुंचे थे और उन्होंने इस निर्णय के प्रति विरोध जताया।



चार पंचायतों के लोग हमीरपुर जिले के डीसी अमरजीत सिंह को ज्ञापन सौंपने के लिए जाते हुए।

**बोले- निर्णय वापस नहीं लिया तो विरोध प्रदर्शन करने के लिए होंगे मजबूर**

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर भाजपा नेता बुद्धि सिंह, पूर्व बीडीसी सुरेश ठाकुर, शालू मनकोटिया, पुरुषोत्तम कुमार, रमेश चंद, सुनील कुमार, करतार चंद सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# खेलों से हम अनुशासन, आपसी भाईचारा सीखते हैं : निखिल कानूनगो

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** आज की इस भागदौड़ की जिंदगी में अगर शरीर को फिट रखने के लिए खुली हवा साफ वातावरण के साथ खेल भी मनुष्य की जीवन शैली में खुशहाली ला सकता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन संस्था के प्रेजिडेंट टीम मेंबर निखिल कानूनगो ने हमीरपुर-ऊना जिले की सीमांत गोबिंदसागर झील के किनारे एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

इसमें मेल-फीमेल की संयुक्त टीमें बनाई गई। चार टीमों को टीम एबीसीडी में बांटा गया। प्रत्येक मैच 5-5 ओवरों का खेला गया। विजेता टीम नितिन कानूनगो के नेतृत्व में फाइनल खेलने उतरी। फाइनल मैच बहुत ही रोमांचकारी रहा। मैच का फैसला अंतिम गेंद पर हुआ। विजेता टीम के उम्दा खिलाड़ी संजय भरत ने चौका मारकर हार में तब्दील मैच को जीत में बदल दिया। विजेता टीम को हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन की तरफ से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

मैच के आयोजक एवं हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन के प्रेजिडेंट टीम मेंबर निखिल कानूनगो ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार-जीत चली रहती है। खेल से हम अनुशासन, आपसी भाईचारा तथा प्रेम प्यार की भावना को सीखते हैं।



गोबिंदसागर झील के किनारे क्रिकेट प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

# आपदा में किसानों-बागवानों के हुए नुकसान के आकलन को कांग्रेस ने गठित की कमेटी

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**दीपक शर्मा होंगे समिति के अध्यक्ष**

**हमीरपुर।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से किसानों बागवानों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक समिति का गठन किया है। इसके राष्ट्रीय समन्वयक दीपक शर्मा को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सोहन वर्मा, राष्ट्रीय सह समन्वयक कंवर रविंदर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रवि शर्मा एवं अनिल शर्मा को सदस्य बनाया गया है।



दीपक शर्मा
किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक

किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (संगठन) अखिलेश शुक्ला द्वारा जारी पत्र में इस समिति को आगामी 15 अगस्त तक अपनी रिपोर्ट केंद्रीय आलाकमान को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही यह समिति प्रदेश का दौरा करके किसानों-बागवानों को हुए नुकसान का आकलन करेगी और तय समय पर अपनी रिपोर्ट केंद्रीय आलाकमान को सौंपेगी।

उन्होंने कहा कि इस वक्त जहां बागवानों का सेब सीजन शुरू होने वाला है, वहीं निचले क्षेत्र के किसानों को सब्जी, मक्की आदि की फसल में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस हर पहलू का गहन अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी ताकि इससे प्रदेश के किसानों-बागवानों की समस्याओं का निपटारा हो सके और किसान बागवान राहत प्राप्त कर सकें।

# पटेरा गांव में मृत मिला तेंदुआ

**संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा।** भोटा के समीपवर्ती गांव पटेरा में मृत नर तेंदुआ मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेरा गांव का एक व्यक्ति शुक्रवार दोपहर को नाले में किसी काम से गया था। इस दौरान उक्त व्यक्ति को नाले की झाड़ियों में से किसी जानवर के गलने-सड़ने की बदबू आ रही थी। जब उस व्यक्ति ने झाड़ियों के करीब जाकर देखा तो पाया कि झाड़ियों के बीच एक तेंदुआ मरा पड़ा हुआ है। उस व्यक्ति ने इस बात की सूचना वन रेंज आघार के अधिकारियों को दी। सूचना के बाद वन और पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने बड़ी मशकत के बाद मृत तेंदुए को झाड़ियां में से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए वाइल्डलाइफ वेटरनरी हॉस्पिटल ऊना भेज दिया। इस बारे में वन रेंज आग्घार के कार्यवाहक रेंज ऑफिसर कमल किशोर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

# स्वास्थ्य बीमा नीति लागू करने के लिए सरकार को भेजी पाती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजेंद्र वर्मा ने प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए वर्तमान चिकित्सा भत्ता और चिकित्सा बिल प्रतिपूर्ति नीतियों में संशोधन पर विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना, लागू करने का सुझाव है, जिससे कर्मचारी अपनी पसंद के अस्पतालों में बिना वित्तीय तनाव के चिकित्सा उपचार प्राप्त कर सकें।

उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच होने के कारण वर्तमान निश्चित चिकित्सा भत्ता या चिकित्सा बिलों की प्रतिपूर्ति प्रणाली अकसर कर्मचारियों की अपनी चिकित्सा आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वोत्तम अस्पतालों में उपचार लेने की क्षमता को सीमित करती है। प्रतिपूर्ति प्रक्रिया जटिल हो सकती है, जिसमें देरी और आंशिक कवरेज शामिल है, जो समय पर चिकित्सा देखभाल को हतोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि निश्चित भत्ते अकसर बढ़ती चिकित्सा लागतों, विशेषकर गंभीर बीमारियों के लिए विशेष उपचार की लागत को कवर करने में अपर्याप्त होते हैं। कर्मचारियों को अपनी जेब से खर्च करना पड़ सकता है, जिससे वित्तीय संकट उत्पन्न होता है।

इसके अलावा प्रतिपूर्ति प्रक्रिया में कर्मचारियों को बिल जमा करने और नौकरशाही प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जो समय लेने वाली और तनावपूर्ण हो सकती है, विशेषकर चिकित्सा आपातकाल के दौरान यह समस्या आती है। वर्तमान प्रणाली कर्मचारियों को विशिष्ट अस्पतालों या सुविधाओं तक सीमित कर सकती है, जो हमेशा आवश्यक विशेषज्ञता या सुविधा प्रदान नहीं करते, जिससे देखभाल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। उन्होंने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना या नकदी रहित चिकित्सा नीति लागू की जाए। ऐसी नीति कर्मचारियों को निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करेगी। अपनी पसंद के पैनल में शामिल अस्पतालों, जिसमें निजी और विशेष सुविधाएं शामिल हैं, इसमें बिना अग्रिम भुगतान के उपचार प्राप्त करने की सुविधा। चिकित्सा आपातकाल के दौरान वित्तीय तनाव को कम करने के लिए नकदी रहित उपचार विकल्प। समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा, जिससे समग्र कल्याण और उत्पादकता में सुधार हो।

उन्होंने सरकार से मांग की कि इस प्रस्ताव पर विचार करें और वर्तमान निश्चित चिकित्सा भत्ता और प्रतिपूर्ति प्रणाली को बदलने के लिए सामूहिक स्वास्थ्य बीमा जैसी व्यापक स्वास्थ्य नीति लागू करने की दिशा में कदम उठाएं।

# विद्यार्थियों को अब गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन शिक्षा होगी उपलब्ध

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन और शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता हस्ताक्षर की तिथि से आगामी दो वर्षों तक प्रभावी रहेगा। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक सहयोग को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध कराना है।

इस समझौते पर शूलिनी विश्वविद्यालय की ओर से उपाध्यक्ष अंकुर चावला और सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, नादौन की ओर से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम द्वारा हस्ताक्षर किए गए। करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के प्रभारी प्रोफेसर रविकांत गर्ग ने बताया कि समझौते के तहत शूलिनी विश्वविद्यालय द्वारा सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, नादौन के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रमों में 20 प्रतिशत की विशेष छूट के साथ प्रवेश प्रदान किया जाएगा।



सिद्धार्थ कॉलेज नादौन और शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन के बीच एमओयू. साइन करते गणमान्य।

**नादौन कॉलेज व शूलिनी विवि सोलन के बीच एमओयू साइन**

इन कार्यक्रमों में एमबीए, एमसीए, एमए अंग्रेजी, एमएससी डाटा साइंस, बी.कॉम, बीबीए, बीसीए प्रमुख पाठ्यक्रम शामिल हैं। शूलिनी विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उन्नत अध्ययन सामग्री, एलएमएस एक्सेस, लाइव कक्षाएं, मार्गदर्शक सहायता, ओरिएंटेशन सत्र एवं प्रशिक्षण कार्यशालाएं प्रदान करेगा, साथ ह, विश्वविद्यालय महाविद्यालय प्रशासन की पूर्व अनुमति के उपरांत करियर काउंसिलिंग सत्र, सेमिनार तथा संवादात्मक कार्यशालाओं का आयोजन करेगा। महाविद्यालय के छात्र एवं शिक्षक शूलिनी विश्वविद्यालय परिसर का शैक्षणिक भ्रमण कर सकेंगे, जिससे उन्हें उच्च गुणवत्ता की अनुसंधान आधारित शिक्षा प्रणाली का अनुभव प्राप्त होगा।

यह समझौता दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक नवाचार और उत्कृष्टता को एक नई दिशा प्रदान करेगा। इस मौके पर प्रोफेसर कल्पना चड्ढा, प्रोफेसर नीतिका, प्रोफेसर रविकांत गर्ग, प्रोफेसर योगेश, प्रोफेसर नवीन, प्रोफेसर आदिका व प्रोफेसर यशपाल चोपड़ा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा बड़सर में मनाएगी कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला भाजपा इस बार भी अपनी परंपरा के मुताबिक कारगिल दिवस को बेहतर अंदाज में मनाएगी। 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का अदभुद परिचय देते हुए कारगिल में विजय प्राप्त की थी। इस अद्भुत पराक्रम की गाथा को भाजपा हर वर्ष 26 जुलाई को विजय दिवस के रूप में मनाती है।

कारगिल विजय दिवस का उद्देश्य युवाओं को और छात्रों मैं देश भक्ति की भावना जागृत करना है और भारतीय सेना की वीरता को सम्मान देना है। इस बार यह कार्यक्रम बड़सर विधानसभा क्षेत्र में सागर व्यू होटल में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजिंदर राणा पूर्व विधायक सुजानपुर रहेंगे व कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रदत लखनपाल करेंगे। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इस कार्यक्रम में जिला से लगभग 300 पूर्व सैनिक हिस्सा लेंगे। कारगिल के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा जाएगा वीर सैनिकों और उनके परिवारजनों का सम्मान किया जाएगा। वहीं, शाम को गांधी चौक से मशाल यात्रा का आयोजन शहीद कै. मृदुल शर्मा स्मारक स्थल तक किया जाएगा, जहां शहीदों को माल्यार्पण के साथ-साथ उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा कर भावविहनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

# आंगन में खेल रही 9 वर्षीय दिव्यंका पर बंदर ने किया हमला, आईं खरोंचें

**संजय, अनंत ज्ञान**

**धनेटा।** उपमंडल नादौन के धनेटा क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र में बंदरों के आतंक से दहशत का माहौल बना हुआ है। आए दिन बंदर सड़क पर या घर आंगन में खेल रहे बच्चों पर हमला कर रहे हैं परंतु आज तक पंचायत या प्रशासन की ओर से इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया] ऐसा ही वाक्य शुक्रवार को पेश आया है। मनीषा ने बताया कि 9 वर्षीय दिव्यंका घर के आंगन में खेल रही थी कि बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। गनीमत रही कि बच्चों के चिल्लाते ही घर के सदस्यों ने बाहर आकर बच्चे को संभाल लिया] नहीं तो कोई भी बड़ी घटना घट सकती थी। गांव वासियों ने स्थानीय पंचायत से इन बंदरों से जल्द से जल्द छुटकारा पाने की मांग की है ताकि आए दिन हो रहे बदंरों के हमले से किसी बड़ी घटना को होने से रोका जा सके।



# विकास के झूठे दावे कर भोरंज के लोगों को गुमराह न करें भाजपा नेता : बन्याल

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विकास का श्रेय लेने पर भोरंज ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक कमलेश कुमारी व भाजपा के पदाधिकारियों पर पलटकर बार किया है। शुक्रवार को भोरंज विश्रामगृह में पत्रकरों से बातचीत करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल ने कहा कि पूर्व विधायक कमलेश कुमारी अपने कार्यकाल के 5 वर्षों में विकास तो नहीं करवा पाई लेकिन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुए विकास कार्यों में सांसद अनुराग ठाकुर को श्रेय देकर लोगों को भ्रमित कर रही हैं। बन्याल ने कहा कि जिन सड़कों की बात की जा रही, उसकी सही स्थिति लोगों के सामने रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर सांसद ने सड़कें स्वीकृत करवाई हैं तो कांगू का गलू से भरेड़ी वाया डाडू, चंबोह, बधानी, नगरोटा सड़क, लझयाणी, कल्याल ककडोट भलवानी, समीरपुर दरव्यार कंज्याण, बस्सी, भ्याड़, महल, बढ़ार सड़क और झनिक्कर टिक्कर खतरियां कंज्याण सड़क के विस्ताकरीकरण के लिए पैसा क्यों नहीं दिला पाए।



भोरंज में पत्रकारों से बातचीत करते ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल व अन्य।

भोरंज में धरातल पर हो रखे विकास कार्यों को देखकर भाजपा के लोग अनापशनाप बयानबाजी करके गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना का श्रेय इसलिए लिया जा रहा है क्योंकि इस योजना में प्रधानमंत्री शब्द जुड़ा है। क्षेत्र में कौन सी सड़क बननी है, यह प्रदेश सरकार व विधायक तय करते हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक व भाजपा के लोगों को सांसद पर इतना भरोसा है तो जाहू में हवाई अड्डा, भोरंज में केंद्रीय विद्यालय व सैनिक स्कूल और भोरंज तक रेल विस्तार करने की मांग करते। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, निदेशक विक्रम शर्मा, दीप चंद, परवेश ठाकुर, राकेश गोल्डी व युका अध्यक्ष अभिषेक मौजूद रहे।

**खौफ** बेसहारा पशुओं के कहर को लेकर लोगों में रोष, प्रशासन से स्थायी समाधान मांगा

# भरेड़ी में सांडों की लड़ाई से घंटों लगा रहा जाम

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत भरेड़ी बाजार में बेसहारा पशुओं की समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। शुक्रवार सुबह दो सांडों के बीच सड़क पर हुई जबरदस्त लड़ाई से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। मुख्य बाजार में सड़क के बीचों-बीच हुई इस भिड़ंत के चलते घंटों यातायात ठप रहा।

पैदल चलने वालों से लेकर दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दुकानदारों और राहगीरों ने बताया कि कई राहगीर खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। इससे पूर्व भी बेसहारा पशु कई लोगों को घायल कर चुके हैं। बाजार में जाम की स्थिति इतनी गंभीर थी कि कई स्कूली बच्चे और बुजुर्ग फंसे रहे। लोगों ने किसी तरह जान जोखिम में डालकर सांडों को वहां से हटाया और ट्रैफिक को बहाल किया।



भरेड़ी बाजार की सड़क पर सांड लड़ते हुए, जिससे सभी परेशान दिखे।

स्थानीय निवासी बलबीर, पंकज, संजय, संदीप, टेक चंद, पवन, श्याम कालिया, अनिल शर्मा, दिनेश भाटिया, यशवंत भारद्वाज, रमित शर्मा, धर्म चंद, योग राज, अनूप शर्मा, मोनिका शर्मा, कंचन शर्मा, मनीष शर्मा व निशा शर्मा ने बताया कि यह कोई नई समस्या नहीं है। भरेड़ी में पिछले कई महीनों से बेसहारा सभी जगहों पर खुलेआम घूम रहे हैं, जो कि राहगीरों पर हमला भी कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। जनता ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि कस्बे में घूम रहे बेसहारा पशुओं को जल्द पकड़कर गोशालाओं में भेजा जाए। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इन पशुओं को नियंत्रित नहीं किया गया, तो आने वाले समय में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

गोरक्षक दल भरेड़ी के प्रधान दीपक ने बताया कि वे प्रशासन को पहले भी कई बार अवगत करवा चुके हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए शीघ्र ही अभियान चलाया जाएगा और जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

# राहुल गांधी की प्रभावितों को 5 करोड़ की सहायता संवेदनशीलता की मिसाल : राजीव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश के कई जिले प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे हैं। इस कठिन समय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा प्रदेश के लिए 5 करोड़ रुपए की राहत राशि प्रदान करना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि हिमाचल के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और आत्मीय जुड़ाव का प्रतीक है।



यह बात असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) प्रदेश के चेयरमैन राजीव राणा ने कही। यह महज एक राशि नहीं, यह संदेश है कि कांग्रेस पार्टी हर संकट में जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू के आपदा प्रबंधन प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने हर प्रभावित क्षेत्र में जाकर लोगों का दुख साझा किया और प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय रखा। राणा ने प्रदेश की जनता की ओर से राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता इस चुनौतीपूर्ण समय में सेवा, राहत और पुनर्वास के कार्यों में पूरी निष्ठा से तत्पर रहेगा।

जिला उपाध्यक्ष विशाल राणा, युवा कांग्रेस भोरंज उपाध्यक्ष जगदेव चंद, उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस हमीरपुर रजत राणा सुनीत ठाकुर,रितेश, इंद्रजीत, विनोद कुमार ने राहुल गांधी की इस सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।

# बिलासपुर के कारगिल शहीद परिवारों की स्थिति सवालों के घेरे में

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर के कारगिल शहीद परिवारों की स्थिति आज भी सवालों के घेरे में है। जो बलिदान राष्ट्र के लिए सबसे बड़ा था, उसके बदले में आश्वासन तो मिले, पर आत्मनिर्भरता नहीं। आज जरूरत सिर्फ माल्यार्पण की नहीं, बल्कि मौलिक सहयोग और संवेदनशील नीति क्रियान्वयन की है। कारगिल युद्ध में बिलासपुर जिले से 7 जवानों ने ऑपरेशन विजय में शहादत दी, लेकिन आज, विजय के 26 साल बाद, सवाल उठ रहे हैं कि क्या इन शहीद परिवारों को वो सब मिला, जो वादा किया गया था? बिलासपुर जिले से वीर चक्र विजेता हवलदार उधम सिंह, नायक मंगल सिंह, राइफलमैन विजय पाल, हवलदार राजकुमार, नायक अश्वनी कुमार, हवलदार प्यार सिंह और नायक मस्तराम ने देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर किए। शहीदों के परिजनों को शुरू में सरकार ने मुआवजा, पेंशन और अन्य योजनाओं का भरोसा दिया, पर सिर्फ शुरुआत में कुछ सहायता के बाद अधिकांश परिवार गुमनामी में चले गए। 7 में से केवल 3 परिवार ऐसे हैं, जिनके सदस्य आज आत्मनिर्भर जीवन जी पा रहे हैं। राज्य और केंद्र सरकारों ने जिन वादों की झड़ी लगाई थी, उनमें से अधिकांश या तो आधे-अधूरे रहे या प्रक्रिया में ही अटक गए। कुछ परिवारों को 5 लाख रुपए अनुग्रह राशि, सरकारी पेंशन और एक सदस्य को नौकरी मिली।

कई परिवार न मकान योजना का लाभ ले पाए, न ही कृषि भूमि का आवंटन मिला। कुछ शहीदों की पत्नी और माता-पिता आज भी किराये के घरों में रह रहे हैं। शहीद के बच्चों की पढ़ाई के लिए वादा किए गए स्कॉलरशिप के फॉर्म 'फाइलों' में अटक गए। जिले के तीन शहीद परिवार आज भी जीवन को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पेंशन की राशि अपर्याप्त है, चिकित्सा सुविधा नियमित नहीं और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता परिवारों की पीड़ा बढ़ा रही है।

**26 साल बाद भी अधूरी हैं उम्मीदें : जिले के कारगिल शहीद परिवारों की जुबानी**

**हवलदार प्यार सिंह की पत्नी** का कहना है कि 26 साल बीत गए, हर साल हमें केवल फूल चढ़ाने के लिए बुलाया जाता है। बाकी 364 दिन कोई पूछता तक नहीं। कुछ शहीदों के भाई-बहन सेना या पुलिस सेवा में आए और देशसेवा के लिए प्रेरणा बने, लेकिन 2 परिवारों के सदस्य आज भी बेरोजगारी से जूझ रहे हैं।


**नायक अश्वनी कुमार के छोटे भाई** ने बताया भाई की शहादत के बाद मैंने एनडीए का सपना देखा, पर आर्थिक बोझ और सरकारी उपेक्षा ने पढ़ाई बीच में ही छुड़वा दी। हवलदार उधम सिंह बचपन से ही गंभीर स्वभाव के थे। खेलों में रुचि थी और सेना में जाने का सपना उन्होंने इंटरमीडिएट के बाद ही संजो लिया था। नायक मस्तराम का सपना था कि वो रिटायरमेंट के बाद गांव में स्कूल खोलें। अधिकतर शहीद किसान या मजदूर परिवार से थे, जिन्होंने सीमित संसाधनों में बड़ा सपना देखा।

**राइफलमैन विजय पाल के पिता** याद करते हुए बताते हैं कि 28 जुलाई को सुबह रेडियो से नाम सुना-'शहीद विजय पाल'। एक क्षण को विश्वास नहीं हुआ, फिर सेना की गाड़ी आ गई। उस दिन का हर दृश्य आज भी आंखों में तैरता है। शुरुआत में गांववालों और समाज का सहयोग मिला, लेकिन वक्त के साथ शहीद परिवारों को भूलने का एहसास सताने लगा है। सरकारी सिस्टम की फॉर्मेलिटी और राजनीतिक दिखावे ने उनकी उम्मीदें तोड़ी हैं।

**हवलदार राजकुमार की पत्नी** कहती हैं कि शुरुआत में नेता, मंत्री, अधिकारी सब घर आते थे। नौकरी का वादा, पेंशन की बात और हर साल सम्मान-सब कहा गया, लेकिन अब 26 साल से सिर्फ दीवार पर तस्वीर और दिल में खालीपन है।

## संजय कुमार जीवित रहते परमवीर चक्र से सम्मानित

**बिलासपुर** जिले के कलोल गांव के राइफलमैन संजय कुमार ने कारगिल युद्ध में अद्वितीय शौर्य का परिचय देकर इतिहास रच दिया। जम्मू-कश्मीर राइफल्स की 13वीं बटालियन में तैनात संजय कुमार ने ऑपरेशन विजय के दौरान मुश्कोह घाटी के प्वाइंट 4875 पर कब्जा करते हुए पाकिस्तानी सेना से आमने-सामने की लड़ाई लड़ी।




उन्होंने तीन दुश्मन सैनिकों को ढेर किया, खुद गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद युद्ध जारी रखा और दुश्मन की पोजिशन पर हमला कर उन्हें पीछे हटने पर मजबूर किया। पाकिस्तानी सेना की छोड़ी गई यूनिवर्सल मशीन गन उठाकर संजय ने भागते हुए दुश्मनों पर हमला बोला और कई सैनिकों को मार गिराया। उनके साहसिक कदम ने भारतीय सेना के जवानों में नया उत्साह भर दिया और प्वाइंट 4875 को दुश्मन से पूरी तरह मुक्त करवा लिया। उनके अद्वितीय पराक्रम के लिए उन्हें परमवीर चक्र से जीवित रहते सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें सूबेदार मेजर के पद पर पदोन्नति भी मिली। बिलासपुर और समूचे देश के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है।

### मेरा कर्तव्य था, मैंने देश के लिए किया : संजय कुमार



**जब** उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें डर नहीं लगा था, तो उनका जवाब था अगर कोई डर के कारण पीछे हटता, तो देश का तिरंगा कैसे लहराता? हमें सिर्फ जीत दिख रही थी, मौत नहीं। कारगिल युद्ध के 26 साल बाद भी, संजय कुमार का नाम हर फौजी स्कूल, कैडेट अकादमी और राष्ट्रीय उत्सवों में प्रेरणा स्रोत के रूप में लिया जाता है। उनके पराक्रम की मिसाल आज भी द्रास की वादियों में गूंजती है।

### 'बेटा नहीं, बहादुरी की प्रतिमा'

संजय कुमार को उनके गांव के लोग आज भी 'बेटा नहीं, बहादुरी की प्रतिमा' कहते हैं। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, उन्हें समय पर आवास, पेंशन, नौकरी और सैन्य मान्यताएं प्रदान की गई हैं। वे अभी भी सेना में कार्यरत हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। संजय के परिवार में उनकि पत्नी प्रोमिला, बेटा नीरज तथा बिटिया सिमरन शामिल हैं।

### कारगिल युद्ध में बिलासपुर जिले के प्रथम शहीद उधम सिंह

उधम सिंह चैहड़ी गांव से संबंध रखते थे। ऊधम सिंह का एक छोटा भाई व पांच छोटी बहनें हैं तथा इन सभी की शादी हो चुकी है। उधम सिंह का एक लड़का व दो लड़कियां हैं। लड़का अमित कुमार कलोल में राजस्व विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत है। उनकी दोनों लड़कियों की शादी हो चुकी है। वीर नारी निर्मला देवी का कहना है कि अमित पढ़ने में तेज रहा है और सेना में जाने की कोई खास रुचि नहीं थी।



### शहीद विजय पाल

**पट्टा** पंचायत के गांव शाशन के रहने वाले विजय पाल जुलाई 1999 को जब शहीद हुए थे तो वे 26 वर्ष के थे। उनके दो बड़े भाई तथा एक छोटी बहन है तथा सभी की शादी हो चुकी है। बड़े भाई सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद स्कूल में अध्यापक तैनात हैं तथा उनके एक भाई स्कूल में क्लर्क तैनात हैं। विजय पाल के पिता मनसा राम वन विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं। माता रुकमणी देवी गृहिणी है। वहीं, इनके परिवार से कोई भी सेना में नहीं है।

### शहीद प्यार सिंह

**उपमंडल** झंडूता के गांव खतेड़ के प्यार सिंह भी कारगिल युद्ध में वीरगति पाई थी। उनके दो बेटे हैं। एक बेटा अरुण झंडूता एसडीएम कार्यालय में सीनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। दूसरा बेटा व्यापारी है। उन्होंने बताया पिता की शहादत के बाद घर भी संभालना था। इसलिए सेना में न जाकर उन्होंने अपने क्षेत्र में ही कार्य करने की सोची।



### शहीद मस्त राम

**सुन्हाणी** के कारगिल बलिदानी मस्त राम का बेटा सरकारी नौकरी में है। बलिदानी के बेटे मदन लाल का कहना है कि माता की देखभाल व घर की जिम्मेवारियों के चलते वह सेना में नहीं गए। सरकार ने जो भी वादा किया था उसे पूरा कर दिया गया है। कारगिल बलिदानियों के परिवारों को पूरी सुविधाएं मुहैया करवाना और उनके परिवारों को नौकरी दिलवाने के लिए सैनिक बोर्ड पूरा सहयोग करता है।



### शहीद अश्वनी कुमार

**झंडूता** उपमंडल के जेजवीं गांव के सेना मेडल नायक बलिदानी अश्वनी मिार के नाम पर एक पेट्रोल पंप दिया गया है। वहीं, सरकार ने झंडूता स्कूल का नाम भी शहीद अश्वनी कुमार के नाम पर रखा है। उन्हें मरणोपरांत पूरा मान-सम्मान सरकार द्वारा दिया गया। वहीं, झंडूता से एसडीएम मुख्यालय आनंदघाट तक सड़क का नाम भी शहीद अश्वनी स्मारक रखा गया है।



### शहीद मंगल सिंह

**बलिदानी** मंगल सिंह झंडूता उपमंडल के कोठी गांव के रहने वाले थे। इनके परिवार से भी कोई भी सदस्य सेना में नहीं है। पिता प्रेम सिंह का कहना है कि सरकार द्वारा उन्हें विश्वास दिलाया गया था कि मंगल सिंह का एक पुतला बनाया जाएगा, लेकिन वह आज तक नहीं बना।



### शहीद राज कुमार

**कारगिल** युद्ध में हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के शहीद हवलदार राजकुमार वशिष्ठ ने 11 जुलाई 1999 को बटालिक सेक्टर के घनासक क्षेत्र में अपनी जान की परवाह किए बिना दुश्मनों की भारी गोलाबारी और तोपखानों के बीच अपने साथियों तक हथियार और गोले पहुंचाए थे। उनकी इस वीरता के कारण ही भारतीय सेना दुश्मनों को खदेड़ने में सफल रही। 11 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में उन्होंने बटालिक सेक्टर में दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया और वीरगति को प्राप्त हुए।



# सूरमाओं की शहादत से बची है हमारी आजादी

## मंडी जिले में अधिकतर मांगें हो गई हैं पूरी

### टाइगर हिल के लिए लगा दी जान की बाजी

**कारगिल** की टाइगर हिल को दुश्मनों से बचाने के लिए भारतीय सेना द्वारा छेड़े गए अभियान में नायब सूबेदार खेमचंद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और दुश्मन के ऊपर ताबड़तोड़ गोलाबारी की। इस दौरान नायब सूबेदार खेमचंद को गोली लग गई, जिससे वह 1 जुलाई रात के समय शहीद हो गए थे।



नायब सूबेदार खेमचंद साईगलू, कोटली

**हो गई मांग पूरी:** सीनियर सेकेंडरी स्कूल साईगलू का नाम सूबेदार खेमचंद के नाम पर रखा गया है तथा स्कूल में शहीद स्मारक भी बना हुआ है और घर के पास सड़क भी बना दी गई है।

### हंसते-हंसते पी लिया शहादत का जाम

**हवलदार** कृष्ण चंद अपनी यूनिट के साथ टाइगर हिल को दुश्मनों से आजाद करवाने के लिए मोर्चा संभाले हुए थे। दोनों तरफ से भयंकर गोलाबारी हो रही थी, कृष्ण चंद और उनकी यूनिट दुश्मन से लोहा ले रही थी कि इस दौरान 5 जुलाई को कृष्ण चंद गोलियों का शिकार हो गए और देश की खातिर शहादत का जाम हंसते-हंसते पी लिया।



हवलदार कृष्ण चंद, रामनगर, मंडी

**इस बात का है मलाल:** पड्डुल मैदान का नाम शहीद कृष्ण चंद के नाम से रखा गया है और यहां एक बोर्ड भी लगा है, लेकिन पड्डुल अभी पड्डुल के ही नाम से जाना जाता है।

### भर्ती होने के 4 साल बाद पाई शहादत

**सेना** में भर्ती होने के महज 4 साल बाद ही सिपाही राजेश कुमार देश पर कुर्बान हो गए। राजेश चौहान 26 अप्रैल 1995 को सेना में भर्ती हुए थे। कारगिल युद्ध में राजेश चौहान पूरी वीरता से लड़ते रहे और दुश्मन के दांत खट्टे करते-करते अंत में 3 जून को शहीद हो गए। बहुत दिनों से घर न आने पर परिजन इनकी राह ताक रहे थे।

**हो गई मांग पूरी:** कारगिल दिवस पर धनोटू चौक पर राजेश कुमार की प्रतिमा स्थापित की गई है। कई वर्ष बीतने के बाद यह मांग पूरी हो गई।



सिपाही राजेश कुमार धनोटू, महादेव

### तोलोलिंग के लिए प्राणों की आहुति

सुंदरनगर के धनेश्वरी के सिपाही नरेश कुमार को सेना में भर्ती हुए मात्र 3 वर्ष ही हुए थे कि कारगिल युद्ध छिड़ गया। नरेश कुमार तोलोलिंग पहाड़ी को दुश्मन से छुड़ाने के लिए आगे बढ़ रहे थे कि दुश्मन की तोपों के गोले इनकी राह रोक रहे थे, लेकिन नरेश कुमार फिर ही आगे बढ़ते गए और देश के लिए 13 जून को अपने प्राणों की आहुति दे दी।



सिपाही नरेश कुमार, धनेश्वरी, सुंदरनगर

**चौक का नाम नरेश चौकः** शहीद नरेश चौक पर प्रतिमा स्थापित होने के साथ-साथ चौक का नाम भी नरेश चौक रखा गया है।

### शहादत देने वाले एकमात्र सैन्य अधिकारी

**मंडी** जिले के एकमात्र सैन्य अधिकारी कैप्टन दीपक गुलेरिया ने कारगिल युद्ध में शहादत पाकर तिरंगे को झुकने नहीं दिया। दीपक गुलेरिया ने लॉ पास करने के बाद देश सेवा को चुना और सेना में भर्ती हो गए। दीपक गुलेरिया बास्केटबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी भी रहे। देश की रक्षा करते हुए 18 जून को दुश्मन से लड़ते हुए शहीद हो गए।



कैप्टन दीपक गुलेरिया चोलथरा, सरकाघाट

**स्कूल उनके नाम पर:** शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया के नाम से चोलथरा के नाम से स्कूल का नाम दीपक गुलेरिया मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रखा गया है।

## शहीद नायक कल्याण सिंह के परिजनों ने उठाई मांग

# शिलाई क्षेत्र में बने शहीद स्मारक

**देशवासियों** के लिए गर्व का क्षण था जब कारगिल युद्ध में हमारे बहादुर सैनिकों ने देश की आन बान शान के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर शहादत का जाम पिया। शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को सदियों तक याद रखने के लिए हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। विजय दिवस पर जिला सिरमौर के कारगिल युद्ध के रणबांकुरे और नायक शहीद कल्याण सिंह के बलिदान को भी हमेशा याद रखा जाएगा।



कारगिल शहीद नायक कल्याण सिंह।

शहादत के 26 वर्ष बीत जाने के उपरांत परिजनों की स्मृतियां आज भी ताजा हैं। सरकार ने उनके नाम पर स्थानीय विद्यालय का नाम शहीद कल्याण सिंह रखा और परिवार को शिलाई क्षेत्र में शहीद कल्याण सिंह गैस एजेंसी दी प्रदान की है तो वहीं, परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी भी प्रदान की है, परंतु परिजनों की दशकों बाद भी एक महत्वपूर्ण मांग अभी भी अधूरी है। परिजनों की मांग है कि शिलाई के मुख्य बाजार चौक कारगिल युद्ध के नायक शहीद कल्याण सिंह स्मारक बने, ताकि आने वाली युवा पीढ़ी देश की सैनिकों के शौर्य और साहस को याद रख सके।



शहीद नायक कल्याण सिंह की प्रतिमा और माता के साथ बेटा मार्किक।

शिलाई बाजार में कारगिल युद्ध के नायक शहीद कल्याण सिंह सहित साथ-साथ जितने भी अभी तक शिलाई क्षेत्र में भारत माता की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं उनके नाम से भव्य एवं सुंदर शहीद स्मारक का निर्माण किया जाए। इस मांग को अनेकों बार परिजनों एवं स्थानीय संस्थाओं और समाजसेवियों ने सरकार प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष मांग उठाई है, पर अभी तक कोई भी शहीद स्मारक निर्माण पर सरकार की तरफ से कोई पहल नहीं हुई है। परिजनों एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों का यह भी तर्क है कि शहीद स्मारक बनने से कहीं न कहीं युवाओं में अपने देश के प्रति सेवा भाव और उन सभी शहीद सैनिकों की वीरगाथाएं देखने एवं सुनने को मिलेंगी जिनके बदौलत हम अपने घरों में अमन-चैन की सांस ले पाते हैं। इस प्रकार कारगिल विजय दिवस पर हम सभी उन सभी बहादुर सैनिकों को शत् शत् नमन करते है जिन्होंने देश के खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

**प्रस्तुतिः मोहन चौहान/ हेमराज राणा**

## शहीद पूर्ण चंद के गांव तक सरकार ने नहीं, ग्रामीणों ने श्रमदान से खुद बनाई सड़क

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** शहीद पूर्ण चंद के गांव दारन के लिए सरकार ने सड़क बनाने का वादा किया था तथा जिस स्कूल ने शहीद पूर्ण चंद को भारतीय सेना में जाने का काबिल बनाया उस स्कूल का नाम शहीद पूर्ण के नाम से रखने का आश्वासन दिया था, ताकि आने वाली युवा पीढ़ी को राष्ट्र सेवा में समर्पित होने की प्रेरणा मिल सके। हैरत की बात है कि आज पूरे 26 वर्ष गुजर चुके हैं। शहीद के माता पिता, भाई-बहन सब उनकी यादों के सहारे जीवन-यापन कर रहे हैं और उनकी देश के लिए कुर्बानी को अपनी हिम्मत मान कर अपने गांव दारन तक अपने पैसों और स्थानीय लोगों के श्रमदान से 5 किलोमीटर सरोआ-दारन सड़क का निर्माण किया है, मगर सरोआ स्कूल का नामकरण सरकार ने करना है जो अभी भी फाइलों की पर्चों में बंधा हुआ है। यदि देश के शहीदों के साथ ऐसा होता है तो आम लोगों के साथ क्या होता होगा?

दारन गांव में हर वर्ष शहीद पूर्ण चंद की प्रतिमा पर परिवार के साथ स्थानीय लोग पुष्पांजलि अर्पित करते हैं और युवक मंडल व महिला मंडलों द्वारा विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। वॉलीबाल, कबड्डी और क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है। शहीद के परिवार द्वारा लंगर की व्यवस्था की जाती है। इस दिन को राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाया जाता है।

# सौरभ कालिया के परिवार को आज तक नहीं मिला न्याय

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** कारगिल युद्ध में कांगड़ा जिले के पालमपुर के शहीद सौरभ कालिया के परिवार को आज तक न्याय नहीं मिला पाया। सौरभ कालिया के पिता नरेंद्र कुमार कालिया ने बताया कि हमें और कुछ नहीं चाहिए सिर्फ कारगिल युद्ध में सौरभ और उसके साथ पेट्रोलिंग पर गए जवानों के साथ जो पाकिस्तान आर्मी ने दरिंदगी दिखाई थी इस मामले को इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस तक ले जाया जाए तथा पाकिस्तान पर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि यह हमारे बेटे या उनके साथ गए साथियों को न्याय दिलाने की बात नहीं है। हम चाहते हैं कि पाकिस्तान की इस दरिंदगी को बेनकाब किया जाए, ताकि भविष्य में पाकिस्तान किसी भी आर्मी जवान के साथ ऐसी क्रूरता न करे जैसे हमारे बेटे के साथ की है। उन्होंने नम आंखों से कहा कि जब बेटे के शहीद होने की खबर मिली थी तब वो आईएचबीटी पालमपुर में सीनियर साइंटिस्ट के पद पर कार्यरत थे। जनवरी 1999 में, सौरभ की तैनाती कारगिल सेक्टर में हुई। मई 1999 में उन्हें और उनके दल को पाकिस्तानी सैनिकों ने बंदी बना लिया था। लगभग तीन सप्ताह तक पाकिस्तानी सेना द्वारा अमानवीय यातनाएं देने के बाद, 9 जून 1999 को उनका शव को भारत को सौंपा गया। पाकिस्तान ने जो यातनाएं दी थी वो सरेआम युद्ध के नियमों का उल्लंघन था। उन्होंने कहा कि हमने न्याय के लिए काफी संघर्ष किया है। ह्यूमन राइट कमीशन, भारत सरकार और सेना के न जाने कितने चक्कर काट चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई न्याय नहीं मिल पाया है, फिलहाल मामला सुप्रीम कोर्ट में है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमें आज तक जो दिया है उसे हमने मानव भलाई के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया है। पालमपुर में ही सौरभ कालिया नर्सिंग कॉलेज, ढाड में शहीद सौरभ कालिया हॉस्पिटल व पालमपुर में सौरभ वन विहार उनकी स्मृति को समर्पित है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में शहीद सौरभ कालिया के नाम पर हमारी पहचान बनी है। जब तक जिंदा हूं, तब तक इंसाफ की कोशिश करता रहूंगा।



शहीद कैप्टन सौरभ कालिया

**पिता एनके कालिया बोले-जब तक जिंदा हूं, तब तक इंसाफ की मांग करता रहूंगा**

# हिमाचल के जांबाज मेहर सिंह का गुजरात में सम्मान

**शौर्यगाथा का उत्सव**

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** देश की आन-बान-शान के लिए कारगिल युद्ध में अपनी एक बाजू गंवाने वाले हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के लोहारी गांव के जांबाज हवलदार (सेवानिवृत्त) मेहर सिंह आज भी देशभक्ति और साहस की मिसाल बने हुए हैं। उनकी वीरता की गाथा आज न केवल हिमाचल, बल्कि पूरे देश में गर्व के साथ सुनाई जाती है। इस बार कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उन्हें खासतौर पर गुजरात के सूरत में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया, जहां देश के विभिन्न हिस्सों से आए युद्धवीरों को भी आमंत्रित किया गया था।





मेहर सिंह इन दिनों सूरत के पास उमइया माता मंदिर में ठहरे हुए हैं। वह बताते हैं कि इस आयोजन में कारगिल युद्ध सहित विभिन्न युद्धों में भाग ले चुके सैनिकों ने अपनी वीर गाथाएं साझा कीं और देशभक्ति की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया। खासकर बच्चों और युवाओं में देश प्रेम और सेना के प्रति सम्मान जगाने के लिए यह आयोजन अत्यंत प्रभावशाली रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे मौकों पर जब देश के लिए लड़ने वाले जांबाज एक मंच पर मिलते हैं, तो एक-दूसरे की कहानियों से हौसला भी बढ़ता है और गौरव की अनुभूति होती है।

**कारगिल हीरो मेहर सिंह बने प्रेरणा स्रोत**

### ...जब वसुंधरा राजे ने की बहादुरी की सराहना

**कारगिल** युद्ध के बाद जब मेहर सिंह का इलाज दिल्ली और मुंबई में चल रहा था, उस समय पूर्व केंद्रीय मंत्री वसुंधरा राजे ने भी उनकी बहादुरी की खुलकर सराहना की थी। उनकी वीरता की कहानी बॉलीवुड तक भी पहुंची। कारगिल युद्ध पर बनी प्रसिद्ध फिल्म एलओसी में एक किरदार मेहर सिंह पर आधारित था, जिसमें संजय दत्त, सुनील शेट्टी जैसे बड़े कलाकारों ने अभिनय किया। फिल्म के एक दृश्य में बास्केटबॉल खेलते हुए 'मेहर सिंह' का उल्लेख किया गया, जो युद्ध के तनाव के बीच सैनिकों के जीवंत जज्बे को दर्शाता है। शुक्रवार को हुए भव्य समारोह में मेहर सिंह को उनकी पत्नी के साथ सम्मानित किया गया। दिनभर तीन-चार कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें पूर्व सैनिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। यह आयोजन न केवल उनका सम्मान था, बल्कि पूरे हिमाचल और भारतीय सेना की शौर्यगाथा का उत्सव भी बना।

### देश के लिए कुर्बान की एक बाजू

**कारगिल** युद्ध में वीरता का परिचय देते हुए हवलदार (सेवानिवृत्त) मेहर सिंह ने अपनी एक बाजू देश के लिए कुर्बान कर दी। 13 जैक राइफल की ब्रावो कंपनी में कैप्टन जम्वाल की अगुवाई में वे पॉइंट 5140 को फतह करने निकले थे, जब 19 जून 1999 की रात पाकिस्तानी सेना ने जबरदस्त बमबारी शुरू कर दी। एक बम का टुकड़ा मेहर सिंह की दाहिनी बाजू पर लगा, जिससे वह अलग हो गई। अत्यंत घायल अवस्था में भी वे चार दिन तक छिपते हुए केवल रात को नीचे उतरने की कोशिश करते रहे। उन्हें श्रीनगर, फिर दिल्ली और अंत में मुंबई ले जाया गया, जहां लंबा इलाज चला। वे बताते हैं कि युद्ध से पहले तोलोलिंग में उनकी पहली ब्रीफिंग कैप्टन विक्रम बत्रा के साथ हुई थी। तोलोलिंग और नैव चोटी को फतह करने के बाद उन्हें 5140 पर चढ़ाई का आदेश मिला था। नेशनल बास्केटबॉल खिलाड़ी रहे मेहर सिंह अब युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल प्रतियोगिताएं कराते हैं और सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करते हैं। उनका जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

## न्यूज ब्रीफ

### केवल पठानिया ने मुख्यमंत्री को सौंपा 1.50 लाख का चेक



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 1.50 लाख का सहयोग राशि भेंट की। यह राशि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की ओर से मुख्यमंत्री सुक्खू को चेक के रूप में सौंपी गई। इस अवसर पर विधायक पठानिया ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सभी को एकजुट होकर पीड़ितों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे स्वेच्छा से योगदान देकर मानवीय सहयोग की इस श्रृंखला को सशक्त करें।

### पेंशनर्स की देनदारियों का भुगतान करे सरकार : कृष्ण

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण सरुप शर्मा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि प्रदेश के हजारों पेंशनर्स की देनदारियों का जल्द भुगतान करें। उन्होंने कहा कि जो पेंशनर जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं उनको केवल सरकार से सेवानिवृत्त पेंशन का 20 फीसदी लाभ ही मिला है, जबकि 80 फीसदी बकाया अभी लंबित है, इस बारे में हिमाचल प्रदेश सरकार कोई भी कदम नहीं उठाया है, जिसके चलते पेंशनर्स, सरकार से खफा हैं। पेंशनर्स की मांगों को लेकर संघ कई बार मुख्यमंत्री तथा सरकार के उच्च अधिकारियों से कई बार भेंट करके इस मांग को उठा चुका है, परंतु सरकार की तरफ से इस मांग को अनदेखा किया जा रहा है।

### प्राचीन शिव मंदिर दधोना सांबा में श्री शिव पुराण कथा 4 से

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** प्राचीन शिव मंदिर कमेटी दधोना सांबा की ओर से 9 दिवसीय श्री शिव पुराण कथा का आयोजन 4 से लेकर 12 अगस्त तक प्राचीन शिव मंदिर दधोना सांबा डाकघर कौना तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा में बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। कथावाचक शास्त्री अश्विनी शर्मा हमीरपुर वाले अपने मधुर वचनों से संगत पर अमृत वर्षा करेंगे। कथा श्रवण करने का समय दोपहर 12:30 से लेकर सायं 03:30 तक रहेगा। कथा के प्रारंभिक दिन 4 अगस्त को सुबह 08:30 से लेकर 9:30 बजे तक गणपति स्थापना होगी। प्रतिदिन सायं 8 से लेकर 9 बजे तक भजन, संकीर्तन व आरती का समय रहेगा। अंतिम दिन 12 अगस्त को सुबह 7 से 8 बजे तक मूल पाठ होगा। पूर्णाहुति दोपहर 11 बजे दी जाएगी। इसी दिन दोपहर को भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।

### शिविर में जांचा 34 मरीजों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, गरली।** ग्राम पंचायत कौलापुर के गांव जटोली चाकरा में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एमओ डॉक्टर विजय जरियाल के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में कुल 34 मरीजों की स्वास्थ्य जांच और लैब टेस्ट किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में यह पहल स्थानीय लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुई। जांच के दौरान 8 मरीज हड्डी रोग से पीड़ित, 9 शुगर के मरीज, 5 बीपी के मरीज, 1 स्त्री रोगी और 11 सामान्य रोगों के मरीज पाए गए। डॉक्टरों ने मरीजों को उचित खानपान, रहन-सहन और जीवनशैली सुधारने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। लोगों का कहना था कि सांसद द्वारा मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत ने ग्रामीण इलाकों में सुविधाओं की कमी को काफी हद तक पूरा किया है।



# पेंशन नियम संशोधन के विरोध में उतरे डाक पेंशनर्स

## आठवें वेतन आयोग की घोषणा के बावजूद नहीं हुआ गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पेंशन नियमों में संशोधन के विरोध में शुक्रवार को धर्मशाला में प्रदर्शन करते डाक पेंशनर्स।

जिला मुख्यालय धर्मशाला में शुक्रवार को डाक पेंशनर्स ने केंद्र सरकार पर हल्ला बोला। पेंशनर्स ने पेंशन नियमों के संशोधन के विरोध में आवाज बुलंद करते हुए कहा कि आठवें वेतन आयोग की घोषणा तो चुनावी बेला के दृष्टिगत कर दी थी, लेकिन अभी तक आयोग का गठन नहीं हो पाया है।

आल इंडिया पोस्टल एंड आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वित्त बिल 2025 के माध्यम से वैद्यता के नाम पर जो पेंशन नियमों में संशोधन बजट सत्र में संसद द्वारा किया गया है, के विरोध में हमें आज सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में चुनावों के चलते केंद्र सरकार ने पेंशनर्स व कर्मियों को ठगने के लिए आठवें वेतन आयोग की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक इसका गठन नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बिल के आधार पर पुराने व नए पेंशनर्स की पेंशन में सेवानिवृत्ति वर्ष के आधार पर भिन्नता का अधिकार प्राप्त कर लिया है, जो कि अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से मांग की जाती है कि वित्त बिल संशोधन 2025 को वापिस लिया जाए तथा आठवें वित्त आयोग का जल्द गठन किया जाए, जिससे कि पेंशनर्स में पनपी भ्रांतियां व संशय समाप्त हो सके।

## मछली पकड़ने पर प्रतिबंध के बावजूद नहीं मान रहे लोग

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी,फतेहपुर।** प्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट (मछली पकड़ने) पर दो महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध मत्स्य पालन विभाग द्वारा लगाया गया है और इसका उद्देश्य मछली प्रजनन के मौसम में मछली प्रजातियों की रक्षा करना है। इस दौरान मछली पकड़ना, परिवहन करना और बेचना गैरकानूनी है।

मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक पौंग बांध एसके बभौरिया ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत पौंग झील में मत्स्य प्रजनन का सीजन होने के चलते 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लगा हुआ है तथा मछली का अवैध शिकार रोकने के लिए विभागीय टीमों द्वारा दिन-रात झील में पहरा दिया जा रहा है। एसके बभौरिया ने बताया कि 15 जुलाई तक इस एक माह में 92 मामले अवैध शिकार के पकड़ कर 83 हजार 100 रुपए जुर्मना वसूला गया है। बंद सीजन में पंजीकृत मछुआरों को भी अनुमति लेनी होती है।

## नशा तस्करों की पूछताछ पर महिला तस्कर पंजाब से काबू

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई महिला आरोपी।

**इंदौरा।** पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए पकड़े गए नशा तस्करों की निशानदेही पर महिला नशा तस्कर को उसके घर से पकड़ने में कामयाबी हासिल की है।

जानकारी देते हुए एसपी अशोक रतन ने बताया कि पुलिस थाना फतेहपुर के अधीन मुकाम खटियाड़ में नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार अभय पठानिया पुत्र अजय सिंह व रोहित सिंह पुत्र रछपाल सिंह दोनों निवासी गांव मिनता व डा. नरखूंह, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा के कब्जे से 8.14 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की थी। जिस पर आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ थाना फतेहपुर में मामला दर्ज किया था। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों से की गई पूछताछ व तथ्यों की जांच से यह पाया गया कि इस मामले में अन्य लोग भी शामिल है। जिनकी तलाश जिला पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर की जा रही थी।

जिला पुलिस द्वारा एक अन्य आरोपी महिला परमजीत कौर पत्नी सुखदेव सिंह गांव हमीरा, डा. सुभानपुर, जिला कपूरथला, पंजाब को इसके घर गांव हमीरा से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उपरोक्त मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## आषिता आचार्य को मिला राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



हिमाचल की बेटी आषिता आचार्य ने राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार जीत कर देश भर में प्रदेश का मान बढ़ाया है। गाइड कैटागिरी में देशभर के 30 स्टूडेंटस में प्रदेश की बेटी ने जगह बनाकर यह यह पुरस्कार जीतने वाली इकलौती बेटी होने का गौरव प्राप्त किया है। नगरोटा बगवां की रहने वाली आषिता आचार्य की इस उपलब्धि पर उसे शुक्रवार को उपनिदेशक उच्च शिक्षा ने अपने कार्यालय में सम्माानित किया। इस दौरान बेटी के माता-पिता भी मौजूद रहे, जो कि बेटी की उपलब्धि पर खुशी से फूले नहीं समा रहे थे।

राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार विजेता आषिता आचार्य ने कहा कि मैंने जो सपना देखा था, वो पूरा हुआ है। बकौल आषिता वे स्काउटिंग से वर्ष 2013 में जुड़ी थी, इसके बाद जो अलग-अलग स्टेप रहते हैं, जिसके तहत स्टेट का उच्च पुरस्कार गवर्नर अवार्ड मैंने वर्ष 2016 में पूरा किया था। उसके बाद लगातार प्रयासों के बाद मुझे राष्ट्रपति गाइड पुरस्कार के रूप में सफलता है। वर्तमान में आषिता एक एनजीओ में इंटर्नशिप कर रही हैं, इसके बाद पीएचडी करके वे समाजसेवा में आगे बढ़ना चाहती हैं। उपनिदेशक उच्च शिक्षा जिलाा कांगड़ा विकास महाजन ने कहा कि आषिता ने पुरस्कार जीतकर बच्चों के लिए संदेश दिया है कि मेहनत के दम पर हर मुकाम पाया जा सकता है।

## घर से नकदी और सोने के जेवरात चोरी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब हिमाचल सीमा पर स्थित पुलिस थाना नंगलभूर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर चोरी की घटना सामने आई है। जहां घर से करीब लाखों रुपए का सोना और नकदी चोरी हो गई है। नंगलभूर निवासी पीड़ित सुशील सिंह ने कहा कि वे पति-पत्नी नौकरी करते हैं और रोजाना की भांति आज सुबह 7 बजे घर से ड्यूटी पर चले गए है।

जब ड्यूटी से 4 बजे घर वापस आए तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। जब उनकी ओर से घर की तलाशी ली गई तो पता चला कि अज्ञात चोर घर में ग्रिल तोड़कर दोपहर के समय दाखिल हुए और घर में पड़ी 10 हजार रुपए नकदी और 15 तोले सोने के जेवरात चोरी करके ले गए है। इस घटना की सूचना मिलते ही थाना नंगलभूर की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और पीड़ित के बयान दर्ज करके पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## छात्रा तानिया ने स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक



स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप में विजेता तानिया व अन्य अध्यापकों के साथ।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विजय मेमोरियल स्कूल इंदौरा की छात्रा तानिया ने स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इस प्रतियोगिता में अंडर-17 गर्ल्स ब्रैस्ट स्ट्रोक इवेंट में विजय मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, इंदौरा की होनहार छात्रा तानिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल (कांस्य पदक) जीतकर स्कूल व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।

शौर्य गुप्ता ने ब्रेस्टस्ट्रोक अंडर 12 में चौथा स्थान, दीपशिखा ने फ्रीस्टाइल अंडर 14 मे चौथा स्थान, रुद्र प्रताप ने फ्रीस्टाइल अंडर 17 में चौथा स्थान वह आरुषि ने फ्रीस्टाइल अंडर 17 में पांचवा स्थान ग्रहण किया।

तानिया की यह उल्लेखनीय सफलता उनके कठिन परिश्रम के साथ-साथ विजय मेमोरियल स्कूल की आधुनिक खेल सुविधाओं और प्रशिक्षित कोचिंग स्टाफ का प्रतिफल है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने तानिया को बधाई दी। स्कूल निदेशक इंजीनियर सचिन शर्मा ने कहा कि विजेम मेमोरियल स्कूल का उद्देश्य हर बच्चे को उसकी प्रतिभा के अनुसार उचित मंच देना है।


## जॉब ट्रेनी पॉलिसी से संकट में युवाओं का भविष्य : निशुल सूद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राज्य सरकार द्वारा लागू की गई जॉब ट्रेनी पॉलिसी को लेकर भाजपा युवा मोर्चा नगरोटा कड़ा विरोध किया है। इस नीति के माध्यम से सरकार युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा कर रही है । युवा मोर्चा पदाधिकारी निशुल सूद ने कहा कि पहले सरकार हर साल 2 लाख सरकारी नौकरियों की बात कर रही थी अब दूसरी तारफ नौकरी के नाम पर युवाओं का शोषण कर रही है ।

इस तरीके से सरकार जॉब ट्रेनी पॉलिसी से युवाओं का भविष्य असुरक्षित कर रही है । युवा मोर्चा ने बताया कि सरकार युवाओं पर आर्थिक और मानसिक तनाव डाल रही है राज्य में युवाओं के साथ इस धोखाधड़ी को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। युवाओं से परीक्षाओं के नाम पर बार बार शुल्क वसूले जा रहे हैं अगर सरकार ने ये नीति वापस नहीं ली तो सभी युवा साथी सडक़ से लेकर सदन तक आंदोलन करने को तैयार होंगे।




# सिरमौर जिले में प्राकृतिक खेती से तैयार होगा जिमीकंद



**आत्मा** परियोजना के तहत जिला सिरमौर में जिमीकंद की पैदावार को बढ़ावा दिया गया है। जिमीकंद एक बहुवर्षीय भूमिगत सब्जी के लिए जाना जाता है। सिरमौर जिला में नाहन, पांवटा ,संगड़ाह आदि क्षेत्रों में अधिकतर उगाया जाता है। जिमीकंद प्राय 2 से 3 वर्ष में तैयार होता है जोकि बाजारों में अच्छे दामों में बिकता है। लेकिन अब प्राकृतिक खेती के तहत आत्मा परियोजना ने गजेंद्र नामक जिमीकंद बीज का प्रयोग शुरू किया है जोकि 5 से 6 महीने में तैयार हो जाता है और इसके दाम भी बेहतर मिलते हैं। इस खेती में जीवामृत व् खट्टी लस्सी का प्रयोग छिड़काव हेतु किया जाता है। नाहन के भेड़ी वाला ग्राम में सोमीनाथ किसान के यहां इसको लगाया गया है। जून में लगाए ये जिमीकंद बड़े अच्छे से विकसित हो रहे हैं और लगातार आत्मा परियोजना के अधिकारी इस खेती की निरीक्षण भी कर रहे हैं।

आत्मा परियोजना के परियोजना निदेशक डॉ. साहेब सिंह ने बताया कि जिमीकंद सिरमौर में काफी मात्रा में उगाया जाता है लेकिन यह फसल इन्हे 2 से 3 वर्ष में मिलती है अब गजेंद्र किस्म को यहां पर प्राकृतिक खेती के तहत लगाया जा रहा है और यह फसल 5 से 6 महीनो में तैयार हो जाएगी और किसानों को अच्छे दाम भी मिल सकेंगे।**-प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान।**



### जिमीकंद से किसान कर सकते हैं अच्छी आमदनी

**आत्मा** परियोजना प्रोजेक्ट निदेशक डॉ. साहेब सिंह ने बताया कि जिमीकंद सिरमौर के किसानों की आर्थिकी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है इसलिए अब गजेंद्र जिमीकंद को यहां किसानों को दिया गया है ताकि वो इसको लगाकर अच्छी आमदनी कमा सकें। पुराने जिमीकंद बीज जोकि 2 से 3 वर्ष में तैयार होते थे यह लगभग 6 महीने में तैयार हो जाता है व मार्केट में दाम भी अच्छे मिलते हैं। इसकी वैल्यू एडिशन भी किया जा सकता है व इसके पत्तों, डंठल इत्यादि से कई उत्पाद बनाए जा सकते हैं। जल्द ही इसके लिएभी इन्हें प्रशिक्षण दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि सिरमौर में जिमीकंद बहुत मात्रा में पैदा होता है अब इस नई किस्म व प्राकृतिक खेती से तैयार होने वाले जिमीकंद से किसानों की आमदनी बढ़ेगी व उनका आर्थिक विकास भी होगा।

### प्राकृतिक तरीके से जिमीकंद की खेती करने से हो रही अच्छी फसल

**किसान** सोमीनाथ ने बताया कि इस बार वो प्राकृतिक खेती के तहत जिमीकंद की खेती कर रहे हैं और अच्छी फसल भी हो रही है। प्राकृतिक खेती में वो लोग इसमें जीवामृत इत्यादि का प्रयोग कर रहे हैं। किसान रीता ने बताया कि परियोजना के तहत इस बार वो प्राकृतिक खेती के अंतर्गत जिमीकंद लगा रहे हैं और इसमें कोई रासायनिक खाद नहीं बल्कि जीवामृत, खट्टी लस्सी का किट रोधक के रूप में प्रयोग कर रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि फसल अच्छी होगी व उनकी आमदनी बढ़ेगी। आत्मा परियोजना की डिप्टी परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिमीकंद में अनेक औषधीय गुण होते हैं, इसमें ऑग्जेलिक एसिड कम होता है। इसके इलावा विटामिन सी, बी 6, पोटाशियम, मैग्नीशियम होता है जोकि कोलेस्ट्रॉल को कम करते हैं। साथ ही इसका पाचन फाइबर भी लाभप्रद होता है। दूसरे इसके डंठल से लड्डू ,बड़ियां बनाए जा सकते हैं व पत्तों से पतोड़े भी बनाए जाते हैं। दूसरे बंदर भी इस फसल से दूर रहते हैं। बाजारों में इसके दाम 100 से 150 प्रति किलो रहते हैं। जिससे लाभ किसान को मिलता है।

**आत्मा परियोजना के तहत गजेंद्र नामक जिमीकंद बीज का सफल प्रयोग**

# मक्की की फसल में फॉल आर्मीवर्म (कीट)

**उत्पत्ति :** अमेरिका के उष्णकटिबंधीय और उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों से।
**भारत में फैलाव :** पहली बार मई 2018 में कर्नाटक (शिवमोगा जिला) के मक्का खेतों में रिपोर्ट हुआ।
**प्रथम रिपोर्ट (हिमाचल में):** अगस्त 2019 में सोलन ज़िले के बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र में मक्का की फसल में फॉल आर्मी वर्म का संक्रमण देखा गया।

| विकास चरण | लक्षण |
|---|---|
| प्रारंभिक अंकुरण अवस्था Early Seedling Stage | पत्तियों पर छेद या 'छोटे प्रबंधन पैच' दिखाई देना। पत्तियों पर झुंड में कीटों का हमला। कमजोर पौधे जो सूख जाते हैं। |
| व्हॉर्ल अवस्था Whorl Stage | पत्तियों में छेद, अनियमित किनारे वाले छेद। कीटों की गंदगी दिखाई देती है। कीट मुख्य रूप से गहराई में छिपे रहते हैं। |
| शाकीय से मंजर अवस्था Vegetative to Tasseling Stage | कोमल पौधों का सूखना या मर जाना। मध्य पत्तियों में छेद। पत्तियों पर सफेद धारियां। पौधों की आकृति विकृत हो जाती है। |

**फॉल आर्मी वर्म (कीट) का प्रबंधन** **दवाइयां-Coragen/Benzo**

**इस** कीट के प्रकोप की तीव्रता / फसल में आर्थिक क्षति स्तर के आधार पर और सही समय पर तथा सही कीटनाशकों का उपयोग किया जाना चाहिए । कीट के प्रकोप के बढने के लिय अनुकूल मौसम होने की स्थिति में अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है इसलिए अग्रलिखित सारणी के अनुसार इस कीट का प्रबंधन करें ।

**कीट बढ़ोतरी**







### कीट की बढ़ोतरी के लिए अनुकूल जलवायु

फॉल आर्मी वर्म (कीट) को 25सी से 35सी तापमान और नमीयुक्त वातावरण पसंद होता है, विशेष रूप से मध्यम से भारी वर्षा वाले क्षेत्र।

यह कीट मक्का की शाकीय (*vegetative*) और प्रजनन (*reproductive*) अवस्थाओं में सबसे अधिक सक्रिय होता है। खुले खेतों में तेज हवा इसका फैलाव बढ़ा देती है।

कीट का जीवन चक्र लगभग 30 दिनों में पूरा हो जाता है एक मादा कीट पतों की निचली सतह पर 800 से 1000 अंडे देती है।



पत्तियों पर छोटे छेद | कीट द्वारा भोजन करना | पत्तियों का फटा हुआ रूप | पुष्पगुच्छ पर कीट का हमला

# उच्च मूल्य वाली फसलों के लिए फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना जरूरी

**यह** योजना हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी की सहायता से चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य राज्य में किसानों को पारंपरिक अनाज आधारित खेती से हटाकर अधिक लाभकारी, बाजारोन्मुख एवं उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर प्रेरित करना है। इसके अंतर्गत सिंचाई, बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षण और विपणन सुविधाओं का विकास किया जाता है। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन योजना के उद्देश्य उच्च मूल्य वाली फसलों के लिए स्थायी फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना।

किसानों की आय में वृद्धि, जिसके लिए उत्पादन संबंधी ढांचे, किसान सहायता और संस्थागत विकास किया जाएगा। वहीं बाजार विकास के माध्यम से किसानों की बिक्री शक्ति को सशक्त बनाना, ताकि हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में आर्थिक एवं सामाजिक विकास में योगदान दिया जा सके। खंड परियोजाना प्रबंधन इकाई ज्वाली के अंतर्गत 21 उप-परियोजनाओं का (हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन योजना) के तहत किया गया है। इन उपपरियोजनाओं की पहले ही तैयार की जा चुकी है। इन परियोजनाओं पर लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है।**-प्रस्तुति : अजय पाल, पालमपुर।**



### योजना के तहत किसानों को वितरित की जा रही मशीनरी

**एचपीसीडीपी** परियोजना के अंतर्गत उत्पादन प्रबंधन एवं मूल्य सृजन योजना किसानों की आय बढ़ाने और सतत कृषि व्यवसाय के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रभावी उपकरण है। इसका मुख्य उद्देश्य उच्च मांग वाले व्यावसायिक सब्जी फसलों की खेती को बढ़ावा देना और किसानों को विपणन योग्य अधिशेष उत्पादन करने में सहायता प्रदान करना है। इंदौरा ब्लॉक के समून गांव को पीएमवीआरपी स्थल के रूप में चयनित किया गया है। इसके अलावा, किसान सहायता घटक के तहत ट्रैक्टर, पावरवीडर, ब्रशकट्टर जैसी मशीनरी किसानों को वितरित की जा रही है।

> इन उपपरियोजनाओं में से 12 उप परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। शेष परियोजनाओं के निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किए जाएंगे। इन उपपरियोजनाओं के अंतर्गत लगभग 2,000 कृषक परिवार लाभान्वित होंगे और लगभग 853 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को शामिल किया जाएगा।
> **-लक्षित चौधरी खंड परियोजना प्रबंधक जवाली**

### ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का कार्यक्षेत्र

ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का कार्यक्षेत्र ज्वाली, इंदौरा, नूरपुर और फतेहपुर ब्लॉकों में फैला हुआ है। कुल 21 उप-परियोजनाओं के अंतर्गत निम्नलिखित सिंचाई योजनाएं शामिल हैं, जिनमें 8 प्रवाह सिंचाई योजनाए, 6 ट्यूबवेल सिंचाई योजनाएं, 7 लिफ्ट सिंचाई योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में कृषि उत्पादकता बढ़ाना और जल संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। इन उप-परियोजनाओं में से 12 उप-परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। शेष परियोजनाओं के निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किए जाएंगे।कसान सहायता घटक के अंतर्गत प्रत्येक उपपरियोजना के लिए एक किसान विकास समिति का गठन किया गया है। यह समिति पुनःस्थापित की जाने वाली सिंचाई सुविधाओं एवं सड़कों जैसे ग्राम स्तरीय बुनियादी ढांचे का संचालन एवं रखरखाव करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षकों की शक्ति को कम करने का संघ करेगा विरोध

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने रानीताल में मंथन किया। हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में रानीताल में आयोजित बैठक में प्रदेश कार्य परिषद के सदस्यों सहित प्रदेश संघर्ष समिति के अध्यक्ष और जिला कांगड़ा का शीर्ष नेतृत्व शामिल रहा। बैठक में 21 जुलाई को निदेशालय में समस्त शिक्षा संगठनों के साथ हुई शिक्षा निदेशक स्कूल शिक्षा और अतिरिक्त निदेशकों की बैठक पर मंथन किया गया। बैठक में कहा गया कि एक निदेशालय में सरकार व विभाग भले ही कोई भी निर्णय ले, लेकिन मुख्य शिक्षक, केंद्र मुख्य शिक्षक और खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी की किसी भी प्रकार की शक्ति को कम किए जाने या छीने जाने का प्राथमिक शिक्षक संघ कड़ा विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उचित स्थान तलाश कर 5 से 8 हजार अध्यापकों की महापंचायत इस विषय पर की जाएगी।

### कंडवाल में आज मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवस

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत कंडवाल में 26 जुलाई को जिला बीजेपी संगठन नूरपुर की ओर से कारगिल विजय दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज शिरकत करेंगे। यह जानकारी नूरपुर के बीजेपी विधायक रणवीर सिंह निक्का ने दी।

### कृषि विश्वविद्यालय की लापरवाही से अभ्यर्थी परेशान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की अव्यवस्था एक बार फिर उजागर हो गई है। 24 जुलाई को विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए एडमिशन पोर्टल खोलने की अधिसूचना जारी की, लेकिन दो दिन बीतने के बावजूद पोर्टल अब तक नहीं खोला गया है। इस गैरजिम्मेदाराना रवैये ने हजारों अभ्यर्थियों को असमंजस में डाल दिया है। एबीवीपी कृषि विश्वविद्यालय इकाई की अध्यक्ष शैफाली ठाकुर ने इस पूरे घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

### जॉब ट्रेनी पॉलिसी पर विरोध-प्रदर्शन का ऐलान

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** युवा शक्ति धर्मशाला द्वारा राज्य सरकार द्वारा लागू की गई जॉब ट्रेनी पॉलिसी का कड़ा विरोध करते हैं। यह नीति युवाओं के अधिकारों, रोजगार की सुरक्षा, और श्रम कानूनों के खिलाफ है। सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक राणा ने शुक्रवार को धर्मशाला में कहा कि युवाओं को स्थायी रोजगार की जगह अल्पकालिक और अस्थायी प्रशिक्षण के नाम पर कम वेतन पर रखा जा रहा है। इस नीति के जरिये श्रमिकों का शोषण करने का खुला अवसर दिया जा रहा है। युवाओं के भविष्य को असुरक्षित बनाते हुए उन्हें न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा और अन्य बुनियादी अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। यह नीति 'नौकरी दो' की मांग करने वाले युवाओं को भ्रमित और कमजोर करने की एक साजिश है।

### भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न

**अजय पाल,अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में भारतीय सशस्त्र बलों के 28 कर्मियों के लिए डेयरी, पोल्ट्री और मूल्यवर्धित डेयरी उत्पाद पर 16-सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। 7 अप्रैल, 2025 को शुरू हुए इस पाठ्यक्रम में भारतीय थलसेना और नौसेना से 8-8 और भारतीय वायु सेना से 12 कर्मियों ने भाग लिया। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एके पांडा समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। डॉ. पांडा ने पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा दिखाए गए अनुशासन और उत्साह की सराहना की। कुलपति प्रो. नवीन ने अपने विशेष संदेश में प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्रों में उद्यमिता तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही स्थायी आय और आत्मनिर्भरता की उनकी क्षमता पर प्रकाश डाला।

### बेटे के नशे से तंग आकर मां ने निगला जहर, मौत

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** नशे की लत ने एक और परिवार को तबाह कर दिया है। बेटे को नशे की लत थी और घर में परेशान करता था जिससे दुखी देख मां ने खाने में जहर डाल कर निगल लिया और मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने बेटे के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतका की पहचान 60 वर्षीय महिला मंजीत कौर पत्नी सुरिंद्र पाल सिंह निवासी बैंक कालोनी पठानकोट के रूप में हुई है। मृतका के पति सुरिंद्र पाल सिंह द्वारा पुलिस को दिया ब्यान में बताया कि उनका बेटा नशे का आदी है, जिसके चलते वह अक्सर पैसों के लिए घर पर झगड़ा करता रहता था, जिससे तंग आकर उसकी पत्नी ने खुद को खत्म कर लिया है।

### डूहक पंचायत में बांटे गए कपड़े के बैग

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** ग्राम पंचायत डूहक, तहसील धीरा में एकल उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को लेकर एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिल्पी बेक्टा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कांगड़ा) ने की। इस अवसर पर वरुण गुप्ता, क्षेत्रीय अधिकारी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धर्मशाला सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महिला मंडलों को प्लास्टिक एकत्र करने के लिए कपड़े के थैले वितरित किए गए।

### जवाहर नवोदय विद्यालय के पंजीकरण हेतु अनुरोध

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है जिसकी अंतिम तिथि 29 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि अत्यंत निकट है तथा अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में पंजीकरण का अवसर प्राप्त करें।

### 28 व 29 को टांडा रेंज में फायरिंग का अभ्यास

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त उपायुक्त, कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 28 व 29 जुलाई 2025 को सुबह 8 बजे से रात्री 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं।

### हारचक्कियां स्कूल में बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हारचक्कियां स्कूल में पिछले 24 मई से हिंदी, इंग्लिश, इतिहास, राजनीति शास्त्र विषय के प्रवक्ताओं को डेपुटेशन पर जीएसएसएस पदर लगा दिया है, जिस कारण कक्षा में पढ़ाई कर रहे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सोमवार से बुधवार के दिन इंग्लिश, हिंदी के पीरियड नहीं लगते हैं साथ ही इतिहास, राजनीति शास्त्र के वीरवार से शनिवार कक्षा नहीं लग पाती है। अभिभावकों ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का दावा करती है लेकिन हकीकत की धरा पर ऐसा नहीं हो पाता है। अभिभावकों ने कहा कि करीबन डेढ़ माह पहले स्कूल में कार्यरत 4 विषयों के प्रवक्ताओ को डेपुटेशन पर अन्य स्कूल भेजा जा रहा है जिस वजह बच्चों को प्रतिदिन पढ़ाई के लिए प्रवक्ता नहीं मिल रहे। अभिभावकों सहित एसएमसी प्रधान ने चेताया है कि अगर मानसून अवकाश के बाद स्कूल में डेपुटेशन पर भेजे गए 4 प्रवक्ताओं की नियमित नियुक्ति न हुई तो हम अपने बच्चों को स्कूल से निकलवा कर अन्य स्कूलों में ले जाएंगे।

---

### स्वास्थ्य मंत्री ने बड़ोह में किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त भवन का लोकार्पण

# 14 पंचायतों के लोगों को मिलेगी स्वास्थ्य सेवाएं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



अतिरिक्त भवन का उद्घाटन करते धनीराम शांडिल व अन्य।

प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह बात स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल (डॉ.) धनीराम शांडिल ने शुक्रवार को नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के बड़ोह में 6 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त भवन का उद्घाटन करने के उपरांत कही।

स्वास्थ्य केंद्र अतिरिक्त भवन बनने से क्षेत्र की 14 पंचायतों के लगभग 22 हजार लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। इस केंद्र में लगभग 30 बिस्तरों की सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही प्रसव कक्ष (लेबर रूम) की सुविधा भी सुनिश्चित की गई है, जिससे गर्भवती महिलाओं को समय पर और बेहतर चिकित्सा सेवा मिल सकेगी।

उन्होंने बताया कि इस अतिरिक्त भवन के बनने से अब बड़ोह क्षेत्र के नागरिकों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर आरएस बाली ने कहा कि बड़ोह क्षेत्र में आम जनता की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बड़ोह बस स्टैंड से लेकर बड़ोह बाजार तक सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी।

**बड़ोह में अत्याधुनिक इंडोर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की होगी स्थापना**

इसके साथ-साथ बाजार क्षेत्र का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा, जिससे लोगों को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित वातावरण मिलेगा।

उन्होंने बताया कि युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने और क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को साकार करने के लिए बड़ोह में एक अत्याधुनिक इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थापना की जाएगी। यह प्रोजेक्ट पर्यटन विभाग के माध्यम से क्रियान्वित होगा, जो स्थानीय युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करेगा।

### जीएस बाली मदर चाइल्ड अस्पताल टांडा में रैंप का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय, आदर्श स्वास्थ्य संस्थान और अन्य चिकित्सा संस्थान जल्द ही आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल मशीनों से लैस होंगे। सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, फेको और डायग्नोस्टिक मशीनों और अन्य अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद एक माह के भीतर सुनिश्चित की जाएगी। मरीजों की सुविधा के लिए अगस्त, 2025 तक इन्हें विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित कर दिया जाएगा।

शुक्रवार को टांडा मेडिकल कालेज में जीएस बाली मदर चाइल्ड अस्पताल में पांच करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले रैंप का शिलान्यास करने के उपरांत स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि टांडा मेडिकल कालेज में जीएस बाली मदर चाइल्ड हॉस्पिटल राज्य का सबसे बड़ा अपनी तरह का शिशु देखभाल केंद्र है। इससे कांगड़ा चंबा, हमीरपुर तथा मंडी के कुछ क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि शिशु देखभाल किट में और गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं उपलब्ध करवाई जाएंगी तथा प्रदेश के किसी भी सरकारी और निजी संस्थानों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं को कुल 18 वस्तुएं प्रदान की जाएंगी। नई किटें इसी साल अगस्त में अस्पतालों को उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## शादी की उम्र में देश के काम आए थे फतेहपुर कारगिल शहीद अशोक कुमार

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** हर साल 26 जुलाई को भारत कारगिल विजय दिवस मनाता है। यह दिन उन वीर सपूतों की याद में समर्पित है जिन्होंने 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल युद्ध में अदम्य साहस दिखाया और भारत की सरहदों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।



कारगिल युद्ध भारतीय सेना और पाकिस्तानी घुसपैठियों, जिन्हें पाकिस्तानी सेना का समर्थन प्राप्त था के बीच लड़ा गया था। यह लड़ाई मई से जुलाई 1999 तक जम्मू-कश्मीर के कारगिल सेक्टर में हुई थी और 26 जुलाई को भारत ने आधिकारिक रूप से विजय की घोषणा की थी। इस दिन को मनाने का उद्देश्य है सिर्फ शहीदों को श्रद्धांजलि देना है। अशोक कुमार 24 वर्ष की उम्र में शहादत का जाम पीकर सदा के लिए अमर हो गया।

हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा विधानसभा फतेहपुर के शहीद अशोक कुमार कारगिल युद्ध में शहीद हुए थे और वे शादी की उम्र में ही देश के लिए शहीद हो गए। शहीद अशोक कुमार हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा की विधानसभा फतेहपुर के लौहारा के रहने वाले थे। कारगिल युद्ध के दौरान, उन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। फतेहपुर के कारगिल शहीद अशोक कुमार कम उम्र में शहीद हुए थे। 24 साल की उम्र में, उन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। शहीद अशोक कुमार की माता शांति देवी ने कहा कि मेरा बेटा कारगिल युद्ध में 20 जून 1999 को शहीद हो गया था। वृद्ध माता शांति देवी ने कहा कि हमने कभी भी सरकार से किसी चीज की मांग नहीं की। कारगिल दिवस पर शहीद का परिवार का छलका दर्द, परिवार ने खुद बनाए, शहीद के नाम का गेट पर आज भी उपेक्षा का शिकार। शहीद अशोक कुमार के भतीजे जसपिंदर कुमार ने कहा कि उनके परिवार ने उनके गांव में आने वाले रास्ते पर खुद ही शहीदी गेट बनवाया था मगर उस गेट के किनारों में डंगे लगना अभी बाकी हैं। सड़क की हालत को सुधारने की भी मांग की है।

## कारगिल विजय दिवस पर करवाई 'एक पेड़ मां के नाम' पर प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मेरा युवा भारत कांगड़ा की ओर से फ्लैगशिप स्कीम पर कार्यशाला का आयोजन व कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम डीआरडीए हॉल धर्मशाला में किया गया।

कारगिल विजय दिवस व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेटिंग व श्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पीएनबी ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला से मदन लाल ने शिरकत की। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में विभिन्न विभागों के अध्यक्ष व इविंग्ज एकडेमी धर्मशाला के डायरेक्टर एवं मेंटोर गुलशन वर्मा ने शिरकत की। जिला कांगड़ा के उपनिदेशक ध्रुव डोगरा ने आए हुए अतिथियों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम ईविंग्ज कोचिंग संस्थान की विद्यार्थी प्रिया राणा, द्वितीय अनामिका व हर्ष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में प्रथम स्थान ईविंग्ज एकेडमी धर्मशाला की विद्यार्थी सोनिका रही।

## पहली बार गोताखोरों की मौजूदगी में होगा शाही स्नान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डल झील में 31 अगस्त को होगा राधाष्टमी का शाही स्नान**

पर्यटन नगरी नड्डी की डल झील में पहली बार गोताखोरों की मौजूदगी में 31 अगस्त को राधाष्टमी का शाही स्नान होगा। छोटे मणिमहेश यानी मैक्लोडगंज स्थित डल झील राधाष्टमी का शाही स्नान 31 अगस्त को सुबह चार बजे से शुरू होगा। मंदिर के पुजारी सुभाष चंद ने बताया कि सुबह करीब चार बजे कलश और शंखों की ध्वनि के साथ डल शुद्धिकरण के बाद स्नान शुरू होगा।

उन्होंने बताया कि डल झील में 31 अगस्त को होने वाले राधाष्टमी के शाही स्नान के आयोजन को लेकर शुक्रवार एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में को राधाष्टमी के शाही स्नान की व्यवस्थाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा की गई। वहीं शाही स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात की जाएगी। जानकारी के मुताबिक पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के नड्डी में स्थित पवित्र डल झील में 31 अगस्त को शाही स्नान का आयोजन होगा। इस दौरान डल झील में शाही स्नान के लिए जिलेभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचते हैं। इस बार डल झील में कीचड़ और दलदल अधिक है, जिसके चलते किसी अनहोनी से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने इस दौरान एसडीआरएफ को भी तैनात करने का फैसला लिया है। इसके अलावा यहां जुटने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस की अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात होगी, जिससे शाही स्नान के श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ उनके लिए सुचारु यातायात व्यवस्था मुहैया करवाई जा सके। वहीं शाही स्नान के दौरान एसडीआरएफ की टीम को भी डल झील में तैनात किया जाएगा। इस बैठक में एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न, तहसीलदार धर्मशाला गिरीराज सहित अन्य मौजूद रहे।

### बनाए जाएंगे दो अस्थायी नए घाट

**एसडीएम** धर्मशाला मोहित रत्न ने बताया कि डलझील में राधा अष्टमी पर स्नान के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं, जिनके लिए अस्थायी दो नए घाट भी बनाए जाएंगे। नड्डी में स्थित पवित्र डल झील में 31 अगस्त को होने वाले शाही स्नान के आयोजन को लेकर शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया गया है। इस दौरान डल झील राधाष्टमी का शाही स्नान में होने वाली व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि डलझील में राधा अष्टमी पर स्नान से पहले 15 अगस्त तक एक ट्रायल भी किया जाएगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था और उन्हें सुचारु यातायात व्यवस्था मुहैया करवाने के लिए अतिरिक्त पुलिस तैनात की जाएगी।

## ग्रामीण रोजगार सेवक को किया सम्मानित

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



**पालमपुर।** विकास खंड पंचरुखी के तहत मकोल पंचायत में कार्यरत ग्रामीण रोजगार सेवक परविंद्र कुमार का तबादला होने पर पंचायत सदस्यों ने उन्हें विदाई पार्टी दी व पंचायत में तालमेल के साथ बिना किसी भेदभाव व ईमानदारी से कार्य करने पर सभी पंचायत सदस्यों ने उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

पंचायत प्रधान मकोल जय चंद ने कहा कि हमेशा पंचायत सदस्यों व पंचायत कर्मियों का आपसी तालमेल न होने से पंचायतों में बहुत सारे विकास कार्य नहीं हो पाते हैं। अगर सभी विभागीय कर्मचारी पंचायत सदस्यों के साथ मिलजुल कर कार्य करें तो सभी आदर्श पंचायतें बन सकती है। परविंद्र कुमार ने पूरा मार्गदर्शन किया व पंचायत में चल रहे विकासकार्यों को चालू रखने में पूरा सहयोग किया। इस मौके पर पंचायत सचिव अनिता कुमारी, सदस्य प्रकाश चंद, तमन्ना देवी, माया देवी मौजूद रहे।

### व्यक्ति का शव बरामद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत सुधेड़ के रहने वाले नेपाली मूल के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि नेपाली मूल का गौरव राणा उर्फ गंजू (36) पुत्र विष्णु राणा निवासी सुधेड़ टैक्सी चालक का कार्य करता था। शुक्रवार सुबह अपने किराए के मकान के बरामदे में अचेत अवस्था में पड़ा था, जिसे क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला पहुंचा, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## युवाओं के लिए खुल रहे रोजगार स्वरोजगार के द्वार : हर्ष वर्धन चौहान

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

उद्योग, श्रम रोजगार कल्याण मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हिमाचल में औद्योगिकी क्षेत्र में 25000 करोड़ का निवेश हुआ है तथा 32 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।

नगरोटा कॉलेज में विकास पुरूष जीएस बाली के जयंती के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेले का शुभारंभ करते हुए उद्योग रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चैहान ने कहा कि हिमाचल में रोजगार स्वरोजगार तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवीन पहलों के माध्यम से कौशल विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। निरंतर बदलते परिवेश में बच्चों को तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का विशेषज्ञ बनाने की मुख्यमंत्री सुक्खू की संकल्पना को साकार करने की दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

## चढियार अस्पताल की दशा सुधारों सरकार, वरना होगा आंदोलन : रमिता

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



भाजपा नेत्री रमिता भारद्वाज ने वर्तमान सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि चढियार अस्पताल की दुर्दशा का 15 दिन में कोई समाधान नहीं हुआ तो चगंर धार क्षेत्र की जनता को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविता भारद्वाज ने आज क्षेत्रीय अस्पताल चढियार में व्याप्त समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और सरकार को चेतावनी दी कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर अस्पताल में रिक्त पदों को नहीं भरा गया और मुख्यमंत्री द्वारा हिमाचल दिवस के अवसर पर 25 जनवरी 2025 को बैजनाथ में की गई घोषणाओं को लागू नहीं किया गया, तो क्षेत्र की जनता मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। रविता ने कहा कि लोगों के लिए इलाज करवाने का केवल मात्र एक यही जरिया है परंतु यहां पर डॉक्टर तथा नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी है जिसकी वजह से लोगों को परेशानी होती है।

## धर्म सिंह शर्मा ने आपदा पीड़ितों के लिए दिए 21000

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** आपदा से पीड़ितों के लिए एक बार फिर थुरल क्षेत्र के स्थानीय लोग आगे आए हैं।



थुरल क्षेत्र के कैप्टन धर्म सिंह शर्मा, गांव भाटी लोहार पंगा (साई) द्वारा 21000 रुपए दान किए गए, जिसे समाज जागरण मंडल थुरल के कार्यकर्ताओं संजय चौहान, जोगेश राणा, राजेश गौतम, डॉ. अंतरिक्ष सूद के द्वारा सेवा भारती हिमाचल प्रदेश के खाते में डाल दिया गया द्य इससे पहले भी समाज जागरण मंडल थुरल एक अभियान द्वारा 105551 इकठ्ठा कर सेवा भारती हिमाचल प्रदेश के खाते में डाल चुके हैं।

## विभाग ने 300 से ज्यादा खैर के मोच्छे किए बरामद

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**

**ज्वालामुखी।** वन विभाग ज्वालामुखी की टीम ने सपड़ी भाटी में गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 से ज्यादा खैर के मोच्छे बरामद किए हैं। बरामद किए गए मोच्छों की कीमत करीब 10 से 15 लाख रुपए आंकी जा रही है। कार्रवाई में ठेकेदार के पास खैर कटान की कोई अनुमति नहीं पाई गई, जिसके चलते वन विभाग ने तुरंत मोच्छे कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

यह कार्रवाई आरओ ज्वालाजी ईशानी के नेतृत्व में गार्ड रिक्की शर्मा, दीपक कुमार और विनोद कुमार द्वारा अमल में लाई गई। बताया जा रहा है कि ठेकेदार बेखौफ होकर अपने घर के नजदीक ही खैर की छंटनी कर रहा था। वन विभाग को इस संबंध में गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर मोच्छों को कब्जे में लिया। ठेकेदार का दावा है कि उसने ये पेड़ मलकियत भूमि से काटे हैं, लेकिन विभाग अब इस दावे की भी जांच कर रहा है। वन विभाग ने नजदीकी जंगलों में भी दबिश देना शुरू कर दिया है और खैर कटान से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। आरओ ईशानी ने कहा कि अब तक की यह बड़ी कार्रवाई है और जंगलों में अवैध खैर कटान पर शिकंजा कसने के लिए ड्रोन से भी रेकी की जाएगी।

खैर की छंटाई करने के लिए इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी वन विभाग की टीम ने अपने कब्जे में ले ली है। डीएफओ देहरा सन्नी वर्मा ने भी इस कार्रवाई की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि विभाग अवैध कटान करने वालों को बख्शने वाला नहीं है। क्षेत्र में खैर माफिया की सक्रियता पर नजर रखने के लिए लगातार गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि वन संपदा को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## सीयू को पांच साल बाद मिला स्थायी रजिस्ट्रार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



पदभार संभालने पर स्वागत करते शिक्षक वर्ग।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश को आखिरकार स्थायी रजिस्ट्रार मिल गया है। पांच साल बाद शुक्रवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रो. नरेंद्र सांख्यान के रूप में स्थायी रजिस्ट्रार मिला है।

प्रो. नरेंद्र सांख्यान ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया है। गौरतलब है कि वर्ष 2020 में डा. संजीव शर्मा की सीयू में बतौर रजिस्ट्रार नियुक्ति हुई थी, उसके बाद सीयू के रजिस्ट्रार का अतिरिक्त कार्यभार दिया जाता रहा, जबकि शुक्रवार को प्रो. नरेंद्र सांख्यान के पदभार संभालने के साथ ही सीयू को पांच साल बाद स्थायी रजिस्ट्रार मिल गया है।

**कार्यभार संभालने पर सीयू अधिकारी व शिक्षक वर्ग ने किया स्वागत**

प्रो. नरेंद्र ने कहा कि वे कृषि क्षेत्र से आते हैं, ऐसे में सीयू में भविष्य में कृषि संबंधी कोर्स शुरू करने पर भी विचार किया जा सकता है। प्रो. नरेंद्र ने कहा कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने थोड़े से समय में काफी नाम कमाया है ।

**आस**

### पिछले वर्ष जिलाभर में आए थे आठ लाख पर्यटक

# इस वर्ष दस लाख पर्यटकों के आने की उम्मीद

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित हो रहे जिला कांगड़ा में इस वर्ष पर्यटन विभाग ने दस लाख पर्यटकों के कदम धरने की उम्मीद जताई है। पिछले वर्ष 8 लाख से अधिक पर्यटकों ने कांगड़ा घाटी का दौरा किया था, जबकि इस वर्ष जून माह तक ही साढ़े तीन लाख से अधिक पर्यटक कांगड़ा घाटी का भ्रमण कर चुके हैं। हालांकि अभी बरसात का मौसम है, लेकिन बरसात में भी पर्यटक आमद पिछले वर्षों में अच्छी रही है।

कोविड के बाद पिछले वर्ष पर्यटकों की संख्या में अच्छी वृद्धि देखी गई थी, जिसके चलते पर्यटन विभाग इस वर्ष कांगड़ा घाटी में दस लाख पर्यटकों के आने की उम्मीद लगाए हुए है। आंकड़ों पर नजर डालें तो करीब 8 लाख पर्यटक पिछले वर्ष धर्मशाला आए थे, इस वर्ष जून तक 3 लाख 70 हजार के लगभग पर्यटक धर्मशाला सहित जिला कांगड़ा का भ्रमण कर चुके हैं। इसमें धर्मगुरु दलाईलामा के जन्मदिन पर आए पर्यटक भी शामिल हैं।

**जून तक साढ़े तीन लाख से अधिक ने किया कांगड़ा भ्रमण**

बरसात के बाद पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही पर्यटन विभाग को उम्मीद है कि इस वर्ष, पिछले वर्ष की अपेक्षा पर्यटकों की आमद बढ़ेगी और पर्यटकों का आंकड़ा 8 से 10 लाख तक पहुंचेगा।

### इस बार जून में बढ़ी पर्यटक आमद

**पर्यटन** विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष जून माह में पर्यटक आमद बढ़ी है। पिछले वर्ष जून में 98 हजार 244 भारतीय और 1773 विदेशी पर्यटक कांगड़ा घाटी आए थे, जबकि इस वर्ष जून माह में 1 लाख 15 हजार 901 भारतीय और विदेशी पर्यटक 1808 कांगड़ा का भ्रमण कर चुके हैं।

### पिछले वर्ष जुलाई-अगस्त में आए थे 90 हजार पर्यटक

**पिछले** वर्ष जुलाई और अगस्त माह में 90 हजार पर्यटक कांगड़ा घाटी पहुंचे थे। जिसमें जुलाई माह में 40 हजार और 50 हजार पर्यटक अगस्त माह में पहुंचे थे। हालांकि कांगड़ा घाटी में बरसात सुरक्षित रहती है, लेकिन मंडी जिला में आई आपदा का असर पूरे प्रदेश के पर्यटन पर भी पड़ा है, लेकिन अगस्त और आगामी महीनों में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी।



पिछले वर्ष जिला भर में आठ लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे, इस बार जून में पर्यटकों की आमद में खासा इजाफा दर्ज हआ है, जिसके चलते इस वर्ष 10 लाख के करीब पर्यटकों के कांगड़ा घाटी पहुंचने की उम्मीद है। बरसात के बाद वैसे भी पर्यटकों की संख्या बढ़ना शुरू हो जाती है।

-विनय धीमान, जिला पर्यटन अधिकारी, जिला कांगड़ा।

## सड़क किनारे गहरा गड्ढा हादसों को दे रहा न्योता, ग्रामीणों में रोष

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

लोक निर्माण विभाग डाडा सीबा के अंतर्गत घाटी पंचायत क्षेत्र में सड़क किनारे बना गहरा गड्ढा आए दिन हादसे की आशंका बढ़ा रहा है। पंचायत प्रधान बाजेश्वर कुमार ने जानकारी दी कि यह गड्ढा सड़क के एक किनारे स्थित है और गाड़ियों के पास लेते समय वाहन चालकों को काफी खतरे का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई बार वाहन इस गड्ढे के नजदीक से गुजरते हुए दुर्घटना से बाल-बाल बचे हैं। स्थानीय निवासी सुशील कुमार, राज कुमार और शानू का कहना है कि सड़क किनारे बने इस गड्ढे को लेकर विभाग को कई बार सूचित किया गया, लेकिन अब तक इस समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकल पाया है। बरसात के मौसम में सड़क पर पानी भर जाने से यह गड्ढा और गहरा हो गया है, जिससे स्थिति और भी खतरनाक बन गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते गड्ढे की मरम्मत नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।

इस संबंध में जब लोक निर्माण विभाग डाडा सीबा के सहायक अभियंता नितेश कौंडल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम के कारण सड़क पर पानी के तेज बहाव से गड्ढे बन रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग की ओर से जल्द ही अस्थायी मरम्मत कार्य कर सड़क को सुचारू और सुरक्षित बनाया जाएगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन और विभाग इस मामले को गंभीरता से लेकर शीघ्र कार्यवाही करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुस्तकालय के समग्र विकास के लिए दिए सुझाव

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** उप-मंडलाधिकारी (ना.) हर्ष अमरेंद्र सिंह ने राजा वीरभद्र सिंह पुस्तकालय का निरीक्षण कर पुस्तकालय के समग्र विकास और छात्रों की सुविधा हेतु कई अहम सुझाव दिए। उन्होंने पुस्तकालय में आरओ वाटर प्यूरीफायर, वाई-फाई रिचार्ज, टिंटेड खिड़कियां, 9 एसी, सीसीटीवी मरम्मत, चार्जिंग पॉइंट, 2000 लीटर पानी की टंकी, और प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें उपलब्ध करवाने पर जोर दिया। इसके साथ ही, जिम को पुस्तकालय में बदलने, लॉकर रूम और अतिरिक्त मूत्रालय बनाने, खिड़कियों पर मच्छर रोधी जाली लगाने और 20 अध्ययन मैट की व्यवस्था करने की सिफारिश की गई। यह निरीक्षण पुस्तकालय के आधुनिकीकरण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### केंद्र से मिली जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सांसद डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा संसद में उठाए गए सवालों के जवाब में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि हिमाचल को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए केंद्र से विशेष सहायता मिली है। प्राकृतिक आपदाओं से हुई क्षति की भरपाई के लिए 220.10 करोड़ रुपये की विशेष सहायता स्वीकृत की गई है। इसके अलावा, हिमाचल सहित चार राज्यों में 'राष्ट्रीय हिमनद झील विस्फोट बाढ़ जोखिम उपशमन परियोजना' के तहत 150 करोड़ रुपये की योजना भी मंजूर की गई है। यह सहायता राज्य के टिकाऊ विकास और जलवायु सुरक्षा के लिए अहम मानी जा रही है।

### शिमला में शौर्य और बलिदान को किया नमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय में कारगिल विजय दिवस का भव्य समारोह शुरू हो गया है, जो 27 जुलाई तक चलेगा। यह



आयोजन कारगिल युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत के 26 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हो रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, सेना प्रशिक्षण कमान ने गरिमामय समारोह का उद्घाटन किया। यह आयोजन हमारे सशस्त्र बलों के अद्वितीय शौर्य और बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। समारोह के हिस्से के रूप में, कारगिल युद्ध के नायकों की वीरता, पराक्रम और व्यक्तिगत गाथाओं को दर्शाती एक आकर्षक फोटो और वीडियो प्रदर्शनी लगाई गई है, जो आगंतुकों को भावुक कर रही है। ऐतिहासिक गेयटी थिएटर का बहुउद्देशीय हॉल देशभक्ति संगीत की मनमोहक धुनों से गूंज उठा है, जिसने उपस्थित लोगों में गर्व और राष्ट्रवाद की गहरी भावना जगाई है।

### संजीवनी सहारा समिति ने की 5 हजार की मदद

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडल में संजीवनी सहारा समिति ने बाड़ी धार पंचायत की एक महिला को आर्थिक सहायता प्रदान की, जिनके पति पक्षाघात से पीड़ित हैं। समिति ने 5 हजार रुपए तुरंत उपलब्ध करवाए ताकि महिला का इलाज शिमला में हो सके। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि करीब 300 सदस्यों के सहयोग से यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। मौके पर सह सचिव संजू डंडा, रामेश्वर कश्यप, प्रीतम ब्राक्टा और बिट्टू सुमन भी मौजूद रहे।

### फेनीधार में विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे रोपे

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** आर्यावर्त संस्थान रामपुर द्वारा डकोलड़ के फेनीधार में शुक्रवार को पौधा रोपण किया गया। जिसमें संस्थान के अध्यापक व छात्र- छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के लगभग एक सौ पौधे रोपे। जिसमें शीशम, दरेक, कैंथ , दाडु इत्यादि के पौधे थे। पौधारोपण के कार्यक्रम में आर्यावर्त के मुख्य प्रबंध निदेशक व आर्यावर्त सोसायटी के प्रदेशाध्यक्ष कौल सिंह नेगी, स्थानीय बीट वन रक्षक नीरज, आर्यावर्त सोसायटी के अध्यक्ष प्रदीप धडेल, सचिव ओम बगई व आर्यावर्त इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक पीयूष प्रार्थी सहित आर्यावर्त सोसायटी के सदस्य अनिल हांडा आदि मौजूद रहे।

# दो मौतों पर परिजनों का आक्रोश स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल

## प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों का हंगामा और बुजुर्ग के निधन पर भी इलाज में चूक का आरोप

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला के दो प्रमुख अस्पतालों—कमला नेहरू अस्पताल (केएनएच) और इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) में शुक्रवार को हुई दो अलग-अलग मौतों ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों ही मामलों में परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है, जिसके बाद प्रशासन ने आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार केएनएच में शुक्रवार सुबह 28 वर्षीय एक महिला की प्रसव के बाद मौत हो गई। महिला ने गुरुवार रात 11:17 बजे सिजेरियन के जरिए एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया था। परिजनों का आरोप है कि सुबह तक महिला की हालत सामान्य थी, लेकिन तबीयत बिगड़ने के बावजूद स्टाफ ने उसे खाना खाने के लिए कहा। परिजनों के अनुसार, भोजन करते समय महिला को सांस लेने में दिक्कत हुई और सुबह करीब 9:00 बजे उसका निधन हो गया। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया व परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। केएनएच के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सुंदर सिंह नेगी ने प्रारंभिक आशंका जताई है कि महिला की मौत दम घुटने से हुई हो सकती है, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि मामले की आंतरिक जांच की जा रही है और तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट आने की उम्मीद है।

### चिकित्सा अधीक्षक ने किया आरोपों का खंडन

**आईजीएमसी** के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने इन आरोपों का खंडन किया है। उनके आधिकारिक बयान के अनुसार, मरीज के आईजीएमसी पहुंचने पर तुरंत जांच की गई और आवश्यक उपचार शुरू किया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया, जहां सुबह 7:51 बजे उनका निधन हो गया।

### आंतरिक जांच रिपोर्ट का रहेगा इंतजार

**बहरहाल** इन दोनों घटनाओं ने शिमला में चिकित्सा देखभाल की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। अब देखना यह होगा कि आंतरिक जांच रिपोर्ट में क्या सामने आता है और क्या अस्पताल प्रशासन भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाता है?

परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इनकार करने के कारण पोस्टमार्टम नहीं किया जाएगा।

वहीं, आईजीएमसी में भी शुक्रवार सुबह 72 वर्षीय एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाया। मृतक महिला, सेव दासी, को नेरचौक मेडिकल कॉलेज से रेफर किए जाने के बाद सुबह 5:33 बजे आईजीएमसी के आपातकालीन विभाग में लाया गया था। वह लीवर व तिल्ली में सूजन, रक्त कैंसर और हृदय संबंधी समस्याओं से पीड़ित थीं। महिला के बेटे लीलाधर चौहान ने डॉक्टरों पर आरोप लगाया कि उनकी मां का समय पर इलाज नहीं किया गया। उन्होंने फेसबुक पर लाइव आकर दावा किया कि डॉक्टरों ने वीडियो प्रसारित होने के बाद ही चिकित्सा हस्तक्षेप शुरू किया।

### चंद्र कुमार ने ओबीसी अधिकारों पर जोर दिया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित कांग्रेस पार्टी के भागीदारी न्याय सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने प्रतिनिधित्व किया, जहां उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी सहित शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में ओबीसी वर्ग से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने और राहुल गांधी का हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं और नवीन पहलों की विस्तृत जानकारी भी दी, जिसमें उनके साथ हिमाचल से 50 से अधिक प्रतिनिधियों का दल भी शामिल रहा।

### चालक पहली से 8 घंटे ही करेंगे काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 1 अगस्त से प्रतिदिन केवल आठ घंटे काम करने का फैसला किया है। ड्राइवर यूनियन ने स्पष्ट किया है कि वे न तो चक्का जाम करेंगे और न ही बसों को खड़ा करेंगे, बल्कि आठ घंटे की ड्यूटी से होने वाली किसी भी असुविधा की जिम्मेदारी सरकार और निगम प्रबंधन की होगी। यूनियन ने एचआरटीसी प्रबंधन से उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ एक सप्ताह के भीतर वार्ता आयोजित करने की मांग की है। चालक यूनियन के प्रधान मानसिंह ठाकुर ने बताया कि नाइट ड्यूटी के दौरान मिलने वाला 130 रुपये का भत्ता अपर्याप्त है, जबकि वास्तविक खर्च 200 रुपये से अधिक आता है. इसके अलावा, पिछले चार साल से लंबित एरियर की किश्तें, मेडिकल रिइंबर्समेंट और करोड़ों रुपये का ओवरटाइम भुगतान भी एक बड़ी समस्या है। एचआरटीसी की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक 29 जुलाई को होने वाली है, जिसमें चालकों की मांगों पर प्रस्ताव लाए जाने की उम्मीद है।

## बुशहर के सभी किसानों को किसान सभा से जोड़ा जाएगा : राकेश साहनी



बैठक की अध्यक्षता करते किसान कांग्रेस रामपुर बुशहर के अध्यक्ष राकेश साहनी।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** किसान कांग्रेस रामपुर बुशहर की विशेष बैठक रामपुर बुशहर में आयोजित की गई। बैठक किसान कांग्रेस रामपुर बुशहर के अध्यक्ष राकेश साहनी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिला शिमला की जिला अध्यक्षा ममता ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में किसान सभा के पदाधिकारी और सदस्य की उपस्थिति लगभग शत प्रतिशत रही।

किसान सभा के अध्यक्ष राकेश साहनी ने कहा कि आने वाले समय में बुशहर के सभी किसान किसान सभा के सदस्य के रूप में जोड़े जाएंगे और ग्राम किसान कमेटियों का गठन किया जाएगा। किसान सभा रामपुर बुशहर बीमा, आवासीय पट्टे सहित अनेक लड़ाई लड़ेगी। साहनी ने कहा कि केंद्र की सरकार में अगर किसी की बदहाल स्थित है तो वह किसानों की है। इसके बाद मजदूर बेरोजगार नौजवानों की है। बैठक में हिमाचल ओबीसी सेल के उपाध्यक्ष उमेश आर्या, महेंद्र खूंद, किसान सेल के सचिव जय सिंह, प्रवीण, हिम्मत, दुर्गा देव, कृष्ण माजतु, सोढ़ी राम, रमेश मेहता, मनक राज, चंद्र मोहन व अन्य मौजूद रहे।

## रोहड़ू के कांसाकोटी में अवैध शराब की 353 पेटी की जब्त

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे थाना प्रभारी रोहड़ू अमित शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीम ने रोहड़ू के अणु/कांसाकोटी में गश्त के दौरान एक ट्रक एचपी 63बी 0818 में अवैध रुप से ट्रांसपोर्ट की जा रही 353 पेट्टी शराब जब्त की है। जिसमें संतरा नंबर 1-198 पेटी, रायल स्टैग -89 पेटी, आफिसर चायस -10 पेटी, ब्लैंडर प्राईड-12 पेटी और बीयर (किंगफिशर )-44पेटी बरामद की गई है! पुलिस थाना रोहड़ू में पुरन दत्त शर्मा के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मुकद्दमा दर्ज कर आगामी कार्यवाही की जा रही है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सेब सीजन की आड में ट्रक चालक बाहरी राज्यों से अवैध रुप से रोहड़ू उपमंडल में शराब की खेप पहुंचा रहे है।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर पूर्व सीएम जयराम ठाकुर का सरकार पर हमला

## सिर्फ हवा-हवाई बातें, जमीनी हकीकत नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रतिपक्ष** के नेता जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर वर्तमान सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री और उनकी टीम विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के खोखले दावे करती है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि प्रदेश की जनता अस्पतालों में कष्ट झेल रही है और कई बार जान भी गंवा रही है। ठाकुर ने कहा कि सरकार अपनी नाकामी स्वीकार करने के बजाय केवल सुख की सरकार, व्यवस्था परिवर्तन और विश्व स्तरीय सुविधा जैसे झूठे नारों के सहारे समय काट रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा ने सरकार को स्वास्थ्य व्यवस्था की क्रिटिकल लेवल तक पहुंचने के बारे में बार-बार आगाह किया था, लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया।



केंद्रीय वित्त मंत्री से मिले, हिमाचल के लिए मांगी भरपूर मदद।

जयराम ठाकुर ने बताया कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सभी सांसदों, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और आपदा प्रभावित क्षेत्रों के विधायकों के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होंने वित्त मंत्री को प्रदेश में हुई भारी आपदा से हुए नुकसान का विस्तृत ब्यौरा दिया और पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास के लिए अधिक से अधिक वित्तीय सहयोग की मांग की। ठाकुर ने बताया कि आपदा से जिला मंडी के सराज, नाचन, करसोग और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र सहित चंबा के कई क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिसमें 1200 करोड़ से अधिक का वित्तीय नुकसान और 50 से अधिक जानें गई हैं। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री से हिमाचल को हर संभव मदद का आश्वासन मिलने की बात कही। गौरतलब है कि जयराम ठाकुर इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और जल संसाधन मंत्री सी. आर. पाटिल से भी मिलकर मदद का आग्रह कर चुके है।

# ड्रोन तकनीक को मिलेगा नया आयाम केंद्र से मिले सकारात्मक संकेत

## राजेश धर्माणी ने कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा के विस्तार पर रखे अहम सुझाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना पर प्रदेश सरकार की कोशिशों को मिला बल
- केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने सभी सुझावों पर सहमति जताकर दिया आश्वासन

हिमाचल प्रदेश में ड्रोन तकनीक से जुड़े सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को लेकर प्रदेश सरकार की कोशिशों को बल मिला है। इस दिशा में कौशल विकास मंत्री राजेश धर्माणी और केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी के बीच दिल्ली में अहम बैठक हुई, जिसमें कई दूरगामी फैसलों पर सहमति बनी।

बैठक में राजेश धर्माणी ने आपदाओं के समय ड्रोन तकनीक के उपयोग, दुर्गम क्षेत्रों में दवा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और कृषि-बागवानी उत्पादों के हवाई परिवहन को लेकर हिमाचल में इस तकनीक की आवश्यकता को रेखांकित किया।



केंद्रीय मंत्री को प्रस्ताव सौंपते हुए राजेश धर्माणी।

उन्होंने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ए श्रेणी के आईटीआई और निजी संस्थानों को प्रशिक्षण की अनुमति देने की मांग उठाई, ताकि युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा सके। इसके साथ ही, उन्होंने सुझाव दिया कि वोकेशनल शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को औपचारिक प्रमाण पत्र दिए जाएं, जिससे उन्हें आगे स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने में सुविधा मिल सके।

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने सभी सुझावों पर सहमति जताते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह संवाद हिमाचल में तकनीकी शिक्षा और रोजगार क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार खोलने की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है। ड्रोन की तकनीक के किसानों और बागवानों को भी सहायता मिलेगी, जिससे उनको टाइम की बचत के साथ बेहतर वित्तीय लाभ भी होगा।

## चिट्टे के साथ तीन युवक काबू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** थाना घुमारवीं पुलिस ने बीती रात नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। बलोह फोरलेन पर मलयावर लिंक रोड के समीप तलाशी के दौरान गाड़ी में सवार तीन युवकों से कुल 30.1 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रिंस कुमार (29 वर्ष) पुत्र कर्म चंद निवासी गांव एवं डाकघर डावण तहसील बल्ह जिला मंडी, राज कुमार (25 वर्ष) पुत्र बृज लाल निवासी गांव एवं डाकघर कुमी तहसील बल्ह जिला मंडी, तथा लेख राज (25 वर्ष) पुत्र राकेश कुमार, निवासी गांव व डाकघर कुमी तहसील बल्ह जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया है तथा उनके खिलाफ थाना घुमारवीं में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है ।

## श्री नयना देवी में श्रावण अष्टमी मेले शुरू



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** शुक्रवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ विश्व में प्रसिद्ध शक्ति पीठ श्री नयना देवी जी में श्रावण अष्टमी मेलों का शुभारंभ हो गया। इस मेले में हर साल हिमाचल सहित अन्य राज्यों और विदेशों से लाखों श्रद्धालु मंदिर आते हैं तथा मां के दर्शन कर घरों को लौटते हैं। इस बार मेले में लाखों श्रद्धालुओं की आने की संभावना जताई जा रही है।

## अनुशासन के नाम पर सत्ता का दुरुपयोग लोकतंत्र के लिए खतरा: रामलाल ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्य समन्वय समिति के सदस्य रामलाल ठाकुर ने देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर तीखा प्रहार करते हुए केंद्र सरकार की तुलना आपातकाल से कर डाली।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा आज बिना घोषित किए ही देश में आपातकाल जैसे हालात हैं। रामलाल ठाकुर ने वर्तमान केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग को विपक्ष के खिलाफ राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है। यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। मोदी सरकार ने ईडी को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में कर लिया है ।

### बच्चों की गतिविधियों पर अभिभावक रखें नजर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक के निदेशक एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सुनील शर्मा अब समाज में बदलाव के प्रतीक बनते जा रहे हैं। जंगल-झलेड़ा क्षेत्र के दौरे में उन्होंने न केवल महिला मंडलों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं, बल्कि नशे के खिलाफ एक सशक्त जनजागरण अभियान की शुरुआत भी की। इस दौरान उन्होंने महिला मंडल को कुर्सियां भी सौंपी। सुनील शर्मा ने स्पष्ट कहा कि चिट्टे जैसे घातक नशे ने युवाओं का वर्तमान और भविष्य दोनों निगलना शुरू कर दिया है और इससे लड़ाई अकेले सरकार की नहीं, समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। लोगों से अपील की कि वे बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध हरकत की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें।

### 'समकालीन भारतीय लेखक' विषय पर करवाया सेमिनार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के साहित्यिक क्लब द्वारा 'समकालीन भारतीय लेखक' विषय पर हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषाओं में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने चेतन भगत, अरुंधति रॉय, विक्रम सेठ, अमीश त्रिपाठी, एसआर हरनोट, अनीता शर्मा आदि साहित्यकारों के जीवन और कृतित्व पर विचार प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने छात्रों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और कलम की शक्ति समाज में परिवर्तन ला सकती है। डॉ. नम्रता पठानिया ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को सराहा।

### पेंशनर्स की प्रदेश कार्यकारिणी में बिलासपुर को प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी में बिलासपुर जिले को महत्वपूर्ण पदों पर प्रतिनिधित्व मिलने पर जिला प्रधान जगदीश दिनेश ने इसे गर्व का विषय बताया। नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष आत्माराम शर्मा और महासचिव ठाकुर हुकम सिंह ने लेख राम कौंडल को वरिष्ठ उपप्रधान, अश्विनी शर्मा को उपप्रधान, तारा चंदेल को महिला विंग उपप्रधान, जेके नड्डा को मुख्य सलाहकार, पीआर सांख्यान को मुख्य प्रवक्ता व अन्य कई पदों पर बिलासपुर के प्रतिनिधियों को नियुक्त किया।

### दधोल चौक पर कार और ऑटो की टक्कर

**अनंत ज्ञान, दधोल।** दधोल चौक पर सुबह कार और ऑटो की टक्कर में ऑटो पलट गया। गनीमत रही कि कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है।

### बिजली बोर्ड में रिक्त पद जल्द भरे जाएं : रामलाल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद की बैठक में प्रधान इंजीनियर रामलाल शर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड में खाली पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाने और सेवारत कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। बैठक में चीफ इंजीनियर अरविंद शर्मा ने संघ की गतिविधियों व भावी योजनाओं पर चर्चा की। पेंशनरों ने 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लंबित वित्तीय लाभ, डीए और अन्य देनदारियों के शीघ्र भुगतान की मांग उठाई।

### युवाओं में बढ़ती चिट्टे की लत चिंता का विषय : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं के संस्थापक एवं समाजसेवी महेंद्र धर्माणी ने हिमाचल प्रदेश में युवाओं के बीच तेजी से फैल रही चिट्टे की लत को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के भविष्य को अंधकार में धकेलने वाली स्थिति है और दुर्भाग्यवश सरकार इस पर गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन चिट्टे के नए मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन सरकार के पास न कोई ठोस नीति है, न ही कोई गंभीर रुख। इससे ड्रग माफिया और तस्करों के हौसले बुलंद हैं और युवा वर्ग तेजी से इस दलदल में धंसता जा रहा है। प्रदेश के युवा पहले ही बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

### प्लास्टिक पर कार्रवाई, दो दुकानदारों के चालान

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** खाद्य आपूर्ति विभाग ने प्लास्टिक प्रतिबंध के उल्लंघन पर घुमारवीं के कल्लर मोड़ और समलोहल में दो दुकानदारों के चालान किए। विभाग ने प्लास्टिक की जगह पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने की अपील की और आगे भी सख्ती से निरीक्षण जारी रखने की बात कही।

### झंडूता कॉलेज में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में एनएसएस और इको क्लब द्वारा पौधारोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय ठाकुर ने भी भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## बिलासपुर में एक दर्जन बस रूट किए बंद : जम्वाल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** विधायक त्रिलोक जम्वाल ने जाहू-बिलासपुर वाया कुठेड़ा, तल्याणा, हरलोग बस सेवा अचानक बंद करने पर कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सरकार का 'तालाबंदी शौक' थमने का नाम नहीं ले रहा है, अब तक बिलासपुर में करीब एक दर्जन बस रूट और कई संस्थान बंद किए जा चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बस सेवा को बंद कर प्राइवेट ऑपरेटर को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई है, जिससे स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को भारी असुविधा हो रही है। इसी मांग को लेकर विधायक ने उपायुक्त राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपा और एचआरटीसी के आरएम से भी बातचीत की।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सरकार ने न सिर्फ बस सेवाएं बल्कि सरकारी स्कूल, हेल्थ सेंटर, आईटीआई, पर्यटन निगम के होटल और बिजली विभाग के कार्यालय भी बंद किए हैं। उन्होंने मांग की कि विद्यार्थियों और आम लोगों की सुविधा के लिए यह बस सेवा तत्काल बहाल की जाए।

**योजना** | जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास बोर्ड की बैठक संपन्न

# जागरूकता से ही बच्चे सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिला स्तरीय आपराधिक चोट राहत एवं पुनर्वास बोर्ड की बैठक आज बचत भवन बिलासपुर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार ने की। बैठक में वर्ष 2019 से 2025 तक दर्ज 4 पॉक्सो मामलों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु बोर्ड की स्वीकृति प्रदान की गई, जबकि एक प्रकरण में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध न होने के कारण उसे फिलहाल लंबित रखा गया है।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और प्रत्येक प्रकरण की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त बिलासपुर ने निर्देश दिए कि आगामी बैठकों में उपनिदेशक, उच्च शिक्षा तथा प्रारंभिक शिक्षा को भी अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए, ताकि विद्यालय स्तर पर बच्चों की सुरक्षा एवं संवेदनशीलता से जुड़े मामलों पर समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। डीसी राहुल कुमार ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामलों को दृष्टिगत रखते हुए जरूरी है कि जिला के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को संवेदनशीलता (सेंसिटाइजेशन) के माध्यम से जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग को इस दिशा में विशेष पहल करनी होगी, ताकि बच्चों को गुड टच-बैड टच, स्टॉकिंग (पीछा करने या परेशान करने) जैसे विषयों पर व्यवस्थित रूप से जानकारी प्रदान की जा सके।



बैठक को संबोधित करते उपायुक्त राहुल कुमार और मौजूद अधिकारी।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में ऐसा सुरक्षित एवं संवादात्मक वातावरण बनाया जाए जिसमें बच्चे नि:संकोच होकर शिक्षकों को अपने साथ हो रहे किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार या उत्पीड़न के बारे में सूचित कर सकें। केवल जागरूकता और विश्वास के माध्यम से ही बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सकता है।

## रजनी पाटिल से राजेश धर्माणी ने आपदा राहत कार्यों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश में मानसूनी आपदा और उससे उत्पन्न हालात को लेकर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने दिल्ली में राज्यसभा सांसद एवं हिमाचल कांग्रेस की एआईसीसी प्रभारी रजनी पाटिल से एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में आपदा राहत कार्यों, राज्य सरकार की तैयारियों तथा प्रदेश के कांग्रेस संगठन से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

उन्होंने पाटिल को अवगत कराया कि प्रदेश सरकार आपदा की इस घड़ी में पूरी संवेदनशीलता के साथ राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रशासन सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, लेकिन इतनी बड़ी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए राज्य को केंद्र सरकार की विशेष सहायता की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने आग्रह किया कि हिमाचल को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर विशेष



प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात के दौरान राजेश धर्माणी पुष्प भेंट करते।

- आपदा से निपटने के लिए राज्य को केंद्र सरकार की विशेष सहायता की जरूरत

वित्तीय पैकेज दिया जाए ताकि पुनर्निर्माण और बुनियादी ढांचे की बहाली में तेजी लाई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पर्वतीय राज्य होने के कारण हिमाचल को विशेष श्रेणी में रखकर दीर्घकालिक योजनाएं बनाई जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की आपदाओं से बेहतर ढंग से निपटा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल करेंगे मिंजर मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 27 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 का विधिवत शुभारंभ करेंगे। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि राज्यपाल 26 जुलाई को डलहौजी पहुंचेंगे और परिधि गृह में रात्रि ठहराव करेंगे। 27 जुलाई को सुबह 10 बजे श्री लक्ष्मी नारायण को मिंजर अर्पित करेंगे, फिर 11 बजे ऐतिहासिक चौगान में मेले का उद्घाटन करेंगे। दोपहर 3.30 बजे बचत भवन में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक भी करेंगे। सांय 8.30 बजे वे रिस्पांसिबल टूरिज्म मीट और सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करेंगे। 28 जुलाई को वे सुबह श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर जाएंगे और फिर खज्जियार के सामुदायिक पर्यटन गांव पुखरी की यात्रा करेंगे, उसके बाद पठानकोट के लिए रवाना होंगे।

### बतोट में ग्रामीण बैंक ने लगाया जन सुरक्षा शिविर

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** खुंदेल पंचायत के गांव बतोट में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा धरवाला द्वारा एक दिवसीय जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन में सावधानियों तथा विभिन्न लाभकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक डीसी चौहान, शाखा प्रबंधक दिनेश और वित्तीय साक्षरता केंद्र चंबा से परविंदर ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपने बैंकिंग से जुड़े प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। लोगों ने इस प्रकार के शिविरों को अत्यंत लाभकारी बताया और बैंक प्रबंधन का आभार जताया।

### दुंदेई में एक सप्ताह से नहीं मिल रहा पानी



**अनंत ज्ञान, धरवाला।** छतराड़ी पंचायत के गांव दुंदेई में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही और शिकायतों की अनदेखी करने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह से पानी नहीं मिल रहा और मजबूरी में वे एक किलोमीटर दूर प्राकृतिक स्रोत से बाल्टियों में पानी भरने को मजबूर हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी कठिनाई झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने विभाग से पानी की आपूर्ति शीघ्र बहाल करने की मांग की है।

### लिल्ह कोठी कॉलेज जल्द हो शिफ्टः एबीवीपी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लिल्ह कोठी कॉलेज की जर्जर स्थिति और प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ शुक्रवार को एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया और कक्षाओं का बहिष्कार किया। प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए एबीवीपी हिमाचल प्रदेश के प्रांत सह मंत्री भवानी ठाकुर ने कहा कि कॉलेज पिछले 9 वर्षों से किराए के खंडहरनुमा भवन में चल रहा है, जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। छात्रों की प्रमुख मांगों में कॉलेज का नए भवन में शीघ्र स्थानांतरण, रिक्त शिक्षक पदों को भरना और स्वच्छ पेयजल, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। भवानी ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा।

### यूजीसी-नीट उत्तीर्ण कर बढ़ाया कॉलेज का मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के इतिहास विभाग ने अकादमिक उत्कृष्टता का नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए हाल ही में घोषित यूजीसी-नीट परीक्षा में चार विद्यार्थियों की शानदार सफलता हासिल की है। छात्राएं रेवती और लुषमा डोगरा ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की, वहीं सन्नी डेओल और लक्की ने पीएचडी प्रवेश के लिए परीक्षा पास कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी और कहा कि यह सफलता अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम का प्रतिफल है। विभागाध्यक्ष प्रो. परविंद्र कुमार ने इसे विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता और मार्गदर्शन का प्रतीक बताया। इस अवसर पर प्रो. मणिराज राठौर, प्रो. संघर्ष सैनी सहित कई प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# चुराह के चांजू-कठवाड़ रोड पर भूस्खलन, आवाजाही ठप

अनंत ज्ञान, चंबा



चुराह मंडल के चांजू-कठवाड़ रोड पर भारी भूस्खलन से यातायात ठप हुआ।

**चुराह** मंडल के चांजू-कठवाड़ रोड पर शुक्रवार सुबह-सुबह भारी भूस्खलन हुआ, जिससे रोड पूरी तरह से बंद हो गई। इस कारण यहां वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई। हालांकि विभाग ने दोपहर तक कड़ी मशक्कत के बाद सड़क को फिर से खोलकर वाहनों के लिए मार्ग बहाल कर दिया। गनीमत रही कि भूस्खलन के समय सुबह होने के कारण रास्ते पर कोई वाहन या पैदल यात्री नहीं थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क बंद रहने से रोजमर्रा की आवाजाही, आपातकालीन सेवाएं और जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हुई। प्रशासन ने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। भारी बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में लगातार भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं, जिससे चंबा के बढ़ाईगढ़, चांजू, चरड़ा, देहरा और बघेईगड़ पंचायतों का संपर्क कट गया था। इससे पहले भी भारी बारिश ने कई पुल बहा दिए थे और किसानों के खेत जलमग्न हो गए थे। पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता जोगेंद्र शर्मा ने बताया कि सुबह हुई भूस्खलन से सड़क बंद हुई थी, लेकिन विभाग के कर्मचारियों ने दोपहर तक इसे बहाल कर दिया है।

## भाजपा के प्रयासों से हिमाचल को मिली बड़ी राहतः शिशु गुप्ता



**अनंत ज्ञान, चंबा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शिशु गुप्ता ने हालिया आपदा में कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सरकार बयानबाजी में उलझी रही, तब भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मैदान में उतरकर राहत कार्यों को गति दी। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने स्वयं राहत कार्यों की निगरानी की, जबकि दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व वरिष्ठ नेताओं ने केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर विशेष राहत की मांग की। भाजपा के प्रयासों से केंद्र सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रिकॉर्ड समय में राहत राशि जारी की। 7 जुलाई को 451.44 करोड़ की पहली किस्त मिली, जबकि कुल 2006.40 करोड़ रुपए की सहायता स्वीकृत की गई। शिशु गुप्ता ने कहा कि भाजपा हर हिमाचली के साथ खड़ी है।

## भरमौर-पांगी में शिक्षा व्यवस्था बदहाल संकट में बच्चों का भविष्य : जनक राज

अनंत ज्ञान, भरमौर



**भरमौर-पांगी** विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति लगातार गिरती जा रही है। विधायक डॉ.जनक राज ने जारी बयान में कह कि वर्तमान सरकार के 'व्यवस्था परिवर्तन' के दावों के उलट, वास्तव में व्यवस्था का पतन हो रहा है। विधानसभा क्षेत्र में 95 प्रतिशत से अधिक विद्यालय बिना प्रधानाचार्य या मुख्याध्यापक के चल रहे हैं, जिससे अध्यापन कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।

स्थिति इतनी खराब है कि कई विद्यालयों से विज्ञान विषय ही समाप्त कर दिए गए हैं, यह कहकर कि छात्रों ने प्रवेश नहीं लिया। जबकि सच्चाई यह है कि संबंधित विषयों के प्रवक्ता नियुक्त ही नहीं किए गए। बिना शिक्षकों के छात्रों से विषय लेने की उम्मीद करना एक विफल प्रणाली को दर्शाता है। शिक्षा के नाम पर सरकार राष्ट्रीय स्तर पर आंकड़ों में उपलब्धियां गिनवा रही है, लेकिन धरातल पर हालात इसके विपरीत हैं। कई स्कूलों में पिछले अढ़ाई वर्षों से शिक्षक नहीं हैं। अध्यापकों की पदोन्नति प्रक्रिया वर्षों से लंबित है, जिससे कई शिक्षक बिना किसी पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो रहे हैं। भरमौर जैसे दुर्गम क्षेत्र में सरकार ऑनलाइन शिक्षा थोपने की कोशिश कर रही है, जबकि वहां इंटरनेट जैसी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। अधिकांश स्कूलों में आवश्यक ढांचा भी नहीं है।

विधायक ने सरकार से आग्रह है कि वह इस गंभीर स्थिति को समझते हुए प्राथमिकता के आधार पर सभी रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति करे, अन्यथा आंदोलन की स्थिति बनना तय है। शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है और इसे पाने की लड़ाई में जनता पीछे नहीं हटेगी।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन का पांचवां जिला सम्मेलन संपन्न

# सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों पर कड़ा विरोध, संघर्ष तेज करने का ऐलान




आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन (सीटू) का पांचवां जिला सम्मेलन सीटू कार्यालय चंबा में संपन्न हुआ। जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की निंदा करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। सम्मेलन में त्रिवर्षीय रिपोर्ट पास की गई और अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना बनाई गई, जिसमें सदस्यता दोगुनी करने व मांगों के लिए संघर्ष बढ़ाने पर जोर था।

सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर ने सरकार पर नए काम थोपने, फेस कैप्चरिंग जैसी मुश्किलों और नेटवर्क समस्याओं का आरोप लगाया। यूनियन ने फेस कैप्चरिंग फैसले को रद्द करने, ग्रेच्युटी, पेंशन, न्यूनतम वेतन व नियमितीकरण की मांगों को लेकर संघर्ष तेज करने की घोषणा की।

सम्मेलन में 35 सदस्यीय नई कार्यकारिणी भी बनी, जिसमें सरोज देवी जिला अध्यक्ष व अंजू देवी महासचिव चुनी गईं। उन्होंने सरकार की नीतियों का कड़ा विरोध करते हुए आंदोलन को और मजबूत करने का वादा किया। यूनियन के प्रयासों से मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड करने का भी निर्णय लिया गया है, जो बड़ी जीत मानी जा रही है।

# भरमौर हाईवे पर टारिंग कार्य बंद, लोगों में रोष

### खस्ताहाल बग्गा-ढकोग सड़क बनी हादसों की वजह, मणिमहेश यात्रा से पहले अधूरा कार्य

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान




**भरमौर।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर बग्गा से लेकर भरमौर तक चल रहा टायरिंग कार्य एक बार फिर अचानक बंद हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों में भारी नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि यह क्षेत्रीय भेदभाव का जीता-जागता उदाहरण है क्योंकि जहां सड़क की हालत ठीक थी वहां पहले ही टायरिंग कर दी गई, लेकिन बग्गा से ढकोग तक सबसे ज्यादा खराब सड़क को अनदेखा किया जा रहा है।

गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा इस हाईवे के रखरखाव व टायरिंग का कार्य 35 करोड़ रुपये के टेंडर के तहत भंभू कंपनी को सौंपा गया है। इसके अंतर्गत बग्गा से लेकर भरमौर तक लगभग 40 किलोमीटर सड़क को मणिमहेश यात्रा से पहले पक्का किया जाना था। लेकिन खड़ामुख से भरमौर तक लगभग 15 किलोमीटर सड़क पर ही कार्य हुआ है, जबकि बग्गा से मैंद्रा जीरो तक की कच्ची और गड्ढों से भरी सड़क जस की तस पड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सबसे ज्यादा खतरा इसी खस्ताहाल हिस्से से है, जहां हर रोज दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोग यह भी आरोप लगा रहे हैं कि कंपनी ने पहले से ही ठीक सड़कों पर दोबारा टायरिंग कर मुनाफा कमाने की कोशिश की, जबकि असल में जिन इलाकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी, उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।

स्थानीय लोग अब इस कार्य की समयबद्ध पूर्णता की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानी न झेलनी पड़े।

#### मणिमहेश यात्रा पर असर

**हर** साल लाखों श्रद्धालु मणिमहेश यात्रा पर इसी मार्ग से होकर भरमौर पहुंचते हैं। लेकिन वर्ष 2024 की यात्रा से पहले भी सड़क की हालत सुधरती नजर नहीं आ रही। यह न केवल प्रशासन की नाकामी दर्शाती है बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए भी असुविधाजनक स्थिति बन रही है।

#### प्रशासन की प्रतिक्रिया

इस विषय पर जिला परिषद सदस्य और एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने बताया कि एनएच विभाग और कंपनी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 28 जुलाई से कार्य दोबारा शुरू होगा, जिसकी शुरुआत बाजार वाले क्षेत्रों से की जाएगी।

## पर्यटन विकास निगम को बड़ी राहत निगम के पास रहेंगे 14 में से 6 होटल

अनंत ज्ञान, चंबा

**प्रदेश** पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) को प्रदेश सरकार के निर्णय में बदलाव के चलते बड़ी राहत मिली है। पहले सरकार ने निगम के 14 होटलों को आउटसोर्सिंग (ओएनएम) मॉडल पर देने का निर्णय लिया था, जिससे निगम के कर्मचारियों और प्रबंधन में चिंता का माहौल था। लेकिन पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली के निरंतर प्रयासों व सीएम सुक्खू से हुई प्रभावी बातचीत के बाद सरकार ने निर्णय पर पुनर्विचार किया।

संशोधित निर्णय के तहत अब एप्पल ब्लॉसम (फागू), लेक व्यू (बिलासपुर), बिलास होटल (चांशल-रोहड़ू), रोस कॉमन (कसौली), सरवरी (कुल्लू) और ममलेश्वर (चिंडी) जैसे 6 होटल एचपीटीडीसी के पास ही रहेंगे। इससे निगम को न केवल आर्थिक स्थिरता मिलेगी, बल्कि कर्मचारियों की नौकरियों और स्थानीय पर्यटन को भी मजबूती मिलेगी।



**आरएस बाली के प्रयासों की मनीष सरीन ने की सराहना**

डलहौजी से पूर्व विधानसभा चुनाव प्रत्याशी मनीष सरीन ने इस निर्णय का स्वागत किया व आरएस बाली की दूरदर्शिता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह फैसला पर्यटन विकास निगम के हित में है व आने वाले समय में इससे निगम को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

# भटियात मिनी प्रो कबड्डीः समोट में आज-कल दांव-पेंच का रोमांच

बबलू, अनंत ज्ञान

**भटियात।** शिव शक्ति यूथ क्लब हार के तत्वावधान में पहली बार समोट में आयोजित हो रही भटियात मिनी प्रो कबड्डी चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 26 और 27 जुलाई को सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोट के खेल मैदान में होगा।

इस आयोजन में हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 31,000 रुपए और उपविजेता को 21,000 रुपए नकद पुरस्कार मिलेगा। सर्वश्रेष्ठ रेडर और डिफेंडर को विशेष इनाम दिए जाएंगे। पंजीकरण शुल्क 1000 रुपए प्रति टीम निर्धारित है, जिसकी अंतिम तिथि 25 जुलाई है। सभी मुकाबले मैट पर होंगे और खिलाड़ियों के लिए किट और कबड्डी शूज अनिवार्य रहेंगे।

आयोजन के प्रायोजक भारद्वाज मल्टीकंप्लेक्स, आरके फूड प्वाइंट और कोहली क्लोथ हाउस हैं। प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी के लिए 70184-80501, 82197-56971, 78075-25800 नंबरों पर संपर्क करें। आयोजकों का उद्देश्य युवाओं को खेल मंच उपलब्ध कराना और ग्रामीण खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले से पहले चौगान में गंदगी चिंताजनक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला शुरू होने में अब 48 घंटे से भी कम समय रह गया है, लेकिन चौगान नंबर-1 में जगह-जगह फैला कचरा - प्लास्टिक बोतलें, रैपर और कप - इसकी सुंदरता को बिगाड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल सफाई अभियान चलाने की मांग की है ताकि देश-विदेश से आने वाले मेहमानों को स्वच्छ और व्यवस्थित माहौल मिल सके। लोगों का कहना है कि मिंजर मेला चंबा की पहचान है और इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए प्रशासन को समय रहते कदम उठाने चाहिए।

## किसानों और बागवानों की समस्याओं के समाधान के लिए नई टीम सक्रिय : दिनेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने जिला चंबा में किसान कांग्रेस की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से घर-घर पहुंचाने के लिए जिला कार्यकारिणी के विस्तार की मंजूरी दी है। यह जानकारी जिला अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने दी। विस्तार में शंकर दास, याकूब मलिक और हंसराज रावत को उपाध्यक्ष, सुरेश शर्मा को महासचिव तथा पी. सी. मिन्हास, करमू शर्मा 'सिंघू', चमन शर्मा, शिव दत्त और चूनी लाल को सचिव पद सौंपा गया है।

डॉ. दिनेश ने आशा व्यक्त की कि नई टीम किसान व बागवानों की समस्याओं के समाधान के साथ प्रदेश सरकार की योजनाओं को भी लाभार्थियों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी। अगले सप्ताह पदाधिकारियों का परिचय और कार्य आवंटन किया जाएगा।

## बैंक में घंटों इंतजार के बाद मिल रहा कैश, धरवाला में मिले एटीएम सुविधा



अनंत ज्ञान, धरवाला

**मैहला** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली नौ पंचायतों - किलोड, कुनेड, गांव, प्रीणा, राडी, वलोठ, खुन्देल, सुनारा और ब्रई - का केंद्र बिंदु धरवाला बाजार, जहां ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंक की सुविधा तो है, लेकिन एटीएम न होने के कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों सोनू ठाकुर, निकु राम, श्रवण कुमार, अमरजीत, बालकृष्ण आदि का कहना है कि किसी भी आपात स्थिति में कैश निकालने के लिए उन्हें चंबा जाना पड़ता है। इसके अलावा, बैंक में घंटों लंबी कतारों में खड़ा होना आम समस्या बन गई है।

लोगों की मांग है कि धरवाला में जल्द से जल्द एटीएम सुविधा शुरू की जाए ताकि आसपास की दूर-दराज पंचायतों से आने वाले लोगों को राहत मिल सके और बैंकिंग सेवाएं सुगम हों। अब यह मांग धीरे-धीरे जन आवाज बनती जा रही है।

### सूडोकू नवताल- 7502 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7501 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# सेवानिवृत्ति के बाद समाजसेवा में सक्रिय कैप्टन योग राज

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** भारतीय सेना के सेवानिवृत्त कैप्टन योग राज ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष देश की सेवा में समर्पित किए और अपने साहस, अनुशासन तथा कर्तव्यनिष्ठा से सेना में विशेष पहचान बनाई। सेवा के दौरान उन्होंने कई कठिन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियां निभाईं तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे समाजसेवा में सक्रिय हैं और एक समाजसेवी के रूप में शहीद परिवारों, पूर्व सैनिकों और जरूरतमंद लोगों की मदद करते हैं। ऑपरेशन विजय की सफलता के 26 साल पूरे होने पर उनसे अनंत ज्ञान ने विशेष बातचीत की। पेश हैं बातचीत के मुख्यांश।

**शहीद परिवारों की वर्तमान स्थिति क्या है?**
**उत्तर :** ऑपरेशन विजय के बाद शहीद परिवारों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। सरकार ने समय-समय पर वित्तीय सहायता, पेंशन, सीएसडी कैंटीन की सुविधाएं, उचित चिकित्सा सुविधा और अन्य कल्याणकारी योजनाएं उपलब्ध कराई हैं। इन प्रयासों से उनकी जीवन-स्थितियों में सकारात्मक बदलाव आया है।

**नौकरी, मुआवजा, मकान, भूमि, बच्चों की पढ़ाई जैसे वादे पूरे हुए?**
**उत्तर :** हां, सरकार द्वारा किए गए अधिकांश वादे पूरे हुए हैं। शहीद परिवारों को मुआवजा, पेंशन, मकान और बच्चों की पढ़ाई के लिए सहायता दी गई है। उच्च शिक्षा और सरकारी नौकरियों में विशेष रियायतें भी प्रदान की गई हैं।



सेवानिवृत्त कैप्टन योग राज

विशेष बातचीत

**कितने शहीद परिवार आज भी संघर्ष कर रहे हैं?**
**उत्तर :** हालांकि, अधिकतर परिवारों को सहायता दी गई है, फिर भी कुछ शहीद परिवार अभी भी जीवन को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके लिए समाज और सरकार को लगातार सहयोग करना जरूरी है।

**कितने शहीदों के भाई-बहन अब भी बेरोजगार हैं?**
**उत्तर :** कई शहीदों के भाई-बहन वर्तमान में सेना व अन्य सेवाओं में देशसेवा कर रहे हैं। कुछ युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार और समाज उनकी मदद के लिए प्रयासरत हैं।

**कारगिल युद्ध की खबर सबसे पहले आपको कैसे मिली?**
**उत्तर :** कारगिल युद्ध की खबर सबसे पहले सैन्य अधिकारियों और ट्रामा रेडियो चैनल से प्राप्त हुई। उस समय का माहौल बहुत तनावपूर्ण था और पूरा देश अपने वीर सैनिकों के लिए चिंतित और प्रार्थना में लीन था।

**शहादत का परिवार पर प्रभाव कैसा पड़ता है?**
**उत्तर :** शहादत से परिवार पर गहरा भावनात्मक असर पड़ता है। हालांकि, समाज और सरकार ने उन्हें देशभक्त के रूप में सम्मान दिया। सड़कों और भवनों का नामकरण शहीदों के नाम पर किया गया और परिवारों को प्रोत्साहित किया गया।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 26 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :** 1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** द्वितिया (22:42) : **नक्षत्र** आश्लेषा (15:51), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** हर्शाण (09:50), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:03-12:51)। **राहुकाल** (09:04-10:45)।

### विशेष दिन

- 26 जुलाईः सिंजारा आज।
- 26 जुलाईः अश्वत्थ मारुति पूजा आज
- करगिल विजय दिवस आज।

**मेषः** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृषः** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुनः** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्कः** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**सिंहः** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**कन्याः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुलाः** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिकः** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है।

**धनुः** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**मकरः** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभः** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीनः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन हैं।

## साल घाटी साहो संगठन ने की सड़क मरम्मत और परिवहन सुधार की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा। साल** घाटी साहो प्रगतिशील संगठन ने क्षेत्र की सड़क और परिवहन समस्याओं को लेकर लोक निर्माण विभाग और हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों से मुलाकात की। संगठन ने अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए संगेरा से साहो बस स्टैंड वाया मढी-कुठार सड़क की जर्जर स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया। बताया गया कि यह सड़क बीते 20 वर्षों से उपेक्षित है, जिस पर जगह-जगह डंगे टूट चुके हैं और नालियों की हालत खराब है। संगठन ने मांग की कि सड़क की शीघ्र मरम्मत हो ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिल सके और धार्मिक मेलों के दौरान जाम की समस्या से राहत मिले। वहीं, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम से मुलाकात में संगठन ने बताया कि चंबा-साहो मार्ग पर चलने वाली बसें जर्जर हालत में हैं और स्कूली समय में भारी ओवरलोडिंग होती है। विशेष रूप से शाम 4:20 बजे चलने वाली बस में 42 की सीट क्षमता के बावजूद 100 से अधिक सवारियां भर ली जाती हैं। संगठन ने छात्रों के लिए नई बस सेवा शुरू करने की मांग भी रखी और विभाग से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नौण विकास खण्ड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**PWMU हेतु निविदाएँ (कुटेशन) आमंत्रित करने बारे**

ग्राम पंचायत नौण विकास खण्ड गोहर जिला मंडी (हि0प्र0) के अंतर्गत ग्राम पंचायत नौण में ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन नीति 2024 के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं. PWMUS हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 06/08/2025 अपराह्न 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 07/08/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी।

सामग्री का विवरण :
1. PWMU का सञ्चालन एवं रख-रखाव
2. अपशिष्ठ परिवहन व्यवस्था
3. अपशिष्ठ प्रबंधन हेतु डोर-टू-डोर संग्रहण
4. स्वच्छता परिसंपत्तियों का रख-रखाव

उपरोक्त कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं.

नियम व शर्तें निम्न प्रकार से होंगी :- 1. निविदाएँ सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए. 2. विकास खण्ड गोहर से सम्बंधित स्थाई निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी. 3. पंजीकृत स्वयंसेवी संस्था को प्राथमिकता दी जाएगी. 4. इसके अतिरिक्त सरकार / प्रशासन / ग्राम पंचायत द्वारा समय समय पर प्राप्त निर्देश / नियम लागू रहेंगे.

प्रधान/ सचिव



**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, आशिमा कंवर** पुत्री आर्मी नं. 2484554F पूर्व हवलदार देविंदर सिंह कंवर निवासी गांव राजपुरा, डाकघर जाबली, तहसील कसौली, जिला सोलन (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम आशा कंवर से बदलकर आशिमा कंवर रख लिया है। कृपया नोट करें। शपथ पत्र संख्या IN-HP5338251709377X

**NAME CHANGE**

**I, Nup Ram** S/o sh.Narotu Ram Resident of Village Chachogi P.O. Naggar Tehsil and Distt. Kullu H.P. do here by solemnly and declare on oath as my all relevant documents or records, My name is recorded as Anup Ram where as now I have changed my name Anup Ram to Nup Ram. Today onwards my name be considered as Nup Ram for all purpose . Please consider note that.

**विश्वास** वह पक्षी है जो प्रभात के अंधकार में ही प्रकाश का अनुभव करता है और गाने लगता है -रवींद्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

# विकास बनाम संस्कृति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्टों में शामिल बिजली महादेव रोपवे को लेकर हिमाचल प्रदेश में इन दिनों जबरदस्त विरोध की लहर उठी हुई है। कुल्लू में स्थानीय जनता, देव समाज और पर्यावरण प्रेमी इस परियोजना के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। मंडी के सेरी मंच पर भी विरोध-प्रदर्शन हो चुका है और खास बात यह है कि भाजपा के ही कई वरिष्ठ नेता और यहां तक कि सांसद कंगना रनौत जैसे लोग भी इस परियोजना पर सवाल उठा चुके हैं। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर विरोध का कारण क्या है? क्या यह सिर्फ विकास का विरोध है या इसके पीछे कुछ गहरी और वाजिब चिंताएं छुपी हैं? बिजली महादेव न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि कुल्लू की देव संस्कृति का भी केंद्र बिंदु है। यहां हर साल हजारों श्रद्धालु भारी पैदल चढ़ाई कर दर्शन के लिए पहुंचते हैं और यह कठिन यात्रा भी श्रद्धा का हिस्सा मानी जाती है। स्थानीय देव समाज का मानना है कि रोपवे जैसी सुविधा आस्था की परंपरा में हस्तक्षेप करेगी और देवता की मर्यादा को ठेस पहुंचेगी।

इस परियोजना को लेकर बिजली महादेव देवता के गूर (मध्यम) ने भी विरोध प्रकट किया है और आदेश दिया है कि रोपवे नहीं लगना चाहिए। कुल्लू में देवताओं के आदेशों को सर्वोपरि माना जाता है और यदि देव समाज एकमत होकर किसी बात का विरोध करता है, तो वहां की जनता और राजनेता भी उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। दूसरी ओर, पर्यावरण प्रेमियों और कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि रोपवे प्रोजेक्ट से बिजली महादेव क्षेत्र की नाजुक पारिस्थितिकी को खतरा हो सकता है। पेड़ों की कटाई, निर्माण कार्य से होने वाली मिट्टी का क्षरण और भारी मानव गतिविधि से इलाके का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ सकता है। स्थानीय लोगों को यह भी आशंका है कि रोपवे बनते ही बिजली महादेव एक धार्मिक पर्यटन स्थल के बजाय एक कमर्शियल स्पॉट में तब्दील हो जाएगा। इससे स्थानीय रीति-रिवाज, संस्कृति और छोटे दुकानदारों पर असर पड़ सकता है। लोग मानते हैं कि यह जगह श्रद्धा की है, व्यवसाय की नहीं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या लोगों को विकास नहीं चाहिए? इस सवाल का जवाब है कि यह कहना सरासर गलत होगा कि कुल्लू के लोग विकास विरोधी हैं। वे सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर चाहते हैं, लेकिन ऐसा विकास जो स्थानीय संस्कृति और प्रकृति के अनुरूप हो। वे यह नहीं चाहते कि विकास के नाम पर उनकी धार्मिक आस्था, पारंपरिक व्यवस्था और पर्यावरण से खिलवाड़ किया जाए।

इस मामले को और पेचीदा बनाता है राजनीतिक विभाजन। भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेता, जो पहले इस परियोजना के समर्थन में थे, अब देव समाज के दबाव में या स्थानीय जनभावनाओं के मद्देनजर विरोध में खड़े हो गए हैं। वहीं, कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर दबाव है कि वह इस मुद्दे को सुलझाए, लेकिन बिना किसी धार्मिक या राजनीतिक टकराव के। अब सवाल यह उठता है कि क्या वाकई इस परियोजना को पूरी तरह रद्द कर देना चाहिए या कोई समाधान संभव है जो सभी हितधारकों को स्वीकार हो? प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह परियोजना से जुड़े सभी पक्षों- स्थानीय जनता, देव समाज, पर्यावरण विशेषज्ञ, स्थानीय विधायक, पर्यटन विभाग और निर्माण एजेंसी को एक मंच पर लाकर खुला संवाद शुरू करे। बिना संवाद के जबरन कोई निर्णय लेना आग में घी डालने जैसा होगा। सरकार और कंपनी द्वारा किए गए पर्यावरणीय मूल्यांकन को पूरी पारदर्शिता से जनता के समक्ष रखा जाए। अगर यह साबित हो कि परियोजना से गंभीर पर्यावरणीय खतरे नहीं हैं, तो इसके लिए विकल्प तलाशे जा सकते हैं। यदि देव समाज इस परियोजना का विरोध करता है, तो सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

उनके साथ बैठकर इस बात पर सहमति बनाई जाए कि कैसे उनकी धार्मिक मर्यादा को कायम रखते हुए परियोजना का पुन: निर्धारण हो सकता है। अगर परियोजना का उद्देश्य केवल पर्यटन को बढ़ावा देना है, तो क्यों न कुल्लू या आसपास के किसी अन्य क्षेत्र में रोपवे लगाया जाए जहां आस्था का सीधा टकराव न हो? परियोजना के साथ यदि स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की अनिवार्यता जोड़ी जाए, जैसे कि रोपवे संचालन में स्थानीय स्टाफ की नियुक्ति, दुकानों और सुविधाओं में आरक्षण, तो इससे आंशिक सहमति बन सकती है।

प्रशासन और सुक्खू सरकार को चाहिए कि तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य पर लगाई जाए और रोक तब तक हो जब तक सही ढंग से संवाद नहीं हो जाता। स्थानीय प्रतिनिधियों की एक समिति गठित की जाए, जो देव समाज, ग्राम पंचायत और पर्यटन विभाग के बीच सेतु का काम करे। इस विवाद को यदि समझदारी और सम्मान के साथ सुलझाया गया, तो यह विकास बनाम संस्कृति की लड़ाई नहीं, बल्कि संवेदनशील विकास का मॉडल बन सकता है, जिसकी हिमाचल जैसे राज्य को आज सबसे ज्यादा जरूरत है।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# समाज सुधारक और दलितों के हितैषी

**छत्रपति** साहू महाराज को भारत में सच्चे प्रजातंत्रवादी और समाज सुधारक के रूप में जाना जाता था। वे कोल्हापुर के इतिहास में एक अमूल्य मणि के रूप में आज भी प्रसिद्ध हैं। छत्रपति साहू महाराज ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने राजा होते हुए भी दलित और शोषित वर्ग के कष्ट को समझा और सदा उनसे निकटता बनाए रखी। उन्होंने दलित वर्ग के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की थी। गरीब छात्रों के छात्रावास स्थापित किए। साहू महाराज के शासन के दौरान 'बाल विवाह' पर ईमानदारी से प्रतिबंधित लगाया गया। उन्होंने अंतरजातिय विवाह और विधवा पुनर्विवाह के पक्ष में समर्थन की आवाज उठाई थी। इन गतिविधियों के लिए महाराज साहू को कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। साहू महाराज ज्योतिबा फुले से प्रभावित थे और लंबे समय तक 'सत्य शोधक समाज', फुले द्वारा गठित संस्था के संरक्षण भी रहे। उनके पिता का नाम श्रीमंत जयसिंह राव आबासाहब घाटगे था। छत्रपति साहू महाराज का विवाह बड़ौदा के मराठा सरदार खानवीकर की बेटी लक्ष्मीबाई से हुआ था। ■



छत्रपति साहू महाराज
जन्म : 26 जुलाई, 1874
मृत्यु : 10 मई, 1922



कविता

## जरा सुनिए तो

राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार (हि.प्र.)

*मालिक और किरायेदार, कभी न रहते सदाबहार।*

*जहां भी होता ज्यादा प्यार,*

*समझें बस होंगी तकरार।*

*सीमा तक हो गर व्यवहार, रहे हमेशा सबका प्यार।*

*कभी न साझा करें व्यापार, चाहे नफा हो गुणा हजार।*

*जहां न होता शिष्टाचार, वहां नहीं ठहरें संस्कार।*

*अपना आप संभालें यार, दूजों पर न करें विचार।*

*उल्टम पलटम लें आहार, होंगे पक्का हम बीमार।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# कारगिल युद्ध भारतीय सेना के अदम्य साहस की दास्तां




पाक के तत्कालीन वजीर-ए-आजम नवाज शरीफ ने सन् 1998 में किसी इख्तिलाफ के चलते अपने सिपहसालार जहांगीर करामत को सेवानिवृत्त कर दिया तथा दो अन्य वरिष्ठ जरनैलों को दरकिनार करके परवेज मुशर्रफ को पाक सेना का जरनैल बना दिया था। अक्तूबर 1998 में पाक सैन्य जनरल बनते ही परवेज मुशर्रफ ने भारत के कारगिल पर कब्जा करने के मंसूबे पर अमल करना शुरू कर दिया, ताकि सियाचिन ग्लेशियर को कश्मीर से अलग किया जा सके। परवेज मुशर्रफ तथा उसके मोतबर जरनैलों ने कारगिल मंसूबे को पूरी तजवीज से अंजाम दिया था। सन 1999 के दौर में भारतीय सेना सर्दियों के मौसम में कारगिल की चौकियों को खाली कर देती थी। मुशर्रफ ने उस मौके का लाभ उठाने की पूरी कोशिश की तथा कारगिल मंसूबे की नकल-ओ-हरकत को काफी हद तक खुफिया रखा। कारगिल में भारत के साथ लगते पाकिस्तान के इलाके को पाक सेना का 'फोर्स कमांड नॉर्दर्न एरिया' नामक डिवीजन संभालता है।

सन् 1999 में जावेद हसन उस एफसीएनए के कमांडर थे। परवेज मुशर्रफ ने कश्मीर के द्रास, मश्कोह तथा बटालिक के पहाड़ों पर पाक सेना की घुसपैठ की जिम्मेदारी जावेद हसन तथा पाक 'स्पेशल सर्विस ग्रुप' के कमांडर अशरफ रशीद नामक दो जरनैलों को सौंपी थी। पाक सेना ने कारगिल मंसूबे को ऑपरेशन 'कोह-ए-पैमा' नाम देकर घुसपैठ के लिए पाक सेना की 'नॉर्दर्न लाइट इंफेंट्री', एसएसजी तथा आजाद कश्मीर रेजिमेंट के साथ कई अन्य दस्तों को चुना था। घुसपैठ करने वाले पाक सैनिकों को सैन्य वर्दी के बजाए सिविल लिबास में मुजाहीद्दीनों का भेष धारण करने का आदेश था, ताकि जब कारगिल का मंसूबा आलमी सतह पर बेपर्दा होगा तो घुसपैठ कर चुके पाक सैनिकों को मुजाहीद्दीन करार देकर पाक सेना अपना पल्ला झाड़ लेगी। जनवरी 1999 में पाक फौज कारगिल में घुसपैठ शुरू कर चुकी थी। घुसपैठ कराने में अहम किरदार निभाने वाले स्कर्दू में तैनात पाक सेना की 62वीं ब्रिगेड के कमांडर नुसरत सियाल कारगिल संघर्ष के दौरान हेलिकॉप्टर हादसे में हलाक हो गए थे। कारगिल सरहद के साथ लगते 'मिनिमर्ग' के सैन्य कमांडर 'मसूद असलम' ने कारगिल में पाक घुसपैठ का दायरा बढ़ाने के लिए परवेज मुशर्रफ को उकसाने में शिद्दत भरा रोल निभाया था। कारगिल जंग में हलाक होने वाले पाक सैनिकों की लाशें उठाने का जिम्मा '12 एनएलआई' के कर्नल खालिद नजीर तथा फ्रंटियर फोर्स के कर्नल मुस्तफा को सौंपा गया था। 20 फरवरी 1999 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जब दिल्ली-लाहौर 'सदा-ए-सरहद' नामक बस यात्रा के जरिए अमन का पैगाम लेकर पाकिस्तान पहुंचे तो पाक के वजीर-ए-आजम नवाज शरीफ ने लाहौर के गर्वनर हाउस में 'जो हम पे गुजरी बच्चों संग न होने देंगे हम जंग न होने देंगे'।



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

इस नज्म को पढ़कर भारत के प्रधानमंत्री को खुशामदीद कहा, लेकिन रिश्तों की गर्मजोशी जल्द ही अदावत में बदल गई। पाकिस्तान ने 21 फरवरी 1999 के लाहौर समझौते को दरकिनार करके 'एलओसी' को पार करके कारगिल में मंसूबाबंदी को अंजाम देकर अपना असल चेहरा दिखा दिया। कारगिल जंग के सूत्रधार परवेज मुशर्रफ, अजीज खान, महमूद अहमद व जावेद हसन चार जरनैलों ने 17 मई 1999 को पाक सेना के 'ओजढ़ी कैंप' में जब पाक के वजीर-ए-आजम को कारगिल मंसूबे की ब्रीफिंग पेश की तो नवाज शरीफ अमन का पैगाम देने वाली उस नज्म को भूलकर कश्मीर का आलमगीर बनने का ख्वाब मखसूस अंदाज में देखने लगे। कारगिल में पाक फौज की घुसपैठ की पुख्ता जानकारी के बाद मई 1999 में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' लॉन्च करके पूरी तजवीज से हमला किया तो कारगिल का महाज पाक फौज की कयामत का खौफनाक मंजर पेश करने लगा। कश्मीर हथियाने की जहालत भरी ख्वाहिश रखने वाले पाक हुक्मरानों को उम्मीद नहीं थी कि भारत इतनी शिद्दत से पलटवार करेगा कि कारगिल के पहाड़ पाक सेना की कब्रगाह साबित होंगे। 10 जून 1999 को भारतीय सेना ने एक भयंकर हमले में पाक सेना के कैप्टन फरहत हसीब 'सितारा-ए-जुर्रत' को उसके पूरे सैन्य दल के साथ हलाक करके वहीं सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

पाक फौज की बेरहमी से हो रही हलाकत से खौफजदा होकर पाक के वजीर-ए-खारजा अमन का पैरोकार बनकर 12 जून 1999 को दिल्ली में तशरीफ ले आए, मगर भारत ने मुजाकरात की पेशकश को ठुकरा दिया। सरताज अजीज बेआबरू होकर पाक वापस लौटे। 13 जून 1999 को '2 राजपुताना राइफल' ने तोलोलिंग चोटी पर पाक कैप्टन अनवर खान को 'नॉर्दर्न लाइट' की पूरी कंपनी के साथ हलाक करके जहन्नुम की परवाज पर भेज कर तिरंगा फहरा दिया। तोलोलिंग की विजय युद्ध का निर्णायक मोड़ था। तोलोलिंग के बाद सेना का अगला लक्ष्य था 17 हजार फुट की बुलंदी पर मौजूद 5140 शिखर। जिस पर सैन्य कारवाई का जिम्मा '13 जैकरिफ' को सौंपा गया था। 20 जून 1999 की रात को कैप्टन विक्रम बत्रा तथा कैप्टन संजीव जम्वाल के नेतृत्व में सेना ने जोखिम भरे मिशन को अंजाम देकर प्वांइट 5140 को पाक सेना के कब्जे से मुक्त कराया। उस हमले में अहम किरदार अदा करने वाले हिमाचल के तीन शूरवीरों कैप्टन संजीव जम्वाल, नायक देव प्रकाश व सूबेदार मेहर सिंह को सेना ने 'वीर चक्र' प्रदान किए थे। द्रास सेक्टर के प्वांइट 5140 पर तिरंगा फहराकर विक्रम बत्रा ने अपना विजयी कोडवर्ड 'ये दिल मांगे मोर' का सिग्नल नसर करके कारगिल की हदूद से आगे बढ़ने की हसरत जाहिर की तो 'गजवा-ए-हिंद' का ख्वाब देखने वाले पाक हुक्मरानों को 'पीओके' खोने का डर सताने लगा। भारतीय सेना के अचूक प्रहारों से मफलूज हो चुकी पाक फौज को कारगिल के पहाड़ों से निकालना पाकिस्तान के लिए गले की फांस बन चुका था। आखिर अपनी गैरत बचाने के लिए पाक जरनैलों ने चार जुलाई 1999 को नवाज शरीफ को अमेरिका भेजकर बिल क्लिंटन की कदमबोसी करने पर मजबूर कर दिया, लेकिन अमेरिका भी पाकिस्तान के शरीक-ए-गम में शामिल नहीं हुआ।

5140 चोटी को फतह करने के बाद सेना ने विक्रम बत्रा के नेतृत्व में मश्कोह घाटी में मौजूद 4875 शिखर पर सैन्य ऑपरेशन को अंजाम दिया। उसी आक्रामक सैन्य कारवाई के दौरान सात जुलाई 1999 को बहादुर सैनिक विक्रम बत्रा बलिदान हो गए। राइफल अंतिम समय तक हाथ में ही रही। विक्रम बत्रा की शहादत के प्रतिशोध में सेना ने जोरदार पलटवार करके 4875 शिखर पर मौजूद पाक कैप्टन इम्तियाज अली सहित 12 पाक सैनिकों को मौत के घाट उतार कर शहादत का इंतकाम पूरा किया। युद्ध में बेमिसाल शौर्य की इबारत लिखने वाले कैप्टन विक्रम बत्रा को सर्वोच्च सैन्य सम्मान 'परमवीर चक्र' (मरणोपरांत) से नवाजा गया था। मुशर्रफ को जरनैल बनाने की नवाज शरीफ की नवाजिश भयंकर भूल साबित हुई। जब 12 अक्तूबर 1999 को नवाज शरीफ का सैन्य तख्तापलट करने वाला अहम किरदार भी मुशर्रफ ही बना था। बहरहाल, दुनिया के सबसे खूंखार युद्धों में शुमार कारगिल जंग में भारतीय सेना के 527 शूरवीरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर 'ऑपरेशन विजय' को अंजाम तक पहुंचाया था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# सक्षम कर्मचारी नियुक्तियां समय की मांग

सरकारी कर्मचारी अपनी सेवाओं से जनता को लाभान्वित करें। आज हिमाचल प्रदेश को ऐसे ही सक्षम और संवेदनशील कर्मचारियों की आवश्यकता है। वे कर्मचारी जो जनता के कार्यों को बोझ समझकर करते हैं, वे अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं कर पाते। अधिकांश लोग इस बात से अंजान हैं कि कर्मचारियों को मिलने वाला वेतन उसी टैक्स से आता है, जिसे जनता अदा करती है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर

राज्य सरकारों ने विभिन्न विभाग जनता की सुविधाओं के लिए बनाए हैं। ऐसे में सरकारी कर्मचारियों को जनता के प्रति जवाबदेह और कर्तव्यनिष्ठ होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्यवश, प्रदेश के कुछ विभागों में ऐसे कर्मचारी कार्यरत हैं जो जनता की समस्याओं की उपेक्षा कर रहे हैं। यदि कर्मचारी जवाबदेह होते, तो पूर्व भाजपा सरकार को जनमंच जैसे आयोजन करवाने की आवश्यकता न पड़ती और न ही वर्तमान सरकार को लोक अदालतों के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुननी पड़तीं। इसके विपरीत, सरकारी विभागों में जहां नई भर्तियां होनी चाहिए थीं, वहां सेवा-निवृत्तियों का दौर चल रहा है। सरकारें राजस्व बचाने के लिए आउटसोर्स, अनुबंध और पीटीए जैसी व्यवस्थाओं के सहारे जनता को सुविधा देने का दावा कर रही हैं। इन व्यवस्थाओं में नियुक्त किए गए नवसिखिए कर्मचारी जहां सरकारी खजाना बचाने में सहायक हो सकते हैं, वहीं उनकी अनुभवहीनता के कारण आम जनता की समस्याएं लंबित होती जा रही हैं।

इस असंतुलन में अमीर व्यक्ति तो सरकारी कार्यालयों में आसानी से काम निकाल लेता है, लेकिन गरीब आदमी घंटों कतार में खड़ा रहता है। कम मानदेय पर काम करने वाले इन कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता है, जिससे भ्रष्टाचार की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। जब सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने जॉब ट्रेनी योजना की शुरुआत की, तो उसके विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए, लेकिन सच यह है कि 14 मई, 2025 के बाद की गई तमाम भर्तियों को अब इसी योजना के तहत माना जाएगा। राज्य सरकार ने 19 जुलाई, 2025 को जॉब ट्रेनी योजना को अधिसूचित किया है, जो ग्रुप ए, बी और सी के पदों पर लागू होगी। यदि किसी विभाग ने 14 मई के बाद किसी भर्ती अथॉरिटी को रिक्विजिशन भेजा है, तो उसे इस योजना के अनुरूप संशोधित करना होगा।



सरकार इस दिशा में किसी भी ढील को गंभीरता से लेगी और जिम्मेदारी तय करेगी। कार्मिक विभाग ने यह आदेश सभी विभागाध्यक्षों, उपायुक्तों, मंडलायुक्तों, बोर्ड, निगम, सोसायटीज और राज्य की भर्ती एजेंसियों तक पहुंचाए हैं। आज बेरोजगारी वह दीमक बन चुकी है जो हमारी युवा पीढ़ी को अंदर ही अंदर खोखला कर रही है। युवा मानसिक तनाव, नशा और यहां तक कि आत्महत्या तक कर रहे हैं। चुनावों में बेरोजगारी समाप्त करने की गारंटी देने वाले दल सत्ता में आने के बाद अपने वादे भूल जाते हैं।

कांग्रेस ने चुनावों से पूर्व पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन सरकार की आर्थिक हालत इतनी दयनीय है कि तीन साल बीत जाने के बाद भी यह वादा अधूरा है। हालांकि सरकार वन मित्र, कृषि मित्र, रोगी मित्र, आपदा मित्र जैसी योजनाओं से राहत देने का प्रयास कर रही है, लेकिन इन पदों का वेतन एक दिहाड़ी मजदूर से भी कम है। प्रदेश सरकार विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है, लेकिन विदेशों में भी अब काम पहले जैसा आसान नहीं रहा। कई अनिवासी भारतीय वापस भारत लौटने को मजबूर हैं। इसके पीछे शिक्षा का विफल होना भी एक बड़ा कारण है। आज की शिक्षा महंगी तो है ही, साथ ही रोजगार की गारंटी देने में असफल है। नतीजतन युवाओं की निराशा और सामाजिक टूटन। ऐसे में जॉब ट्रेनी योजना को लेकर भ्रांतियां फैलाना, युवाओं के मनोबल को गिराने जैसा है। यह योजना दो वर्षों में 60 प्रतिशत वेतन देने और कार्य अनुभव के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का अवसर देती है।

इस अनुभव से न केवल युवा आगे स्थायी रोजगार के लिए तैयार होंगे, बल्कि सेवा का भाव भी विकसित होगा। इसलिए सरकार की इस योजना को समझदारी से परखने की आवश्यकता है। ट्रेनी जॉब योजना में कोई बुराई नहीं, बशर्ते युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्थायी और सम्मानजनक भविष्य की ओर बढ़ाया जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**वर्तमान** समय में विद्यार्थी के लिए स्कूल या होम पर एक घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 25 मिनट धीरे-धीरे दौड़ना तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं से कूलडाऊन करना होगा। कम से कम 15 मिनटों तक तेज चलने से क्रियाओं से रक्त संचार तेज होता है। पिछले कुछ वर्षों में कई युवाओं ने हृदयघात से इस दुनिया से अलविदा कह दिया है। जब छोटी अवस्था में फिटनेस पर काम नहीं होगा, तो ऐसे हालात आम देखने को मिलेंगे। विद्यार्थी का मन का विकास स्कूल का काम है तो फिर विद्यार्थी के स्वास्थ्य का जिम्मेदार कौन होगा? शिक्षा के लिए विद्यार्थी का स्कूल में होना अनिवार्य है। इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्द उठा लेने चाहिएं कि विद्यार्थी की शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक कसरत भी बहुत जरूरी है। साथ ही विद्यार्थियों और युवाओं को स्वयं भी अपने शरीर की संभाल करते हुए, हर दिन कुछ समय निकालकर व्यायाम करना चाहिए, ताकि वे स्वस्थ रहे और हर कार्य में उनका ध्यान केंद्रित रहे।

**-अंकित कुमार, नूरपुर**

# आम आदमी के क्षितिज को समर्पित है भारत की अंतरिक्ष यात्रा

इसकी शुरुआत बेमुश्किल दिखाई दे रही, एक दरार से हुई—जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवत: एक छोटी सी खामी रही होगी, लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब मांगा। उन्होंने काम चलाऊ उपायों की बजाए, मरम्मत पर जोर दिया और ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ एक मिशन की रक्षा की, बल्कि—एक सपने की भी हिफाजत की। उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के जरिए कक्षा में पहुंचे।



डॉ. जितेंद्र सिंह
केंद्रीय मंत्री

एक दिन बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह—न सिर्फ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भी भारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए। यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटी प्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है, लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहां पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहां यह समझना कि माइक्रोग्रैविटी में भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है। इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययन—इन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए



जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक्सप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज में सहायक हो सकता है। शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएं अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं।

यह निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा। अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि—ये ऐसे जीव हैं, जो संभवत: किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं—तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में आना शामिल है। इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा, ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें। यहां तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया।

शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है-जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है। ये कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। ये समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है—चाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो। इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा जोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की।

नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहां भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है। पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे। शुक्ला अब लौट आए हैं, और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी। यह सिर्फ एक अंतरिक्ष यात्री की बात नहीं है। यह एक राष्ट्र के उत्थान की बात है। यह अंतरिक्ष विज्ञान को जनसेवा में बदलने की बात है। यह माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान के लाभ भारत के कोने- कोने तक —दूरदराज के गांवों में सैटेलाइट इंटरनेट से लेकर शहरी अस्पतालों में पुनर्योजी चिकित्सा तक पहुंचाना सुनिश्चित करने की बात है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, गगनयान का आशय है किसी भारतीय को भारतीय साधनों के द्वारा अंतरिक्ष में पहुंचाना।

एक्सिओम-4 एक पूर्वाभ्यास है, अवधारणा का प्रमाण है, आकांक्षा और उपलब्धि के बीच का सेतु है। और जब हम तारों को देखते हैं, तो हम उन्हें सिर्फ अचरज भरी निगाहों से ही नहीं निहारते, बल्कि इरादे से देखते हैं, क्योंकि भारत के लिए आकाश कोई सीमा नहीं, बल्कि प्रयोगशाला है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# राहत व पुनर्निर्माण कार्यों में लाएं तेजी : नेगी

## राजस्व मंत्री ने सराज में आपदा प्रभावितों से की मुलाकात, मकान व फसलों के नुकसान पर मिलेगा मुआवजा

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**


सराज के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावितों से मुलाकात करते हुए राजस्व मंत्री।

**गोहर।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने सराज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनके हालात जाने और नुकसान का स्थल पर जाकर जायजा लिया। मंत्री ने ग्राम पंचायत पखरैर के देजी, थुनाग बाजार, लंबाथाच, जरोल, पांडव शिला, धारजरोल, बायोड, बुंग रैलचौक, शोढाधार, जंजैहली, ढीमकटारू और संगलवाड़ा जैसे गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोक निर्माण, जल शक्ति और विद्युत बोर्ड के माध्यम से चल रहे राहत व पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। मंत्री ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं ग्राउंड जीरो से राहत प्रयासों की निगरानी कर रहे हैं और सरकार पूरी तरह से प्रभावितों के साथ खड़ी है। राजस्व मंत्री ने कहा कि जिन परिवारों के मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें सरकार की ओर से 7 लाख तक की सहायता राशि दी जाएगी, जो कि देश में आपदा राहत के तहत सबसे अधिक है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि मकान निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करवाना सबसे बड़ी चुनौती है, क्योंकि हिमाचल की अधिकतर खाली भूमि वन अधिनियम (एफसीए) के तहत आती है और इसे बदलना कानूनी रूप से कठिन है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश विधानसभा ने केंद्र सरकार को एफसीए में छूट के लिए प्रस्ताव भेजा है, जो अभी विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त, जिन लोगों की जीवनचर्या वन भूमि पर निर्भर है, वे 'वन अधिकार अधिनियम' के अंतर्गत पात्रता अनुसार भूमि प्राप्त कर सकते हैं। जगत सिंह नेगी ने यह भी जानकारी दी कि कृषि, बागवानी और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से फसलों व बागवानी को हुए नुकसान का मूल्यांकन करेंगे। सरकार ने वर्ष 2023 के राहत पैकेज के तहत मुआवजा राशि में बढ़ोतरी की है, जिसमें पशुधन को हुई हानि भी शामिल है। इसके पश्चात मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निहरी सुनाह व राजकीय महाविद्यालय लंबाथाच का भी निरीक्षण किया। महाविद्यालय प्राचार्य विक्रम ठाकुर ने अवगत करवाया कि वर्तमान में 395 छात्र-छात्राएं कॉलेज में अध्ययनरत हैं। इस अवसर पर मिल्क फेड के पूर्व अध्यक्ष चेत राम ठाकुर, एचपीएमसी निदेशक जोगिंदर गुलेरिया, आयोग सदस्य विजय पाल सहित अनेक वरिष्ठ नेता, अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कुमारी नीतिका को मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना में मिली सरकार की ममतामयी छांव

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** जिले में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए प्रदेश सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में लागू की गई मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना और इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना ऐसे बच्चों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी हैं।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि 30 जून को आई आपदा में चच्योट तहसील की ग्राम पंचायत तलवाड़ा की कुमारी नीतिका, जिन्होंने अपने पिता रमेश कुमार को खो दिया, को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' योजना के अंतर्गत लाभार्थी बनाया गया है। उन्हें प्रतिमाह 4,000 रुपए की सहायता राशि दी जा रही है, जो कि जुलाई व अगस्त के लिए 8,000 रुपए के रूप में उनके खाते में भेज दी गई है। यह आर्थिक सहायता नीतिका को 27 वर्ष की आयु तक मिलती रहेगी। प्रदेश सरकार का यह कदम संकट की घड़ी में बच्चों को जीवन की नई दिशा देने का प्रयास है।

### इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के लाभार्थी

**करसोग** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सनारली के दो परिवारों के पांच बच्चों को इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना में शामिल किया गया है। भुट्टी गांव के दिवंगत ललित कुमार के तीन बच्चों कृतिका, अंशिका व राघव को शिक्षा के लिए प्रति बच्चा 1,000 रुपए की सहायता दी जा रही है। इसी पंचायत के सुरमू गांव के दिवंगत जीत राम के दो बच्चों परमजीत और रणजीत को भी योजना में शामिल किया गया है। इन सभी को जुलाई व अगस्त की 2,000 रुपए की राशि जारी कर दी गई है।

### सराज में और आठ मामले चिन्हित : उपायुक्त

उपायुक्त ने बताया कि सराज क्षेत्र में ऐसे आठ और पात्र बच्चों की पहचान की गई है, जिनके दस्तावेज पूरे किए जा रहे हैं। इन सभी को भी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी आपदा प्रभावित बच्चा योजनाओं से वंचित न रह जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### 200 ग्राम चरस सहित व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना हटली पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 200 ग्राम चरस बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह मामला थाना हटली में एफआईआर नंबर 80/25, एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत दर्ज किया गया है। आईएआई शैलेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गश्त, यातायात जांच और नशीले पदार्थों की निगरानी के लिए धौलखान क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति मारुति ऑल्टो 800 (एचपी 32बी-2680) में चरस लेकर नेरचौक से जाहू की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर शनि देव मंदिर के पास नाकाबंदी की गई और संदिग्ध गाड़ी को रोका गया। कार चालक की पहचान पदमनाभ (53 वर्ष), निवासी गांव गुनास, डा. शिकावरी, तहसील थुनाग, जिला मंडी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसकी कार की परिचालक सीट के नीचे से एक हल्के नीले रंग का पारदर्शी कैरी बैग बरामद हुआ, जिसमें 200 ग्राम चरस थी। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच थाना हटली के अन्वेषण अधिकारी शैलेंद्र कुमार द्वारा की जा रही है।

### चौहार घाटी के लचकंडी गांव में रोपे पौधे

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक वूटा मां के नाम योजना के तहत शुक्रवार के दिन चौहार घाटी के लचकंडी गांव के समीप चौहार घाटी के थल्टूखोड़ में स्थित एसआरडीए समाजसेवी संस्था के संचालक सोबर दत्त की अगुवाई में भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष संत राम ठाकुर, महिला मंडल लचकंडी की प्रधान राम देई तथा अन्य महिलाओं, राजकीय उच्च पाठशाला मठियाना के बच्चों, राजकीय प्राथमिक पाठशाला लचकंडी के बच्चों ने पौधा रोपण में भाग लिया। उससे पहले पौधरोपण में भाग लेने वाले सभी लोगों को वन परिक्षेत्र अधिकारी केशव राम बीओ राम लाल तथा वनरक्षक जोगिंद्र सिंह ने पौधरोपण की जानकारी प्रदान करवाई। इस मौके पर खंड जैविक प्रमुख कृष्ण चंद का भी सहयोग रहा।

### महादेव-धनोटू मार्ग पर फैली गंदगी, लोग परेशान

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** महादेव-धनोटू मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। रुक-रुक कर हो रही बारिश के चलते प्लास्टिक कचरा, कीचड़ और बदबूदार गंदगी ने पूरे मार्ग को प्रदूषित कर दिया है। नालियों से बहती गंदगी न सिर्फ दुर्गंध फैला रही है, बल्कि महामारी फैलने का खतरा भी बढ़ा रही है। सड़क किनारे टूटे हुए आरसीसी पाइप, भारी पत्थर और लकड़ी के टुकड़े पैदल चलने वालों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। यह क्षेत्र राष्ट्रीय उच्च मार्ग 21 से जुड़ा होने के बावजूद, न तो संबंधित विभाग और न ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी कोई गंभीर कदम उठा रही है। स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि महादेव, धनोटू और घांघल जैसे गांव धीरे-धीरे गंदगी के डंपिंग ज़ोन में तब्दील हो रहे हैं। लोगों ने ग्राम पंचायतों और उपायुक्त मंडी से मांग की है कि क्षेत्र में शीघ्र सफाई अभियान चलाकर स्थिति को सामान्य बनाया जाए।

### सरकाघाट में 2 घंटे बंद रहा आधा बाजार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** तालंगरा में हुई बस हादसे को लेकर आज सरकाघाट में आधा बाजार 2 घंटे के लिए बंद रहा लोअर बाजार के व्यापारियों ने शोक स्वरूप अपनी दुकाने बंद रखी और दिवंगत आत्माओं की शांति को लेकर सरकाघाट सेंट्रल पार्क में शोक सभा का आयोजन करके 2 मिनट का मन रखकर प्रार्थना की और घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की इसके अलावा जिन व्यापारियों ने व्यापार मंडल के आह्वान के बावजूद भी दुकाने खोल रखी थी उनकी कड़े शब्दों में निंदा की गई। वहीं बाग और मसेरन पंचायत के 8 लोगों की बस दुर्घटना में मौत हुई है आज दोनों पंचायत में लोकसभा का आयोजन किया गया बाग पंचायत के प्रधान रिंकू सिंह मसेरन पंचायत प्रधान नरेश शर्मा गोपालपुर पंचायत सचिव यूनियन के अध्यक्ष लेखराज वर्मा की अध्यक्षता में समस्त पंचायत सदस्यों ने हादसे में मृतक के प्रति 2 मिनट का मौन रखा और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की ।

### मसेरन बस हादसे पर किया शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पेंशनर्स महासंघ गोपालपुर एवं धर्मपुर ब्लॉक की संयुक्त मासिक बैठक सरकाघाट में आयोजित की गई। प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मसेरन बस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि महासंघ एक गैर-राजनीतिक मंच है, लेकिन यदि पेंशनर्स के हितों की अनदेखी हुई तो वे आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। बैठक में स्याठी गांव के पीड़ितों की मदद के लिए आर्थिक सहायता देने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर सरकाघाट खंड प्रधान रमेश ठाकुर, महासचिव जगदीश नरयाल, कोषाध्यक्ष राम लाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### जेबकतरे सक्रिय, बुजुर्ग बन रहे निशाना

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शहर में जेबकतरे फिर सक्रिय हो गए हैं और खासकर बुजुर्गों को निशाना बना रहे हैं। गुरुवार सुबह मकड़ेना निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेम सिंह की जेब से बाजार जाते समय 680 रुपये अज्ञात युवक ने उड़ा लिए। यह 10 दिनों में इस तरह की दूसरी घटना है। इससे पहले रेलवे स्टेशन के पास एक बुजुर्ग शिकार बने थे। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र में डर का माहौल है। नागरिकों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।

### कॉलेज शौचालयों की बदहाली पर भड़के छात्र

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में शौचालयों की खराब स्थिति को लेकर छात्र समुदाय में गहरी नाराजगी है। कॉलेज की एनएसयूआई इकाई के अध्यक्ष अर्पित वर्मा ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए कॉलेज प्रशासन को एक लिखित ज्ञापन सौंपा। अर्पित वर्मा ने मांग की कि शौचालयों की तत्काल सफाई करवाई जाए और वहां नए फ्लश टैंक सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने कहा कि कॉलेज में रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी आते हैं, लेकिन शौचालयों की बदहाल हालत के कारण उन्हें असुविधा झेलनी पड़ रही है। एनएसयूआई अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो छात्र संघ को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ेगी। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय छात्र-छात्राओं में भी रोष व्याप्त है और वे अर्पित वर्मा के इस प्रयास का खुलकर समर्थन कर रहे हैं।

### सरकारी भूमि पर उगी भांग बनी चिंता का विषय

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** हादेव क्षेत्र की सरकारी भूमि पर तेजी से फैली भांग और जहरीली घास स्वच्छता और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भांग के बढ़ते प्रसार ने नशेड़ियों को सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने का अवसर दे दिया है, जिससे युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। बुद्धिजीवियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक परिसरों में उगी भांग प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक है। बार-बार मांग के बावजूद अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने उपायुक्त मंडी से अनुरोध किया है कि भांग और जहरीली घास को तत्काल उखाड़कर नशे पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।

# बघेर रक्तल के पंचायत सचिव की कार्यशैली से नाराज ग्रामीण, तबादले की उठाई मांग


विधायक प्रकाश राणा से एक शिष्टमंडल ने इस मुद्दे पर हस्तक्षेप की मांग की।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

ग्राम पंचायत बघेर रक्तल के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव कमला देवी की कार्यशैली पर नाराज़गी जताते हुए मुख्यमंत्री से उनके तबादले की मांग की है। पंचायत प्रधान आंचल दामोदरदास, पिंकी देवी, राजू देवी व पीसी देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि सचिव महीने में केवल कुछ ही दिन और सीमित समय के लिए पंचायत कार्यालय आती हैं, जिससे जनहित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वित्त आयोग की मजदूरी, एमबी होने के बावजूद, एक साल से रोकी गई है। सचिव पर अभद्र व्यवहार और पक्षपात के भी आरोप लगे हैं।

एक शिष्टमंडल ने विधायक प्रकाश राणा से मिलकर इस मुद्दे पर हस्तक्षेप की मांग की। वहीं, सचिव कमला देवी ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए पंचायत प्रधान पर गलत कामों के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही।

# बस की स्टेपनी ने किया ज्यादा नुकसान

## एचआरटीसी बस हादसा : हेड इंजरी से हुई अधिकतर मौतें और मल्टीपल फ्रैक्चर

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** एचआरटीसी बस हादसे में बस के भीतर रखी स्टेफनी ने लोगों को सबसे ज्यादा चोटें पहुंचाई, ऐसा प्रत्यक्षदर्शी और घायलों का कहना है। क्योंकि एचआरटीसी द्वारा जेएनएनआरयूएम जवाहरलाल नेहरू नेशनल अर्बन रिन्यूअल मिशन के तहत जितनी भी बसें ली गई हैं उन सब में स्टेफनी रखने के लिए बाहर कोई भी जगह नहीं है और सभी स्टेफनी टायर को बसों के भीतर ही रखा गया है, जहां पर सवारियां बैठती हैं।

हादसे वाली बस के भीतर भी स्टेफनी अंदर ही रखी गई थी। जैसे ही बस ने पलटे खाए स्टेपनी सवारियों के काल का कारण बनी। क्योंकि बस के भीतर अधिकतर लोगों को हेड इंजरी हुई और मल्टीपल फ्रैक्चर हुए हैं, जिसका बड़ा कारण यह स्टेफनी भी मानी जा रही है। घटना के बाद सरकाघाट बस अड्डे में खड़ी इसी जेएनएनआरयूएम की अन्य बसों का अनंत ज्ञान संवाददाता ने निरीक्षण किया। सभी की स्टेफनी बिना नट बोल्ट के अंदर ही रखी हुई थी।



बस के अंदर बिना नट बोल्ट के रखी गई स्टेपनी।

### क्या कहते हैं डॉक्टर सुरेंद्र

**नागरिक** अस्पताल सरकाघाट में पांच शवों का पोस्टमार्टम करने वाले वरिष्ठ डॉक्टर सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि अधिकतर मौत हेड इंजरी के कारण हुई है और जो सवारियां घायल हुई है उन्हें भी मल्टीपल फ्रैक्चर हुए हैं।

इस मॉडल की बसों में स्टेफनी बाहर रखने का कोई भी प्रावधान नहीं है, बल्कि स्टेपनी अंदर रखी होती है। उन्हें नट बोल्ट से कसा जाता है, अगर स्टेपनी खुली रखी थी, तो इस बारे में जांच करेंगे।

**-मेहरचंद, प्रबंधक एचआरटीसी सरकाघाट।**

# कृतिका ने बनाई सबसे अच्छी पेंटिंग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



जागरूकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर मंडी में एंटी ड्रग क्लब के द्वारा ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग अभियान के तहत जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, नारे लेखन, निबंध लेखन और एक रैली का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नारे लेखन तथा निबंध लेखन से की गई। पोस्टर और स्लोगन में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और समाज को जागरूक करने के लिए शक्तिशाली संदेश दिए।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम भी कमेटी के द्वारा घोषित किए गए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिका बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान सूक्ष्म बीए प्रथम वर्ष तथा कृष भारद्वाज बीए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में प्रथम स्थान शगुन राणा बीकॉम तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान दिलशान गुलेरिया बीए प्रथम वर्ष व स्नेहा बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में नीतेश बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान अमित बीकॉम द्वितीय वर्ष तथा मनीष बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. विवेकानंद शर्मा, प्रो. मोहिंद्र सिंह, प्रो. विजय, प्रो. शैली ठाकुर, प्रो. ओम प्रकाश, प्रो. पूजा भारद्वाज, प्रोफेसर अभिषेक शर्मा, मनोज, डॉ. माला, मोहर सिंह, शीतल सहित कई मौजूद रहे।

# बादल फटने की घटना से बहकर आई प्राचीन मूर्ति

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में हाल ही में हुई भारी बारिश और बादल फटने की घटना से सरकोल के डांगा नाला के समीप एक प्राचीन मूर्ति बहकर आई। स्थानीय लोगों द्वारा मूर्ति मिलने की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ और उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग गौरव महाजन द्वारा स्थिति का जायजा लिया गया। जांच के बाद एसडीएम ने विधिवत रूप से इस प्राचीन मूर्ति को ममलेश्वर महादेव मंदिर करसोग में मंदिर कमेटी को सौंप दिया।



**एसडीएम ने मूर्ति को संरक्षित कर ममलेश्वर मंदिर कमेटी को सौंपा**

एसडीएम करसोग ने बताया कि इस प्रकार की एतिहासिक धरोहरों का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मंदिर कमेटी द्वारा मूर्ति को श्रद्धा के साथ मंदिर परिसर में स्थापित कर दिया है। उन्होंने बताया कि मूर्ति मिलने की सूचना पुलिस प्रशासन को भी दे दी गई है।

# टिकरी मुशैहरा की दलित बस्ती की बंद सड़क खुलवाने को लेकर आवाज बुलंद

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ग्रामीणों ने प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप**

**जोगिंद्रनगर।** टिकरी मुशैहरा गांव की दलित बस्ती की वर्षों से बंद पड़ी सड़क को दोबारा खोलने की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को हिमाचल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, एसडीएम और तहसीलदार से मुलाकात की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक प्रभावशाली परिवार द्वारा बीच सड़क में दीवार खड़ी कर कब्जा जमा लिया गया है, जिससे यह रास्ता पिछले लगभग 12 वर्षों से बंद पड़ा है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क 1990 के दशक में स्थानीय लोगों ने अपनी निजी भूमि दान करके बनवाई थी। सड़क के निर्माण में विकास खंड चौंतड़ा, सांसद निधि और लोक निर्माण विभाग से कुल मिलाकर करीब 6 लाख रुपये खर्च किए गए थे। 2012 में इसे पक्का करने की प्रक्रिया शुरू होते ही कब्जा कर लिया गया। ग्रामीणों के आंदोलन के बाद प्रशासन ने निशानदेही कर अवैध कब्जे की पुष्टि की थी।

हालांकि, एफसी कोर्ट, मंडलायुक्त कोर्ट और वित्तायोग कोर्ट से कब्जाधारी की अपीलें खारिज हो चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई आज तक लंबित है। किसान सभा और स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क नहीं खोली गई तो एक बार फिर से बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन पर पक्षपात और अनदेखी का आरोप लगाया है।

# दोनों घाटियों में खेतीबाड़ी करने की प्रबल संभावना

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल व चौहार घाटी में खेतीबाड़ी के साथ- साथ जड़ी-बूटियों पर आधारित खेतीबाड़ी करने की प्रबल संभावना है। दोनों घाटियों की ऊंची-ऊंची पहाड़ियों में प्राकृतिक तौर से उगने वाली पतीश, मुश्कवाला, कडू, रखाला, नागछतरी सहित कई प्रकार की जड़ी- बूटियां भारी मात्रा में पाई जाती है। वहीं दोनों घाटियों की उपजाऊ खेती में राजमाह, जौ, गेंहू, मक्की, मटर तथा विभिन्न प्रकार की सब्जियों के साथ-साथ इन सभी जड़ी-बूटियों की खेती कर अपनी आर्थिकी दशा को ओर भी मजबूत कर सकते हैं। छोटा भंगाल व चौहार घाटी के जसवंत सिंह, प्यार चंद, पूर्ण चंद, मस्त राम, सुनील दत्त, मान सिंह, विद्यासागर, दुष्यंत सिंह आदि का कहना है कि इन जड़ी-बूटियों की खेतीबाड़ी करने से एक तो जंगली जानवर इन फसलों को उजाड़ नहीं सकेंगे और दूसरी ओर इनकी खेती करने से किसानों की सही पैदावार होने पर उन्हें सही दाम मिल जाएंगे। उनका कहना है कि घाटियों के बंदरों के आंतक के चलते किसान अपनी पारम्पारिक खेती को उगाना कम ही कर रहे हैं। इसके साथ-साथ किसानों उपजाऊ जमीन बंजर बनने से भी रुक जाएगी। उनका कहना है कि यदि सरकार यहां के किसानों को जड़ी बूटी पर आधारित खेती करने की ओर प्रेरित करती है।

# छात्राओं ने दिखाया रचनात्मकता का जलवा

## आईटीआई सुंदरनगर में फैशन शो और विदाई समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

आईटीआई सुंदरनगर में स्टिचिंग द फ्यूचर ऑफ फैशन थीम पर आधारित फैशन शो एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें निदेशक, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, अक्षय सूद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी भी विशेष रूप से उपस्थित रही।

मुख्यातिथि ने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्राओं की प्रतिभा, उनकी रचनात्मकता और तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता की सराहना करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना और उनके उत्साह की प्रशंसा की। मुख्यातिथि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान के प्रधानाचार्य ई. विजय कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत संबोधन किया तथा संस्थान की प्रगति, प्रशिक्षणार्थियों की उपलब्धियों और फैशन टेक्नोलॉजी में नवाचार की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्य ललिता वांगिया एवं दिनेश गुप्ता द्वारा किया गया। विजेता रोहित को मिस्टर फेयरवेल, प्रियंका को मिस फेयरवेल, रवि को मिस्टर पर्सनालिटी और रितिका को मिस पर्सनेलिटी के खिताब से नवाजा गया।


आईटीआई सुंदरनगर में स्टिचिंग द फ्यूचर ऑफ फैशन थीम पर आधारित फैशन शो के प्रतिभागी विजेता व आयोजक।

# एसडीएम के आदेश के बाद भी नहीं खोला पूजाकक्ष का ताला

**अनंत ज्ञान, मंडी।** महादेव निवासी अरुण मोदगिल ने आरोप लगाते हुए कहा कि माता भद्रकाली भरडी सुंदरनगर में कुछ लोगों द्वारा असंवैधानिक तरीके से फैलाई जा रही अव्यवस्था पर आया एसडीएम सुंदरनगर का फैसला भी तानाशाही की भेंट चढ़ गया। एसडीएम सुंदरनगर ने पुस्तैनी पुजारियों की शिकायत पर पुजारियों के लिए पूजा आदि का सामान रखने के लिए एक कक्ष खोलने के आदेश दिए थे, लेकिन कमेटी पर जबरन कब्जा जमाए लोगों ने एसडीएम के आदेशों की पालना नहीं की है। ऐसे में प्रभावितों के लिए डीसी मंडी से न्याय की गुहार लगाने के सिवाए और कोई चारा शेष नहीं रहा है। अरुण मोदगिल ने आरोप लगाते हुए बताया कि एसडीएम को आदेशों की पालना नहीं की गई है, ऐसे में हमने पुन- एसडीएम सुंदरनगर के समक्ष मामला लाया, जिस पर एसडीएम सुंदरनगर ने पुन- कमरा खोलने के आदेश दिए हैं। अरुण ने कहा कि एक साजिश के तहत पुश्तैनी पुजारियों को असंवैधानिक तरीके से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए नित नए षडयंत्र रचे जा रहे हैं। क्षेत्र में इसकी खूब चर्चा हो रही है, ग्रामीण आंदोलन की राह पर पहुंच चुके हैं और सभी दस्तावेजों सहित डीसी मंडी के दरबार में गुहार लगाने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि एसडीएम सुंदरनगर ने दो दिन के भीतर कमरे का ताला खोलने के आदेश दिए हैं, लेकिन कुछ लोगों ने ताला नहीं खोला है।

**चिंताजनक** बस हादसे ने खोली पोल, बिना चालक के खड़ी रही एंबुलेंस व नए भवन का निर्माण भी वर्षों से अधर में

# सिर्फ रेफर सेंटर बनकर रह गया सरकाघाट अस्पताल

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** वीरवार को हुए एचआरटीसी बस हादसे ने सरकाघाट नागरिक अस्पताल की सुविधाओं की पोल खोल कर रख दी है। बस दुर्घटना में घायल तीस लोगों को जब अस्पताल सरकाघाट लाया गया। जगह और संसाधनों की भारी कमी के चलते अधिकांश घायलों को तुरंत नेरचौक मेडिकल कॉलेज और एम्स बिलासपुर रेफर करना पड़ा। हादसे में केवल चार घायलों को ही स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया जा सका, बाकी सभी को बाहरी अस्पतालों में भेजा गया, जिससे परिजनों को मानसिक और आर्थिक दोनों प्रकार की परेशानी झेलनी पड़ी।

हादसे के वक्त हड्डी रोग विशेषज्ञ और अल्ट्रासाउंड सुविधा की अत्यधिक आवश्यकता थी, लेकिन दोनों सुविधाएं लंबे समय से अस्पताल में नहीं हैं। स्थानीय निवासी नीलम नेगी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यदि उनके ससुर का समय पर अल्ट्रासाउंड हो जाता तो उनकी जान बच सकती थी। मसेरन पंचायत के प्रधान एडवोकेट नरेश शर्मा ने कहा कि उनकी पंचायत के पांच लोगों दुर्घटना में मौत हुई है। सभी परिवारों को इस बात का दुख था कि अगर अस्पताल में सुविधा होती तो शायद आज उनके परिजन जीवित होते। यहां यह भी बताना जरूरी है कि सरकाघाट, धर्मपुर व भोरंज उपमंडलों की जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं देने वाले सिविल अस्पताल सरकाघाट के नए भवन के निर्माण में हो रही वर्षों की देरी पर स्थानीय लोगों ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल सरकाघाट के नए भवन की शिलान्यास के समय 11 करोड़ 44 थी जो वर्तमान में कई गुना बढ़ गई है। अस्पताल के नए भवन का निर्माण कार्य पिछले 11 वर्षों से अधूरी पड़ा है। बता दें कि एंबुलेंस अस्पताल के आंगन में खड़ी रही। चालक का पद कई महीनों से खाली चल रहा है।

स्थानीय सेवा संकल्प समिति, नगर परिषद प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं और समाजसेवियों ने चेताया है कि यदि सरकार ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो जनांदोलन शुरू किया जाएगा।

### सीएम सुक्खू से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**प्रदेश** युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष यदोपति ठाकुर ने सरकार से अपील की है कि अस्पताल के नए भवन का निर्माण शीघ्र पूर्ण करवाकर जनता को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों और पर्याप्त मेडिकल स्टाफ की तैनाती की भी मांग भी सरकार के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू व स्वास्थ्य मंत्री शांडिल से स्थानीय लोगों का एक शिष्टमंडल लेकर शीघ्र भेंट करेंगे। **दो लाख की आबादी निर्भर:** सरकाघाट सिविल अस्पताल पर न केवल सरकाघाट बल्कि धर्मपुर और भोरंज विधानसभा क्षेत्रों की लगभग दो लाख आबादी निर्भर है। रोजाना अस्पताल में 400-500 ओपीडी मरीज आते हैं, जबकि वर्तमान में अस्पताल में 100 से भी कम बिस्तर हैं और डॉक्टरों जिसमें ऑर्थो,रेडियोलोजी और बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सहित तथा कई पद रिक्त चल रहें हैं।

### सीएमओ से की जाएगी रिपोर्ट तलब : डॉ. गोपाल बेरी

**डायरेक्टर** हेल्थ डॉ. गोपाल बेरी ने कहा कि सरकार आम नागरिक को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। जैसे-जैसे विभाग को डॉक्टर उपलब्ध हो रहे हैं उन्हें सभी अस्पतालों में रिक्त पड़े पदों पर भेजा जा रहा है। सरकाघाट जैसे बड़े अस्पताल में आर्थो, चाइल्ड रोग और अल्ट्रासाउंड के डॉक्टर के पद रिक्त क्यों है और एंबुलेंस में चालक क्यों नहीं है। इस बारे में सीएमओ से रिपोर्ट तलब की जाएगी।

# सरस्वती विद्या मंदिर बालकरूपी की नई इमारत की रखी नींव

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल बालकरूपी में नई स्कूल इमारत की नींव विधिवत रूप से रखी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नवीन कुमार, विद्यालय प्रधान जितेंद्र कुमार, स्कूल प्रबंधक अश्वनी सूद तथा जिला प्रमुख कांशी राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही स्कूल स्टाफ और प्रबंधन कमेटी के अन्य सदस्य भी मौके पर मौजूद थे। भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरंभ हुआ, जिसमें सभी ने ईंट रखकर विद्यालय भवन निर्माण के शुभारंभ में भाग लिया। प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने कहा कि यह नया भवन विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाएगा। कार्यक्रम में प्रबंधक अश्वनी सूद व जिला प्रमुख कांशी राम ने भी अपने विचार रखे और इसे शिक्षा क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### संकटमोचन क्लब की खेल प्रतियोगिता 3 अगस्त से



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के संकटमोचन युवा क्लब थानाकलां द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने बताया कि थानाकलां में खेल को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से संकट मोचन युवा क्लब थानाकलां 3 व 4 अगस्त को एक भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। यह टूर्नामेंट थानाकलां के क्रिकेट ग्राउंड में संपन्न होगा, जिसमें कुल 32 टीमें भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए क्लब की आयोजन समिति में निम्नलिखित सदस्य सक्रिय भूमिका निभाने वाले राहुल शर्मा, नमन कौशल, पारुष, गोल्डी, हिमांशु, अजीत वशिष्ठ, कपिल वशिष्ठ, अंकित शर्मा, अंकुश शर्मा फ्रंटल हैं। इस टूर्नामेंट के मुख्यतिथि के रूप में उद्योगपति राजेंद्र वशिष्ठ की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जो युवाओं का उत्साहवर्धन करेंगे। संकट मोचन युवा क्लब सभी खेल प्रेमियों और ग्रामवासियों से अनुरोध करता है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारें और इस आयोजन को सफल बनाएं।

### शैक्षणिक भ्रमण से ज्ञान अर्जित कर वापस लौटे छात्र




**अनंत ज्ञान दौलतपुर चौक।** पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के मेधावी बच्चे जो की 20 जुलाई को जिला ऊना से चंडीगढ़, दिल्ली और आगरा के लिए रवाना हुए थे, पांच दिन के शैक्षणिक भ्रमण कर वापस लौट आए हैं। इस एक्सपोज़र विजिट के लिए जिला अथवा राज्य के पीएम श्री विद्यालयों के 9वीं व 11वीं के उन मेधावियों का चयन हुआ था, जिन्होंने कक्षा मे प्रथम स्थान हासिल किया था। दौलतपुर चौक स्कूल से मोहम्मद अफजल व कंगना ने बताया कि उन्होंने लालकिला, कुतुबमीनार, नेशनल म्यूजियम, ताज महल आदि ऐतिहासिक इमारतों को नजदीक से निहारा ओर ज्ञान हासिल किया। इस यात्रा में प्रदेशभर के पीएम श्री विद्यालय के बच्चे बेहद उत्साहित हैं। विद्यालय की मैडम इंदु बाला ने जिला एस्कॉर्ट टीचर के रूप में बच्चों का सहयोग किया। उन्होंने बताया कि इस तरह से शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को वैश्विक सोच, समावेशी दृष्टिकोण और महत्वपूर्ण ज्ञान से संपन्न कर रहे हैं।

### नशे के खिलाफ एकजुट हुआ बंगाणा कॉलेज



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में 'एक युद्ध, नशे के विरुद्ध' विषय पर आधारित एक जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार और उच्च शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश के दिशा-निर्देशों के तहत एंटी ड्रग क्लब द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति और सशक्त संदेशों के लिए कल्पना को प्रथम, हेम पुष्पा द्वितीय जबकि किरण कनेत और वैदेही शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी इसके दुष्परिणामों से अवगत कराएं। कार्यक्रम में एंटी ड्रग क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, क्लब के सदस्य डॉ. विनोद कुमार, प्रोफेसर सिकंदर नेगी, डॉ. किरण ठाकुर और प्रो. कमलेश महाजन सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

### कोट स्कूल में आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय उच्च विद्यालय कोट में गृह रक्षा संगठन बंगाणा के सौजन्य से विशेष आपदा प्रबंधन एवं बचाव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन एवं बचाव जागरूकता का नेतृत्व कंपनी कमांडर हंसराज ने किया। इनके साथ अन्य गृह रक्षा जवान भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों को भूकंप, बाढ़, आगजनी तथा बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के व्यावहारिक एवं सरल उपायों की जानकारी दी और गृह रक्षा जवानों ने प्राथमिक उपचार, आपातकालीन प्रबंधन तथा सुरक्षित निकासी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी का संचालन भी विद्यार्थियों को दिखाने के साथ उपकरणों का सजीव प्रदर्शन कर उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में सजग रहने की प्रेरणा भी दी। विद्यालय के मुख्य अध्यापक सुरेश भारती, प्राथमिक विद्यालय कोट के प्रमुख सुरेंद्र कुमार, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह, स्कूल के सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### किशोरावस्था में होने वाले बदलावों पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदला में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों पर केंद्रित एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले स्वाभाविक शारीरिक बदलाव, मासिक धर्म संबंधी जागरूकता, पोषण का महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता, मानसिक तनाव प्रबंधन, यौन स्वास्थ्य, नशे से बचाव और आत्म-सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल एवं प्रभावशाली ढंग से मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य किशोरी लाल ने स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होती हैं। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक राजिंदर सिंह सहित हिमानी, मायादेवी, मीना कुमारी, उपप्रधानाचार्य राजेश कुमार, प्रवक्ता प्यारे लाल शर्मा, सतीश कुमार, प्रवक्ता रंजना, पवना कुमारी, नीता, रीटा, राम कुमार, पायल, अनुबाला एवं स्कूल के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# अवैध खनन पर प्रशासन का चला डंडा; 3 टिप्पर, एक पोकलेन जब्त

## अवैध और अवैज्ञानिक खनन को लेकर डीसी जतिन लाल की अगुवाई में देर रात चला अभियान

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



डीसी जतिन लाल और अन्य अधिकारी खनन माफिया के खिलाफ दबिश देते हुए। कार्रवाई के दौरान टीम ने भारी मशीनरी को जब्त किया।

**ऊना।** ऊना जिले में अवैध और अवैज्ञानिक खनन पर प्रशासन सख्त हो गया है। स्वयं जिलाधीश ने रात को दबिश देकर संबंधित महकमों को भी एक संदेश दिया है। इसके साथ ही स्वां नदी में चल रहे अवैध खनन गतिविधियों के बरसात में चले होने की पुष्टि हुई है। ताबड़तोड़ छापेमारी में उपायुक्त के नेतृत्व में टीम ने भारी मशीनरी जब्त की है।

जिले में अवैध और अवैज्ञानिक खनन के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए वीरवार मध्यरात्रि एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस विशेष छापामार अभियान का नेतृत्व स्वयं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने किया। उनकी अगुवाई में रात 12 बजे खनन विभाग की टीम ने फतेहपुर क्षेत्र में स्वां नदी में औचक निरीक्षण कर अवैध खनन पर शिकंजा कसा। इस दौरान अवैध खनन में संलिप्त तीन टिप्पर और एक पोकलेन मशीन जब्त की गई, जिन्हें मौके पर पुलिस की सहायता से कब्जे में लेकर मैहतपुर थाने के माध्यम से पुलिस लाइन झलेड़ा में रखा गया है।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिला प्रशासन अवैध व अवैज्ञानिक खनन के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की अंधाधुंध दोहन को रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए इस तरह की औचक कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि जिले की बहुमूल्य प्राकृतिक संपदा को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

जिला प्रशासन सतर्क, सजग और पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस कार्रवाई के दौरान जिला खनन अधिकारी नीरज कांत सहित खनन विभाग के अन्य अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

# सेल्फी के चक्कर में जान जोखिम में आखिर कब तक दोहराएंगे वही गलतियां

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



गोबिंदसागर झील के किनारे सेल्फी लेते युवक।

**लठियाणी।** लठियानी पंचायत में गोबिंदसागर झील की लहरों में जब सूरज की किरणें चमक रही थीं, उसी समय एक और अनचाहा दृश्य नजर देख कर बहुत हैरानी हुई कि तीन नेपाली मूल के प्रवासी युवक झील के किनारे खतरनाक चट्टानों पर खड़े होकर सेल्फी लेने में मशगूल थे। उन्हें न तो अपनी सुरक्षा का ध्यान, न ही फिसलन की परवाह मानो जिंदगी की कीमत से बढ़कर एक फोटो था, अगर उस क्षण जरा सी चूक होती, तो यह उनकी जिंदगी की आखिरी तस्वीर होती।

स्थानीय नागरिकों की सतर्कता से उन्हें समय रहते रोककर जानकारी लेने पर मालूम हुआ कि ये युवक तीन से चार महीनों से अंब थाना बड़सर क्षेत्र में एक किराये के मकान में रह रहे हैं। जब उनसे पुलिस वेरिफिकेशन के बारे में पूछा गया, तो वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके तो उनके मकान मालिक से संपर्क करने पर उस ने भी अपनी गलती स्वीकार की और देर से ही सही, अब सत्यापन करवाने की बात कही। तीनों युवक आपस में भाई हैं, जो मजदूरी करते हैं, किंतु इस घटना ने फिर से लापरवाहियों की परतें खोल दी हैं। अभी दो दिन ही पहले गोबिंदसागर झील में एक शव मिला था।

**आखिर कब तक :** हर बार घटना के बाद ही हम कुछ समय तक जागरूकता दिखाते हैं, फिर वही पुराना ढर्रा बिना पहचान, बिना सत्यापन, किसी को भी किराये पर घर देना और जब कोई अप्रिय घटना होती है, तो प्रशासन को कोसने लगते हैं, जबकि जिम्मेदारी हमारी भी उससे ज्यादा है। बंगाणा के थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने कहा कि हम नियमित रूप से गोबिंदसागर झील का निरीक्षण करते रहते हैं और स्थानीय लोगों को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए तभी हादसों पर लगाम लग सकती है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने बिना पंजीकरण के अन्य राज्य से आए व्यक्ति को मकान किराये पर दिया तो मकान मालिक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान पर प्रांत विचार वर्ग की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबन भारत अभियान की प्रांत स्तरीय विचार वर्ग की एक महत्वपूर्ण बैठक बिलासपुर में 27 जुलाई को सुबह 10 बजे होगी। यह जानकारी स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबन भारत अभियान के जिला संयोजक सत्यदेव शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इसमें स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबन भारत अभियान के अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि त्रिप्रांतीय संगठक विनय शर्मा वशिष्ठ अतिथि व चर्चा प्रवर्तक के रूप में अपना उद्बोधन करेंगे। सत्यदेव शर्मा ने बताया कि ऊना से इस प्रांतीय विचार वर्ग बैठक में अनेक कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि स्वदेशी अपनाओ, भारत को आत्मनिर्भर बनाओ, स्वदेशी जागरण मंच का बड़ा अभियान है।

हाल ही में स्वदेशी जागरण मंच ने पंजाब के लुधियाना में एक अहम सामाजिक पहल करते हुए स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबी अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि देश को स्वदेशी उत्पादों को आम जन तक पहुंचाने के लिए मंच के प्रांत कार्यकर्ता स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान चलाकर आम जनता के बीच अलख जगाना है ताकि आमजन स्वदेशी उत्पादों को खरीद कर उपयोग करें जिससे देश विश्व की

**जिला ऊना के स्वयंसेवी भी लेंगे इसमें बढ़-चढ़कर भाग**

दूसरी अर्थव्यवस्था बन सके। प्रांतीय बैठक में बेरोजगारी दूर करने के लिए एकमात्र उपाय कुटीर उद्योग धंधों पर चर्चा होगी। स्वावलंबी भारत अभियान के कार्यक्रम को पूर्णतया सफल बनाने के लिए प्रत्येक जिला स्तर पर रोजगार सृजन कार्यालय खुलवाने पर भी बैठक में विचार किया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने लोगों को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने और विदेशी सामान का बहिष्कार करने के लिए अभियान आरंभ किया है। इस अभियान को प्रदेश तथा जिला स्तर पर गति देने की रूपरेखा पर विचार होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच के आह्वान पर स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के शुरुआत में व्यापारी, उद्योग, व्यवसाय, किसान, श्रमिक, छात्र, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं अन्य सामाजिक संगठनों सहित विभिन्न संगठनों के राष्ट्रीय नेताओं की सहभागिता पर चर्चा होगी, सभी से इस अभियान के प्रति अपनी एकजुटता और सक्रिय समर्थन लिया जाएगा।

# मां चिंतपूर्णी मेले में वाहनों का दबाव बढ़ने पर मुबारिकपुर से ट्रैफिक डायवर्ट करना होगी समझदारी

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** मां चिंतपूर्णी के सावन नवरात्र मेले के दौरान वाहनों का दबाव बढ़ने पर मेला प्रशासन को अभी से ट्रैफिक रूट पर विस्तृत एक्सरसाइज कर लेने की जरूरत है। होशियारपुर-भरवाईं सड़क मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ जाने की सूरत में मेला प्रशासन को उसी प्लान पर काम करना होगा, जिस प्लान पर मेला प्रशासन कुछ साल पहले तक करता आया है। यानी वाहनों का दबाव बढ़ने पर मेला प्रशासन को मुबारिकपुर से ही वन-वे सिस्टम अपनाना होगा। होशियारपुर की ओर से आने वाले वाहन तो वाया गगरेट से आगे बढ़ें, लेकिन मां चिंतपूर्णी से वापिस आने वाले वाहनों को मुबारिकपुर से ही डायवर्ट कर वाया नगनकंडी भेजना ही ज्यादा समझदारी होगी। इससे यातायात भी सुचारु रहेगा और श्रद्धालुओं को भी बेवजह भीड़ हो जाने की सूरत से निजात मिलेगी।

हालांकि, कुछ अति उत्साहित लोगों को सदैव मेला प्रशासन का ट्रैफिक प्लान खटकता ही आया है और हर बार होशियारपुर से आने वाले वाहनों को वाया अंबोटा मुबारिकपुर की ओर भेजने की वकालत की जाती है, जबकि शिवबाड़ी के समीप जाकर फिर से वाहन एक ही सड़क पर चलते हैं, लेकिन शायद उन्हें गगरेट से आगे के लोगों की परेशानी से कुछ लेना-देना नहीं है।

बेशक आशादेवी-अंबोटा-शिवबाड़ी मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग न होकर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत आता है, लेकिन इसे बाईपास की संज्ञा दी जाती है। अब एनएच का सहज हिस्सा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से होकर कैसे बाईपास हो गया, यह समझ से परे है। यही नहीं बल्कि यह मार्ग सुनसान जंगल से होकर गुजरता है और न इस पर पानी व बिजली का कोई प्रबंध है और न ही मोबाइल सिग्नल इस मार्ग पर है। जंगली जानवरों के खतरे से घिरे इस मार्ग पर कोई अनहोनी घटना हो जाने पर कोई अपनी सहायता के लिए किसी को बुला तक नहीं सकता। यही नहीं बल्कि इस सड़क मार्ग पर एक बरसाती काजवे है। जंगल में भारी बरसात होने पर इस काजवे पर बेतहाशा पानी आ जाता है और अगर कोई श्रद्धालु वाहन इसमें बह जाता हो जेसी में तेज बहाव में बही गाड़ी में जिस प्रकार सात लोग मारे गए, ऐसे मामले की पुनरावृत्ति भी यहां हो सकती है।

इसी सड़क मार्ग पर तीन स्कूल पड़ते हैं। स्कूली बच्चे इसी मार्ग से स्कूल तक घरों से आते-जाते हैं। इस मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्ट करने का सीधी-सीधा मतलब बच्चों की सुरक्षा को ताक पर रखना होगा। डीएवी चौक पहले ही ऐसा ब्लैक स्पाट है, जहां अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं। ट्रैफिक डायवर्ट करने से यहां स्थिति बद से बदतर हो सकती है।

**वाहनों का दबाव बढ़ने पर ही लागू हो वन-वे सिस्टम**

यही नहीं अगर वाहनों का दबाव बढ़ने पर मुबारिकपुर से ही वन-वे सिस्टम लागू किया जाए तो इससे हर किसी को राहत मिल सकती है, लेकिन ट्रैफिक भी उसी स्थिति में डायवर्ट हो, जब वाहनों का दबाव बढ़ जाए, अन्यथा धार्मिक पर्यटन ही इस क्षेत्र की रीढ़ भी है। अगर गगरेट कस्बे से ही वाहन नहीं गुजरेंगे तो कई दुकानदारों की रोजी-रोटी पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। बेशक दस दिन तक कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है, लेकिन बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का इसलिए भी स्थानीय जनता को आदर करना चाहिए कि यह इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गति देते हैं, वरना कोरोना काल में क्या हाल हुआ, उससे तो हर कोई वाकिफ ही है। उधर, उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि सारी स्थितियों का आकलन कर ही ट्रैफिक डायवर्ट करने बारे निर्णय लिया जाएगा। अगर सब कुछ ठीक चल रहा है तो बेवजह व्यवस्था नहीं बिगाड़ी जाएगी।

# पॉलीक्लिनिक से पूर्व सैनिकों को मिलेगा लाभ : जरियाल

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** ब्रह्मपुर में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के शुभारंभ पर पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड की सदस्य एवं भाजपा नेत्री लक्ष्मी जरियाल ने खुशी व्यक्त की है। उन्होंने इस पहल को देश के वीरों के त्याग और समर्पण को समर्पित एक ऐतिहासिक कदम बताया।



भाजपा नेत्री ने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का विशेष रूप से आभार प्रकट किया। लक्ष्मी जरियाल ने बताया कि यह ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक क्षेत्र के पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को आधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएगी, जिससे उन्हें बेहतर और समयबद्ध उपचार प्राप्त होगा। सरकार की यह पहल पूर्व सैनिकों के प्रति देश के कर्तव्य और सम्मान को दर्शाती है।

# गोबिंदसागर झील का पर्यावरणविदों ने किया निरीक्षण, लोगों से स्वच्छता रखने का आग्रह

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

क्षेत्र के प्रमुख जलस्रोत गोबिंदसागर झील और उससे जुड़ी नदियों के किनारे बहने वाले नालों में बढ़ती गंदगी गंभीर पर्यावरणीय संकट का कारण बनती जा रही हैं। पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत रजनीवाला, इंदुवाला, धुंधला, बंगाणा क्षेत्र में चल रहे निरीक्षण में सामने आया कि कई नालों में स्थानीय लोग घरेलू कचरा, प्लास्टिक, मरे जानवर और अन्य अपशिष्ट लगातार फेंक रहे हैं, जिससे झील की जल गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

इस प्रकार के विषय पर जागरूक पर्यावरणविद रजनीवाला की कविता, इंदुवाला की सीमा, अशोक कुमार, सुखदेव सिंह, रमण कुमार, मुकेश कुमार और नरेश कुमार ने कहा कि गोबिंदसागर झील केवल ऊना या हिमाचल की धरोहर नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के लिए एक अमूल्य जलस्रोत है। यदि हम इसमें बहने वाले नालों में कूड़ा डालते हैं, तो यह गंदगी का प्रभाव ब्यास, सतलुज और आगे पंजाब तथा हरियाणा तक के जल स्रोतों पर पड़ता है। जागरूक नागरिकों ने कहा कि कूड़े से न केवल जल प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि जल-जीवों का जीवन संकट में आ गया है और झील में मछलियों की संख्या घट रही है।

पर्यावरण विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो आने वाले वर्षों में गोबिंदसागर झील के जल को पीने या सिंचाई के लिए इस्तेमाल करना खतरे से खाली नहीं होगा। स्थानीय प्रशासन और पंचायतों से अपील की कि ऐसे नालों की पहचान कर, उन पर जालीदार जाल लगाए जाएं, नियमित सफाई की व्यवस्था हो और कूड़ा प्रबंधन केंद्रों की स्थापना की जाए। पर्यावरण प्रेमी सीमा देवी कहती हैं कि प्रशासन चाहे जितनी भी योजनाएं बना ले, जब तक आम जनता जागरूक नहीं होगी, तब तक कुछ नहीं बदल सकता। हमें अपने स्तर पर कूड़ा नालों में न डालने की आदत डालनी होगी।

# अनूठी पहल : रेडक्रॉस सोसायटी ने फलदार पौधे किए वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



डीसी जतिन लाल और जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष रेणु शेरावत पौधरोपण करते हुए।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के तत्वावधान में आज उपायुक्त कार्यालय परिसर में फलदार पौधों का वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त जतिन लाल की पत्नी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष रेणु शेरावत ने की। इस मौके पर उपायुक्त ने भी विशेष रूप से कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में नींबू, संतरा, आंवला, माल्टा, बेहड़ा, कचनार और मीठा नींबू जैसी उपयोगी प्रजातियों के कुल 1600 फलदार पौधे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं को वितरित किए गए।

इस अवसर पर रेणु शेरावत ने रेड फलमेरिया का पौधा रोपित करते हुए उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि मानसून सीजन पौधरोपण के लिए सर्वोत्तम समय है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अधिकाधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए, ताकि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और संतुलित पर्यावरण मिल सके।

वहीं, उपायुक्त जतिन लाल ने भी नागरिकों से अपील की कि वे पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए व्यक्तिगत पहल करें। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य है।

उन्होंने इस दिशा में 'एक व्यक्ति, एक पौधा' संकल्प को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एएसपी सुरेंद्र शर्मा, सीपीओ संजय सांख्यान, डीपीओ नरेंद्र कुमार, रेंज अधिकारी अंकुश सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# बढ़वार पंचायत में घूम रहे खूंखार बैल से मिली राहत, सेंचुरी थानाखास भेजा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



खूंखार सांड को ग्रामीणों ने काबू कर राहत की सांस ली।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की बढ़वार पंचायत में लंबे समय से दहशत का पर्याय बना एक खूंखार बैल आखिरकार पकड़ लिया गया है। इस बैल ने अब तक कई लोगों और पशुओं को घायल किया था, जिससे स्थानीय लोग भयभीत थे और प्रशासन से लगातार इसकी शिकायत कर रहे थे। स्थानीय स्तर से लेकर मुख्यमंत्री तक इस विषय पर शिकायतें पहुंच चुकी थीं।

इसी कड़ी में वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें फार्मासिस्ट भीम सिंह राणा, मुकेश कुमार, सुरेश सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल रहे। टीम ने काफी मशक्कत और सूझबूझ से इस खूंखार बैल को काबू में किया और बाद में उसे सुरक्षित रूप से कौ सेंचुरी थानाखास में छोड़ा। इस अभियान के सफल समापन से स्थानीय जनता को बड़ी राहत मिली है। पंचायत प्रधान सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. राजेश कुमार जंगा और उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का उत्तम उदाहरण है।

डॉ. जंगा ने कहा कि अगर समय रहते स्थानीय लोग सीधे विभाग से संपर्क करते तो यह कार्रवाई पहले भी संभव हो सकती थी। उन्होंने कहा कि विभाग हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर है, लेकिन समय पर सूचना न मिलने से कभी-कभी ऐसी समस्याएं लंबी खिंच जाती हैं।

**मुश्किल** कठोह पंचायत में रास्ते की मार झेल रहा त्यार गांव का परिवार

# न पीने का पानी और न ही पक्की सड़क

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**



अपने घर के रास्ते को चलने योग्य बनाता व्यक्ति, जो कि मुलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

**बड़ूही।** विकास खंड बंगाणा की उपतहसील जोल की कठोह पंचायत के वार्ड नंबर 1 के त्यार गांव में रहने वाले नरेंद्र कुमार ने प्रशासन और पंचायत व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनके घर तक आज तक कोई पक्का रास्ता नहीं बना, जिससे उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नरेंद्र कुमार ने बताया कि कई बार पंचायत प्रधान और वार्ड पंच को उनके घर तक पक्का रास्ता बनाने के लिए आग्रह किया गया, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

उन्होंने बताया कि इस बार जब चार दिन से घर में पानी नहीं आया, तो मजबूरी में पानी का टैंकर मंगवाया गया, लेकिन रास्ता न होने के कारण ट्रैक्टर घर तक नहीं पहुंच सका। उन्होंने बताया कि एक ट्रैक्टर को चढ़ाने के लिए दूसरा ट्रैक्टर बुलाना पड़ा, फिर भी पानी घर तक नहीं पहुंच पाया। नरेंद्र का कहना है कि देश को आजाद हुए 78 साल हो चुके हैं, लेकिन उनके जैसे परिवार आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सरकारें 'हर घर नल, हर घर जल' और 'हर गांव पक्की सड़क' जैसे दावे करती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ ओर ही बयां करती है।

नरेंद्र कुमार ने पंचायत पर सवाल उठाते हुए कहा कि पंचायत प्रधान और वार्ड पंच की लापरवाही और उदासीनता की वजह से उनका परिवार आज भी नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि इससे पहले वार्ड नंबर 5 में भी रास्ते को लेकर कठोह पंचायत कुछ दिन पहले सुर्खियां में रही थी और अब एक और मामला उजागर हो रहा है।

प्रशासन और संबंधित विभागों से ग्रामीणों ने मांग की है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान हो और पीड़ित परिवार को जल्द पक्का रास्ता तथा पानी जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

# मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में कुटलैहड़ का नाम आना सबके लिए गर्व की बात : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें एपिसोड में देश के 15 राज्यों में प्रसारित होने वाले राज्य स्तरीय हिमाचल के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र का नाम लिया जाना क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान की बात बन गई है। यह अवसर न केवल क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय मंच पर उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि प्रधानमंत्री मोदी देश के कोने-कोने में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की बात को भी महत्व देते हैं।



कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हिमाचल जैसे छोटे राज्य और उसमें भी विशेष रूप से कुटलैहड़ जैसे सीमांत क्षेत्र को 'मन की बात' कार्यक्रम में स्थान देना इस बात का प्रमाण है कि वह किसी व्यक्ति या क्षेत्र की राजनीतिक पकड़ नहीं, बल्कि उनकी सकारात्मक सोच, सामाजिक योगदान और नवाचारों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि यह अवसर कुटलैहड़ के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह बताता है कि अगर किसी क्षेत्र में अच्छा काम होता है तो उसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर भी की जाती है। भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण जन-जन को साथ लेकर चलने वाला है। मोदी ने अपने नेतृत्व से भारत को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यही कारण है कि वे आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ की जनता को इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण को आत्मसात करना चाहिए और स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता तथा नवाचार जैसे मुद्दों पर और अधिक सक्रिय होकर कार्य करना चाहिए। भुट्टो ने मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मानपूरे हिमाचल के लिए गौरव की बात है।

# प्रदेश सरकार कर रही युवाओं के साथ भद्दा मजाक : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो प्रदेश सरकार नई जॉब पॉलिसी लेकर आई है, वह युवाओं की शैक्षणिक योग्यता का अपमान है। पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के नेताओं द्वारा जो पांच लाख नौकरियां देने का वादा केवल वोट पाने के लिए किया गया था।

प्रदेश की जनता खासकर युवाओं को रोजगार के नाम पर बड़े बड़े वादे करने वाली प्रदेश सरकार अब नई जॉब ट्रेनी नीति बनाकर क्या साबित करना चाहती हैं ? वहीं आगे उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस सरकार आई है प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है और अपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई हैं। वर्तमान सरकार को जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से इस लिए चुना था परंतु ये वर्तमान सरकार जनता को ठेंगा दिखाकर केवल अपने मित्रों व परिजनों के लिए काम करती दिखाई दे रही है।

# बिजली महादेव रोपवे के विरोध में कुल्लू की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** बहुचर्चित बिजली महादेव के विरोध में शुक्रवार को हजारों की संख्या में सड़क पर जन सैलाब उमड़ा। जिले के लोगों ने बिजली महादेव रोपवे के विरोध में एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में खराहल घाटी के साथ अलग-अलग घाटियों से लोग रामशिला पहुंचे। यह प्रदर्शन रामशिला के शांगरीबाग पुल से शुरू हुआ और ढालपुर कुल्लू तक पहुंचा। इसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। ढालपुर पहुंचने तक सड़क और डीसी कार्यालय के आसपास तिल धरने तक की जगह नहीं बची थी।

इस प्रदर्शन में बिजली महादेव मंदिर कमेटी, बिजली महादेव रोपवे विरोध संघर्ष समिति सहित सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के हजारों महिला-पुरुषों ने हिस्सा लिया। इससे पहले तीन बार रोपवे के विरोध में प्रदर्शन कर चुके हैं और प्रशासन के माध्यम से राज्य और केंद्र सरकार को प्रस्ताव भी भेज चुके हैं, लेकिन ये प्रस्ताव कहां जा रहे हैं इसका कोई पता नहीं चल रहा है, उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं मिल रहा है। इस मौके पर महिलाओं ने भारी संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और कहा कि चाहे दिल्ली जाना पड़े हम रोपवे नहीं लगने देंगे। इस मौके पर जब लोअर ढालपुर से रैली निकली, तो लोगों ने प्रदर्शनकारियों पर फूलों की वर्षा की और जगह-जगह पेयजल की भी व्यवस्था की गई थी।

## मेरे लिए महादेव पहले पार्टी बाद में : संजू

**जिया** पंचायत के प्रधान संजू पंडित ने कहा कि सांसद कंगना रनौत ने घाटी की जनता से वादा किया था कि इस मुद्दे को प्रमुखता से केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगी और उन्होंने भी रोपवे का विरोध किया था, लेकिन अब तो सांसद फोन भी नहीं उठाती। वहीं, उन्होंने कहा कि उनके लिए महादेव पहले हैं और पार्टी बाद में। किसी भी सूरत में महादेव का अपमान सहन नहीं होगा। उन्होंने रोपवे को लेकर कुल्लू सदर के विधायक और प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में तीन बार प्रदर्शन हो चुका है। डीसी के माध्यम से कई बार प्रस्ताव भेजे हैं, लेकिन उन प्रस्तावों का क्या हुआ कोई पता नहीं है, जबकि कुल्लू सदर के विधायक जनता के विरोध के बावजूद भी रोपवे लगाने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके प्रदर्शन को कुचलने में पूरी ताकत लगा दी, लेकिन उसे बावजूद भी लोग बिजली महादेव के सम्मान में राजनीति को दरकिनार कर सड़क पर उतरे हैं। रोपवे हम किसी भी सूरत में नहीं बनने देंगे। इसके लिए चाहे किसी भी स्तर में विरोध का रास्ता अपनाना पड़े।

## सीएम को प्रदेश की घटनाओं की जानकारी नहीं : सुरेश नेगी

**संघर्ष** समिति के अध्यक्ष सुरेश नेगी ने मुख्यमंत्री सुक्खू के उस बयान की आलोचना की। इसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें इस परियोजना के बारे में जानकारी नहीं है। सुरेश ने इसे हास्यास्पद बताया और कहा कि अगर मुख्यमंत्री को अपने प्रदेश में हो रही घटनाओं की जानकारी नहीं है, तो यह बहुत शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि यह जनसैलाब खुद बता रहा है कि कुल्लू जिले के लोग बिजली महादेव के साथ हैं और उन्हें रोपवे की कोई जरूरत नहीं।


बिजली महादेव रोपवे के विरोध में कुल्लू की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब, 8 हजार के करीब लोगों ने सड़क पर विरोध में खोला मोर्चा।

## कई घंटों तक प्रभावित रहा ट्रैफिक

**धरने** के दौरान ट्रैफिक भी सड़कों पर जैसे थम सा गया था। प्रदर्शनकारियों के साथ जहां पुलिस फोर्स ने मोर्चा संभाले रखा और हर गतिविधि पर नजर रखी। वहीं ट्रैफिक ने भी जवानों का खूब पसीना बहाया, घंटों रामशिला से लेकर ढालपुर तक ट्रैफिक प्रभावित हुआ।

## व्यापारियों ने बाजार बंद कर किया समर्थन

**अखाड़ा** बाजार सहित ब्यासा मोड़ सरवरी, लोअर ढालपुर व ढालपुर में प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर प्रदर्शनकारियों के समर्थन किया।

## विरोध की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाएंगे : राम सिंह

**एचपीएमसी** के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता राम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भुंतर में एयरपोर्ट है और विमानन नियमानुसार एयरपोर्ट के आसपास के 10 किलोमीटर के दायरे में रोपवे नहीं लग सकता। उन्होंने कहा कि नियमों के खिलाफ जाकर रोपवे लगाया जा रहा है। उन्होंने जहां रोपवे का विरोध किया। वहीं, व्यापार मंडल द्वारा व्यापारियों से दुकानें खुली रखने के आह्वान करने पर खूब भड़के। उन्होंने कहा कि बेशक व्यापारियों से दुकानें खुली रखने की अपील की गई थी, लेकिन तब भी व्यापारियों ने प्रदर्शन के दौरान दुकानें बंद रखकर हमारा समर्थन किया। इसके लिए उन्होंने व्यापारियों का आभार जताया। साथ ही कारदार संघ के विरोध प्रदर्शन से दूर रहने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि देव समाज से जुड़ी संस्थाओं को लोगों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री निशाने पर रहे। वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी राम सिंह ने कहा कि अगर सरकार में बैठे लोगों को देव आस्था का सम्मान करना नहीं आता, तो उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। राम सिंह ने लोगों को भरोसा दिलाया कि वे इस विरोध की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाएंगे।

## मैं महादेव का, महादेव मेरे : महेश्वर सिंह

**इस** मौके पर पूर्व सांसद एवं भगवान रघुनाथ के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने कहा कि हमने शुरू से ही बिजली महादेव रोपवे का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि देववाणी से बढ़कर हमारे लिए कुछ भी नहीं। इस मौके पर बात करते-करते वह रो पड़े और भावुक होकर कहा नहीं लगने देंगे रोपवे। उन्होंने कहा कि बंजार, सैंज, कुल्लू, मनाली और मणिकर्ण सहित हर जगह से लोग इस रैली में आए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। लोगों के कयासों पर विराम लगाते हुए कहा, मैं महादेव का हूं, महादेव मेरे हैं। मैं आप सभी को छोड़कर कहां जाऊंगा।

### पनगां में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, विधायक ने किया शुभारंभ

# 250 ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** उपमंडल मनाली के पनगां गांव में रेडक्रॉस सोसायटी मनाली के माध्यम से एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी स्वास्थ्य स्टॉलों का मुआयना किया तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की विशेष टीम ने गांववासियों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान सामान्य रोगों के अलावा रक्तचाप, मधुमेह, आंखों की जांच, महिलाओं से संबंधित बीमारियां व बुजुर्गों की स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविर में दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता जांच व उपकरण भी उपलब्ध करवाए गए। शिविर में लगभग 250 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मुख्यातिथि ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से न केवल ग्रामीणों को निशुल्क उपचार उपलब्ध होता है, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही हमारी असली पूंजी होती है अतः भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन रेडक्रॉस के माध्यम किया जाएगा, जिनमें स्थानीय जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।



पनगां में स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड़।

# हरिपुर कॉलेज में छात्रों को उपस्थित सुविधाओं के विषय में अवगत करवाया

अनंत ज्ञान, मनाली

जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर में नए विद्यार्थियों के लिए आईक्यूएसी के माध्यम से इंडक्शन कम ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. सुरेंद्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शेफाली रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। डॉ. शेफाली ने अपने संबोधन में कॉलेज में उपस्थित सुविधाओं के विषय में अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया की सभी विद्यार्थी-स्पोर्ट्स, एनएसएस, एनसीसी, रोवर रेंजर, इको, रेड रिबन, रोड-सेफ्टी, साहित्यिक समिति, कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट, अभिव्यक्ति क्लब, वूमेन सेल, ज्वॉइन जरूर करें साथ ही ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद पूर्व छात्र संघ के सदस्य बन कर कॉलेज के उत्थान में सहयोग करे। इसके साथ ही प्रो. नरेश कमल ने कला संकाय के सभी शिक्षकों, प्रो. कश्मीर ने विज्ञान के सभी शिक्षकों, प्रो. दिनेश ने वाणिज्य और प्रो. रवि भारद्वाज ने बी वॉक फैकल्टी मेंबर्स से विद्यार्थियों को परिचित करवाया। सभी विद्यार्थियों को विभिन्न कमेटियों और उनके सदस्यों से अवगत करवाया गया, जो विद्यार्थियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. शेफाली ने मौखिक साहित्य और इतिहास नामक पुस्तक का विमोचन किया, जो हरिपुर कॉलेज की पूर्व छात्र संघ द्वारा वित्तपोषित है। यह पुस्तक इसी कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी महेंद्र, गांव रूमसू निवासी द्वारा लिखी गई है। कॉलेज की असिस्टेंट लाइब्रेरियन तेनजीन डोलमा ने बताया कि कॉलेज के पुस्तकालय में 5000 से अधिक पुस्तकें, 9 जर्नल्स, 8 मैगजीन और 7 समाचार पत्र विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध हैं।

# बुनाई व डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र का होगा संचालन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के प्रभारी ने कहा कि केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड द्वारा कुल्लू में एक बुनाई व डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

इसमें कुल्लू जिले के ग्रामीण नोजवानों एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वालंबन, सशक्तिकरण, स्वरोजगार के लिए निरंतर अवसर उपलब्ध करवा रहा है। इस नियमित हैंडलूम प्रशिक्षण केंद्र पर चयनित प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न हस्त निर्मित उत्री वस्त्र जैसे कुल्लू शाल, स्टाल्स, जेंट्स चद्दर, मफलर, ऊनी दरी/ कारपेट, बॉर्डर और सजावटी सामग्री आदि का विभिन्न हैंडलूम यंत्रों पर बुनाई एवं डिजाइनिंग में दक्षता विकसित करने के लिए 4 माह का पूर्णकालिक निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसमें जरुरतमंद ग्रामीण/पहाड़ी क्षेत्र महिला उम्मीदवारों को प्रवेश में प्राथमिकता प्रदान की जाती है। इस प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित प्रतिदिन कार्यदिवसों पर प्रशिक्षणार्थियों को उनकी उपस्थिति के आधार पर वर्तमान में प्रतिदिन 125 रुपए की दर से वजीफा राशी भी प्रोत्शाहन के लए संबंधित माह के अंत में उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। इस प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवारों को प्रर्याप्त साक्षर (पढ़ा लिखा) होना चाहिए। उम्मीदवारों/ अभियार्थियो के चयन के लिए चयन समिति के समक्ष स्वयं साक्षात्कार के लिए उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा। इसकी बैठक 26 अगस्त, को सुबह 11 बजे साक्षात्कार एवं चयन के लिए बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र गेट वेल हॉस्पिटल के ऊपर भवन, शास्त्री नगर, कुल्लू (हि.प्र.) पर आयोजित की जाएगी।

## एक सितंबर से अगले चार माह तक चलेगा बैच

**इस** प्रशिक्षण केंद्र के अगले नए बैच/सत्र जो 1 सितंबर से अगले चार माह तक चलेगा। इसमें नए उम्मीदवारों के चयन करने के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है, जिसके लिए प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवारों/ अभियार्थियों को अपना नाम, जन्म दिनांक/आयु प्रमाण पत्र, जाति, पूर्ण पता, शैक्षणिक योग्यता, बुनाई व डिजाइनिंग का पूर्व का कोई अनुभव, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड प्रति, राष्ट्रीयकृत बैंक पासबुक/विवरण प्रति, स्वयं सीन पासपोर्ट साइज फोटो सहित 25 अगस्त (सोमवार) को सायं 4.30 बजे तक बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र शास्त्री नगर, कुल्लू पर संपर्क कर निर्धारित आवेदन फॉर्म पूर्ण भरकर जमा कराना होगा। तथा आवश्यक प्रमाण पत्र भी साथ जमा/सलग्न करवाने होंगे। प्रशिक्षार्थी महिला व पुरुष कोई भी हो सकता है इस प्रवेश संबंधे में मोबाइल नंबर 9413249237, 9418660331 पर कभी भी संपर्क कर अन्य जानकारी प्राप्त कि जा सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### एस्पिरेशनल ब्लॉक को प्रदेश में मिला ब्रॉन्ज का दर्जा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू(** केंद्र सरकार के एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत कुल्लू जिले के एस्पिरेशनल ब्लॉक को प्रदेश में ब्रॉन्ज का दर्जा मिला है। यह बात डीसी तोरुल एस रवीश ने बैठक के दौरान कही। उन्होंने केंद्र सरकार के एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत कुल्लू जिले के एस्पिरेशनल ब्लॉक निरमंड की प्रगति तथा जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान समारोह आयोजित करने को लेकर बैठक कि अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य देश के पिछड़े आकांक्षी ब्लॉक में विकास को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के तहत, सरकार इन जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार करने के लिए काम करती है। आकांक्षा हाट के अंतर्गत लगभग 21 विभागों के प्रदर्शनी तथा विभिन्न समूहों के स्टॉल लगाए जाएंगे। 4 संकेतकों पर शत-प्रतिशत उपलब्धि है तथा अन्य संकेतकों पर कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों, महिलाओं, इसमें डॉक्टर, अधिकारी फ्रंट लाइन वर्कर्स को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

### थान देवता मंदिर में रुद्राभिषेक जाप शुरू



**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के साथ लगते शुरू गांव के थान देवता मंदिर में तीन दिवसीय रुद्राभिषेक जाप शुरू हो गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान में घाटी के एक दर्जन से अधिक देवी-देवता भाग ले रहे है। शुक्रवार को देवताओं के आगमन से माहौल भक्ति मय हो गया। रुद्राभिषेक जाप में भाग लेने के लिए शुरू से शरवरी माता, प्राणी से फाई नाग व जमदग्नि ऋषि, अलेउ से सृष्टि नारायण, जगतसुख से माता संध्या गायत्री व धौम्य ऋषि, भनारा से तक्षक खखनाल से माता पार्वती व कार्तिक स्वामी तथा गोशाल से कंचन नाग देवता भाग लेने पहुंच गए हैं। थान देवता के गुर जगर नाथ ने बताया कि रुद्राभिषेक जाप को लेकर एक दर्जन देवी-देवता पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस रुद्राभिषेक जाप में 13 ब्राह्मण भगा ले रहे हैं। उन्होंने घाटी के लोगों से धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

### मनाली में रक्तदान शिविर लगाएगा पर्यटन निगम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पौधरोपण करने के बाद हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम रविवार को रक्त दान शिविर लगाने जा रहा है। पर्यटन निगम की माने, तो अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए निगम ने निर्णय लिया है कि इस बार पर्यटन विभाग हर यूनिट में रक्त दान शिविर लगाएगा। एचपीटीडीसी मनाली के डीजीएम बलदेव ओक्टा ने बताया कि एचपीटीडीसी के एमडी डॉ. राजीव कुमार के निर्देशानुसार कुल्लू, मनाली व लाहौल परिसर में भी रविवार को होटल कुंजम में रक्त दान शिविर लगाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन निगम ने इससे पहले कुल्लू, मनाली व लाहौल यूनिट पर पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि निगम का लक्ष्य है कि रक्त दान शिविर लगाकर बड़ी संख्या में रक्त एकत्रित किया जाए, ताकि अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि कुल्लू, मनाली व लाहौल परिसर ने मनाली के होटल कुंजम में रक्त दान शिविर की तैयारी कर ली है। ओक्टा ने मनाली वासियों से आग्रह किया कि रविवार को होटल कुंजम में आयोजित हो रहे रक्त दान शिविर में बढ़-चढकर भाग लें।

# भूस्खलन से खतरे के चलते लूहरी-जाओं रोड पर वाहन चालकों से सतर्क रहने की अपील

अनंत ज्ञान, आनी



लूहरी-जाओं सड़क मार्ग पर जाजर के समीप पहाड़ी में गहरी दरारें देखी गई हैं। इससे पत्थर गिरने का खतरा बना हुआ है। लगातार हो रही बारिश के कारण भू-स्खलन की आशंका बढ़ गई है और पहाड़ी से पत्थर गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

सुरक्षा की दृष्टि से विभाग द्वारा संबंधित ठेकेदार को उक्त खतरनाक पहाड़ी को जल्द हटाने के आदेश दिए गए हैं। सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग दलाश ज्ञान भारती द्वारा जानकारी दी गई कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए वाहन चालकों को छोटे वाहनों को वाया वैहना-दलाश वैकल्पिक मार्ग अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वैकल्पिक मार्ग अभी केवल छोटे वाहनों के लिए ही बहाल है। जल्द ही बड़े वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित कर दी जाएगी। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ज्ञान भारती ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अस्थायी रूप से वैकल्पिक मार्ग का ही उपयोग करें। इससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। विभाग ने सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा जताई है और क्षेत्र में आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

# भूस्खलन से लूहरी-खेगसू सड़क 23 घंटे रही बंद

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** बीते वीरवार शाम करीब चार बजे लूहरी-खेगसू सड़क पर भूस्खलन के चलते मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया। इससे सड़क पर मलबा और विशाल चट्टानें आ गिरीं।

यह मार्ग करीब शुक्रवार दोपहर 3 बजे के आसपास बहाल हो पाया। सड़क बंद होने का सबसे अधिक असर खेगसू स्थित सेब मंडी पर पड़ा, जहां करोड़ों रुपए का सेब मंडी परिसर में ही फंसा रहा। खेगसू सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने लोक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग ने शुरुआत में भूस्खलन हटाने के लिए अपर्याप्त मशीनरी भेजी। बड़ी चट्टानों को हटाने के लिए एक छोटी मशीन भेजी गई, जो असफल रही। बाद में शुक्रवार को बड़ी मशीन मंगवाई गई, लेकिन तब तक काफी समय बर्बाद हो चुका था। इस भूस्खलन के कारण आनी, शिमला, किन्नौर और मंडी जिलों से खेगसू मंडी आने वाले सेब से लदी गाड़ियां फंस गईं। इससे सेब का व्यापार ठप हो गया और बागवानों तथा आढ़तियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। गर्मी के मौसम में सेब के जल्दी पकने का खतरा रहता है और देर होने पर देश की अन्य मंडियों में दाम भी गिर सकते हैं। खेगसू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्म चंद ठाकुर ने इस दौरान कहा कि सेब सीजन के चलते इस मार्ग को हर हाल में सुचारू रखना जरूरी है। उन्होंने सड़क को जल्द बहाल करने और भारी मशीनरी को पहले से तैनात रखने की मांग उठाई। उन्होंने इसे बागवानों की आर्थिक रीढ़ बताया।


भूस्खलन के कारण बंद पड़ी लूहरी-खेगसू सड़क पर जाम से फंसे हुए वाहन।

## स्थायी समाधान की मांग

**एसोसिएशन** ने मांग की है कि खेगसू से ही सतलुज नदी पर एक स्थायी पुल का निर्माण किया जाए, ताकि वर्षा ऋतु में भूस्खलन जैसी समस्याओं से स्थायी रूप से निपटा जा सके। यह पुल न केवल ट्रैफिक दबाव को कम करेगा, बल्कि खेगसू से मंडी की दूरी भी घटाएगा। बागवानों और आढ़तियों ने प्रशासन से इस विषय में जल्द संज्ञान लेने की मांग की है, ताकि सेब सीजन में आवागमन बाधित न हो और बागवानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके।

# बिजली का बिल जमा नहीं करवाया तो कटेगा कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** बिजली उपमंडल बंजार के अंतर्गत बिजली विभाग बंजार द्वारा समस्त बिजली उपभोक्ताओं को सूचित किया कि अगर 31 तक बकाया बिजली बिल जमा नहीं करवाए, तो बिजली का कनेक्शन कटेगा। सहायक अभियंता, शशिकांत बिजली उपमंडल बंजार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा बिजली के बकाया बिजली बिल 31 मार्च से जमा नहीं करवाए हैं, वे अपने बकाया बिजली के बिल 31 तक जमा करवा दें अन्यथा बिजली बिलों की अदायगी न करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बिना किसी अग्रिम सूचना के अस्थायी तौर पर काट दी जाएगी। इस संधर्भ में अलग से कोई भी पूर्व सूचना जारी नहीं की जाएगी तथा इसे ही नोटिस समझा जाए।

**31 जुलाई तक करवाएं जमा**

**प्रदर्शन** सैंज घाटी की बदहाल स्थिति पर विधायक सुरेंद्र शौरी का सरकार पर हमला

# बदहाल सड़कों को लेकर सैंज भाजपा उतरी सड़क पर

अनंत ज्ञान, सैंज

बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सैंज घाटी की जर्जर पड़ी सड़क व्यवस्था, बंद बस सेवाओं, धीमी विकास गति और लगातार आपदा के प्रभावों को लेकर सैंज भाजपा मंडल ने विधायक सुरेंद्र शौरी के नेतृत्व में सैंज में धरना-प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर एक ज्ञापन तहसीलदार सैंज के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया। इसमें घाटी के समग्र पुनर्विकास की मांग की गई। विधायक शौरी ने कहा कि पूर्ववर्ती जय राम ठाकुर सरकार के समय जिन सड़कों का निर्माण किया गया था, आज उन सड़कों से मलबा हटाना तक वर्तमान कांग्रेस सरकार के लिए मुश्किल हो गया है। नई सड़कें निकालना तो अब एक सपना बनकर रह गया है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह सैंज घाटी की दुर्दशा पर मौन धारण किए हुए है, जबकि जनता लगातार कठिनाइयों से जूझ रही है।



जर्जर पड़ी सड़क व्यवस्था, बंद बस सेवाओं, धीमी विकास गति और लगातार आपदा के प्रभावों को लेकर सैंज भाजपा प्रदर्शन करते हुए।

## तहसीलदार के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

तहसीलदार सैंज को ज्ञापन सौंपते हुए विधायक बंजार ने कहा कि सैंज बाजार सड़क मार्ग बह गया है। इससे सैंज बाजार दो भागों में बंट चुका है और आम जनजीवन प्रभावित है। सैंज से घाट परगाणू, फागला, रैला, सारी और शांघड़ तक की बस सेवाएं पूरी तरह ठप हैं। वर्ष 2023 की बाढ़ के बाद से सैंज, न्यूली, सतेश, रोपा, करटाह, बकशाहल, तरेड़ा, तलाड़ा और लारजी जैसे बाढ़ संभावित गांव अभी भी संभावित बाढ़ के खतरे में हैं व अब तक कोई प्रभावी बचाव कार्य आरंभ नहीं हुआ है।

सैंज कॉलेज और निर्माणाधीन आईटीआई भवन का कार्य भी अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। इससे युवाओं की शिक्षा बाधित हो रही है। सैंज बस अड्डा के लिए चिन्हित भूमि को भी नदी के हवाले किया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश से क्षतिग्रस्त व अवरुद्ध सड़कों की जल्द मरम्मत करने व बंद पड़ी बस सेवाओं की बहाली, सीएचसी सैंज में रात्रिकालीन चिकित्सा सेवाएं शुरू करने तथा सैंज बस अड्डे के लिए चिन्हित भूमि को सुरक्षित करने की मांग की गई है।

विधायक शौरी ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो भाजपा जनहित में जनांदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेगी।

# खुरिक के लोगों के पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाए सरकार : रवि ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा



स्पीति घाटी में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा कि खुरिक में बादल फटने से आई बाढ़ ने 9 से 10 मकानों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है।

खेतों, बाग-बगिचों और पॉपलर के पेड़ों को व्यापक नुकसान हुआ है। वहीं, कोमिक गांव में ओलावृष्टि से नकदी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं हैं। उन्होंने कहा कि इस आपदा के बाद भाजपा स्पीति मंडल के अध्यक्ष डिमडुल गटुक के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने खुरिक और कोमिक गांवों का दौरा किया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। खुरिक में बाढ़ का पानी रिहायशी मकानों के भीतर घुस गया। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग भयभीत हैं। भाजपा स्पीति मंडल अध्यक्ष डिमडुल गटुक ने बताया कि प्रशासन द्वारा अभी तक सिर्फ स्थल का निरीक्षण किया गया है, लेकिन फौरी राहत अब तक प्रभावितों तक नहीं पहुंची है। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने भी प्रशासन से मौके पर जाकर हरसंभव सहायता पहुंचाने की अपील की है।

भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सांसद कोष से यथासंभव मदद की कोशिश की जाएगी। साथ ही उन्होंने मांग की कि सरकार खुरिक के लोगों के पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाए, साथ ही कोमिक गांव में साल भर की राशन आपूर्ति और निशुल्क ईंधन लकड़ी की सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि किसान नकदी फसलें उगाकर पूरे साल अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं, लेकिन चंद मिनटों की ओलावृष्टि ने साल भर की मेहनत को तबाह कर दिया। ऐसी स्थिति में सरकार को गंभीरता से संज्ञान लेकर राहत और पुनर्वास योजना बनानी चाहिए।

# नालागढ़ के होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़, 4 महिलाओं को किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

पुलिस ने नालागढ़ के नंगल स्थित एक होटल में छापा मारकर देह व्यापार के चल रहे गोरखधंधे का पर्दाफाश किया। नकली ग्राहक के जरिए पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से होटल में दबिश दी।

मौके से 4 महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। जांच में सामने आया कि होटल को दिलशाद निवासी गांव नानोवाल, डाकघर खेड़ा, तहसील नालागढ़ जिला सोलन हिमाचल प्रदेश व मोनू राणा निवासी गांव भडल डाकघर तोहगठ, तहसील बड़ौत, जिला बागपत उत्तर प्रदेश संचालित कर रहे थे, जो होटल कर्मचारी सचिन पुत्र सुरेश निवासी गांव नंगल, डाकघर तोहगठ, तहसील बड़ौत, जिला बागपत उत्तर प्रदेश के माध्यम से ग्राहकों से पैसे लेकर महिलाओं को सौंपते थे। होटल से अवैध शराब की 9 बोतलें, हिसाब-किताब की कॉपी और दो गाड़ियां एक स्कॉर्पियो, जो दिलशाद की है और दूसरी स्विफ्ट कार, जो मोनू राणा द्वारा उपयोग में लाई जा रही थी तथा इशलाम निवासी बरनाला, पंजाब के नाम पर पंजीकृत है, उनको जब्त किया गया है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने के उपरांत होटल में रेड की, जिस पर पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना नालागढ़ में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धारा 3 व 4 तथा हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39 (1) के अधीन अभियोग पंजीकृत किया गया है और मौके से उपरोक्त होटल कर्मचारी सचिन को गिरफ्तार किया गया है। आगामी अन्वेषण में कार्रवाई जारी है।

# कालका-शिमला ट्रैक में नए लुक के साथ दौड़ेगी पांच साल से बंद टॉय कार

## हिमाचल में घूमने आने वाले समूह और परिवार को मिलेगी बुकिंग सुविधा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** विश्व धरोहर शिमला-कालका ट्रैक पर अब वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस टॉय कार को उतारने की तैयारी है। रेलवे बोर्ड ने लोंगेज कार आरए-100 का ट्रायल करने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। ट्रायल के बाद यात्रियों को सुविधा दी जाएगी। यह टॉय कार ट्रैक में नए लुक के साथ नजर आएगी। खास बात यह है कि रेल कार में काले रंग की खिड़कियां हैं। अभी तक चल रही रेल कार में काले रंग की खिड़कियां नहीं थीं। इसी के साथ खिड़कियों का आकार भी बड़ा किया गया है। यह कार एयर पावर ब्रेक सिस्टम से लैस है। सीटों में भी बदलाव किया गया है। सीटों के बीच में काफी जगह है। इससे सफर आरामदायक हो जाएगा। कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर रेल मोटर कार पांच साल से बंद पड़ी है। कोरोना काल में बंद रेल मोटर कार को पुन: शुरू नहीं किया गया है। कोरोना काल से पहले रेल मोटर कार की भी पर्यटकों को सुविधा मिलती थी। रेल मोटर कार को फिर शुरू करने का निर्णय लिया गया है।



टॉय कार की नई लुक।

### रोमांचक व आरामदायक होगी यात्रा

विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर अब रेल कार से यात्रा पहले से रोमांचक व आरामदायक होगी। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने नए लुक में लोंगेज रेल कार आरए-100 को ट्रैक पर उतारा है। ट्रैक पर देश ही नहीं, बल्कि विदेशी पर्यटक भी सफर करते हैं। ऐसे में काले रंग के शीशे और लाल रंग की रेल कार यात्रियों में नया उत्साह भरेगी। इससे पहले पैनोरमिक रेल कार भी ट्रैक पर उतारी गई थी। हालांकि, यह रेल कार भी बुकिंग होने पर ही रेलवे बोर्ड चलाएगा। इसके लिए किराया भी आगामी दिनों में निर्धारित होना है।

### समूह बुकिंग की सुविधा

**टॉय** कार में रेलवे समूह बुकिंग की सुविधा प्रदान करेगा। रेल मोटर कार की बुकिंग करवाने पर 14 यात्री सफर कर सकते हैं। आमतौर पर शिमला घूमने आने वाले समूह और परिवार के लोग इसे बुक करवाते हैं, अब कालका स्टेशन पर खड़े यात्री समूह बनाकर इसकी बुकिंग करवा सकेंगे। यह सुविधा भी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे यात्रियों की सुविधा के अनुसार स्टेशन पर खड़ा किया जा सकता है।

**कालका**-शिमला रेलवे ट्रैक पर जल्द ही लोंगेज आरए-100 रेल कार का संचालन होगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। लोगों को बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए रेलवे बोर्ड कार्य कर रहा है। नए लुक में आने वाली रेल मोटर कार यात्रियों में उत्साह भरेगी।

**नवीन कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रेल मंडल अंबाला।**

# चुनाव आयोग पर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी भारी, प्रदेश में संवैधानिक संकट : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल में इलेक्शन कमीशन और अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी के मध्य पत्राचार को संवैधानिक संकट बताते हुए भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी स्वतंत्र संस्थानों पर हमला करके भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को धूमिल करने का षड्यंत्र चला रहे हैं।



इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया आज राहुल गांधी के निशाने पर है। बिहार में विदेशी नागरिकों को वोटर लिस्ट से बाहर करने पर वह चिंतित हैं। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि नागरिकता की पूछताछ करना इलेक्शन कमीशन का नहीं, बल्कि गृह मंत्रालय का कार्य है। हिमाचल प्रदेश, जहां 97 फीसदी हिंदू आबादी निवास करती है, वहां 24 मई को प्रदेश इलेक्शन कमीशन ने स्थानीय अर्बन बॉडी के चुनावों को लेकर 8 सूत्रीय अधिसूचना जारी की थी, लेकिन अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इस अधिसूचना की धज्जियां उड़ा दीं। 24 मई 2025 के पत्र की क्रम संख्या 7 के अनुसार, वार्डों के आरक्षण व सीमांकन की अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित की गई थी, लेकिन ठीक उसी दिन, 11 जुलाई को ही अर्बन डेवलपमेंट के स्पेशल सेक्रेटरी ने इलेक्शन कमीशन को सूचित किया कि यह कार्य स्थगित कर दिया गया है और अब कैबिनेट में चर्चा के बाद ही निर्णय साझा किया जाएगा।

11 जुलाई 2025 को ही स्टेट इलेक्शन कमीशन ने सभी डीसी को पत्र लिखकर निर्देश दिए कि 15 जुलाई तक रोस्टर के अनुसार कार्य सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए इलेक्शन रूल 2012 का हवाला दिया गया और बताया गया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी डीसी व कर्मचारी इलेक्शन डिपार्टमेंट के अधीन माने जाते हैं। यहां एक बड़ा प्रश्न यह है कि यदि 9 जुलाई, 2025 को ही रिजर्वेशन रोस्टर पर न्यायालय द्वारा स्टे मिल गया था, तो फिर राज्य सरकार ने इसकी जानकारी चुनाव आयोग को पहले क्यों नहीं दी? क्या जानकारी को जानबूझकर दबाया गया?

## न्यूज ब्रीफ

### सोलन एमसी पर लगा 16,37,000 रुपए का जुर्माना

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सोलन नगर निगम पर 16,37,000 का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना कचरा पृथक्क रण और वैज्ञानिक निस्तारण के नियमों का पालन न करने पर लगाया गया है। कचरे के डंपिंग साइट से निकली गंदगी और मलजल आसपास के गांवों और स्वयं सोलन शहर की जल आपूर्ति तक पहुंच रही है, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजेश कश्यप ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। डॉ राजेश कश्यप ने कहा कि निगम क्षेत्र में स्टाफ की भारी कमी, कूड़ा संग्रहण व्यवस्था की अनियमितता और प्रशिक्षित कर्मियों की अनुपस्थिति ने स्थिति को और भी खराब कर दिया है। इसके अतिरिक्त सोलन नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे कूड़ा प्रबंधन शुल्क भी शिमला नगर निगम की तुलना में अधिक है, जबकि सेवाएं अपेक्षाकृत निम्न स्तर की हैं।

### प्रपत्र को सत्यापित करने के लिए नए नंबरदार नियुक्त

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की तहसील कार्यालय में विभिन्न कार्यों के प्रपत्र को सत्यापित करने के लिए एवं मामला एकत्र करने के लिए नए नंबरदार नियुक्त किए गए हैं। जिला सोलन नंबरदार यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि जगत राम तनवर स्वावां बलेरा, देवी रूप पीपलूघाट, धर्मपाल को बेरल में नंबरदार नियुक्त कर उपमंडलाधिकारी नागरिक अर्की निशांत तोमर द्वारा पहचान पत्र जारी किए गए। उन्होंने बताया कि जल्द ही महावीर, भूपेंद्र, यशपाल, हेतराम, अमित, धर्मेंद्र, देवेंद्र, प्रदीप व हीरा सिंह को भी पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे।

### प्रशिक्षुओं को एचआईवी की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) राजगढ़ में रेड रिबन क्लब की गतिविधियों के अंतर्गत एचआईवी/एड्स और इससे संबंधित मुद्दों पर विशेष गेस्ट लेक्चरर व कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करना और इससे जुड़े मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करना था। इस अवसर पर सिविल अस्पताल राजगढ़ की आईसीटीसी काउंसलर आरती वोहरा ने मुख्य वक्त ा के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को एचआईवी/एड्स की जानकारी, इसके संक्रमण के कारण, रोकथाम के उपाय और उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज में अभी भी इस विषय को लेकर अनेक भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें प्रशिक्षुओं ने अपनी जिज्ञासाओं को खुले मन से व्यक्त किया और वोहरा ने सभी सवालों का संतोषजनक समाधान किया।

### रोटरी क्लब ने जरूरतमंद छात्रों को दिए जूते

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** सामाजिक जिम्मेदारी के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, रोटरी क्लब बद्दी ने सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल थाना में आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रों को 51 जोड़ी जूते वितरित किए। यह पहल विंसॉम टेक्सटाइल्स के सीएसआर प्रयासों के तहत प्रायोजित की गई थी। इसमें स्कूल की प्रिंसिपल मिसेज शालनी और रोटरी क्लब के प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया। रोटेरियन जगदीप सिंह ने अपने संदेश में कहा, हमें इन योग्य छात्रों के चेहरों पर मुस्कान लाने में खुशी है। यह पहल समुदाय की सेवा करने और सकारात्मक प्रभाव डालने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### विकसित भारत रोजगार योजना की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ग्रेड-II जगजोत सिंह चीमा ने बद्दी के बीबीएनआईए भवन में एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) द्वारा शुरू की जा रही नई योजना की जानकारी साझा की। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से पूरी योजना को समझाया। लगभग 2 दर्जन से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों ने इस आयोजन में लिया हिस्सा। चीमा ने बताया कि भारत सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि इस योजना के तहत युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हों और कामगार तथा उद्योगों को भी वित्तीय लाभ मिले। इस योजना के अंतर्गत जो कामगार प्रथम बार भविष्य निधि योजना में पंजीकृत होगा अर्थात पहली बार उद्योगों में नौकरी पर लगेगा उसे प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत दो किस्तों में 15000 रुपए तक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि उत्पादन यूनिटों को इसका लाभ 4 वर्ष तक तथा अन्य यूनिटों को इसका लाभ 2 वर्ष तक मिलेगा।

# सड़क में खाई करने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने सड़क में जेसीबी से खाई करके रास्ता अवरुद्ध करने पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक सुरेश चंद निवासी मांगल, तहसील अर्की, जिला सोलन ने शिकायत पत्र प्रेषित किया कि भलग से सहनाली सडक पर कुछ शरारती तत्वों ने रात के समय जेसीबी से खाई बनाकर बनी हुई सड़क को उखाड़कर अवरुद्ध कर दिया है। यह सडक 2011 में मनरेगा के तहत बनी है तथा सभी गांव वालों की गाडियां 2012 से आसानी से इस सडक पर चल रही हैं, लेकिन कुछ शरारती तत्वों द्वारा सड़क को अवरुद्ध करने के कारण अब इन्हें घर जाना मुश्किल हो गया है। इस संदर्भ में पुलिस थाना बागा में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

# नौणी में फ्रूट्स व बेकरी प्रोडक्ट डिप्लोमा करने का सुनहरा अवसर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में फ्रूट्स एंड वेजिटेबल प्रोसेसिंग एवं बेकरी प्रोडक्ट पर आधारित एक साल के डिप्लोमा के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

यह डिप्लोमा विवि के फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा करवाया जाता है। इस डिप्लोमा कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को खाद्य प्रसंस्करण और बेकरी आइटम के क्षेत्र में अपने उद्यम शुरू करने के लिए प्रशिक्षित करना है। इस कार्यक्रम के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं है, जबकि इसमें कोई भी आयु सीमा नहीं रखी गई है। इस साल इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए 6 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। कार्यक्रम में कुल 35 सीटें रखीं गई हैं। 12 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.yspuniversity.ac.in/pdf/marque/diplomaw®wz.pdf. पर जाकर प्रोस्पेक्टस और एप्लिकेशन फॉर्म डाऊनलोड किया जा सकता है।

इस डिप्लोमा कार्यक्रम की फीस पांच हजार रुपए रखी गई है। आवेदकों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं की विस्तृत मार्कशीट की प्रतियां, स्कूल के प्रमुख या किसी राजपत्रित अधिकारी या संबंधित ग्राम पंचायत प्रधान से चरित्र प्रमाण पत्र, आरक्षण प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) की स्व-सत्यापित प्रति, बैंक ड्राफ्ट (सामान्य श्रेणी के लिए 100 रुपए और एससी/एसटी के लिए 50 रुपए) के साथ संलग्न करना होगा।

# हस्तनिर्मित उत्पादों का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** दीनदयाल अंत्योदय योजना के शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर पंचायत कंडाघाट में गठित महिला स्वयं सहायता समूह का हस्त निर्मित वस्तुओं का स्टॉल लगाया गया।

हर सप्ताह शुक्रवार और शनिवार को यह समूह कालका-शिमला एनएच पर इन वस्तुओं के स्टॉल लगाते हैं। इस सप्ताह तेजस्वी और उन्नति समूहों ने अपना स्टॉल लगाया। समूह की महिलाओं ने गोलगप्पे, सिड्डू, रागी के मोमोज, पकोड़े और कई प्रकार के आचार, अरबी के पतीड और पत्ते जैसी कई वस्तुओं का विक्रय किया। इन समूहों की प्रतिनिधि सरोज ठाकुर, प्रियंका, सुषमा और लक्ष्मी ने बताया कि राजमार्ग से आवाजाही करने वाले पर्यटक और अन्य लोग इन व्यंजनों और वस्तुओं को पसंद करते हैं। ग्रुप की सदस्य इन सामान को तैयार करती हैं, जिस दिन उनके ग्रुप की बारी राजमार्ग के स्टॉल पर विक्रय की होती है, वह आकर विक्रय करती हैं।



कंडाघाट में गठित महिला स्वयं सहायता समूह का हस्त निर्मित वस्तुओं का लगाया स्टॉल।

कंडाघाट में 13 महिला समूह बने हैं। हर सप्ताह एक या दो महिला समूह राजमार्ग पर इस तरह की हस्त निर्मित वस्तुओं का स्टॉल लगाते हैं। उन्होंने बताया की समूह के कारण महिलाएं आर्थिक तौर से सुदृढ़ हो रही हैं। सरकार की तरफ से उनके ग्रुप को रिबोलविंग फंड मिला है, नगर पंचायत ने एनएच पर विक्रय कॉर्नर की व्यवस्था की है। उनको प्रशिक्षण अपने तौर से करना होता है। सभी ग्रुपों की मांग है कि सरकार के स्तर पर प्रशिक्षण की उचित व्यवस्था की जाए।

# कांग्रेस अपनों को दे रही पक्की नौकरी बाकियों को दे रही धोखा : प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने मित्रों के बच्चों को पक्की नौकरी दे रही है और प्रदेश के लाखों बेरोजगार बच्चों को सरकारी नौकरी के नाम पर धोखा दे रही है।



रावत ने बताया कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नियम को ताक पर रखकर अपनी बेटी को करुणा मूलक आधार पर पक्की नौकरी दिलाई है, जबकि प्रदेश सरकार के पास करुणा मूलक आधार पर नौकरी देने के हजारों मामले लंबित पड़े हैं। सरकार को इनकी चिंता नहीं है। रावत ने बताया कि इतना ही नहीं सरकार ने अपने मित्रों के बच्चों को विधानसभा में भी चोर दरवाजे से भर्ती किया है, इसके साथ ही जल शक्ति विभाग में भी नियमों की धज्जियां उड़ाकर कांग्रेस पार्टी से संबंध रखने वाले को ही भर्ती किया गया है और अब एनटीटी भर्ती में भी यही गड़बड़ झाला होने वाला है। पुलिस की लिखित परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। रावत ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री सुक्खू व उपमुख्यमंत्री ने अपनी सभी चुनावी जनसभा में चिल्ला चिल्ला कर कहा था कि अगर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है, तो हम सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरी देंगे, जबकि सरकार को बनते हुए 2 साल से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन अभी तक प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को यह एक लाख सरकारी नौकरी नहीं मिली। रावत ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री पर तंज करते हुए कहा है कि यह दोनों नेता झूठ बोलने की गारंटी दे सकते हैं नौकरी देने की नहीं।

# धर्मपाल की मदद को आगे आए समाजसेवी

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की के दूरदराज क्षेत्र की बेरल पंचायत के स्कोर गांव के निवासी धर्मपाल, जो कि लंबे समय से पहाड़ी से गिरने के चलते गंभीर चोट लगने के कारण बिस्तर पर हैं व बिस्तर से उठ नहीं सकते। उनके अलावा घर में कोई कमाने वाला नहीं है।

इस बारे में समाजसेवी हुक्म चंद बेरल निवासी ने बताया कि धर्मपाल के बिस्तर पर पड़ने के पश्चात उनका परिवार बहुत दयनीय अवस्था में गरीबी से जूझ रहा था। यह देख कर मां वैष्णो देवी ड्राइविंग स्कूल बरमाणा के संचालक श्यामलाल पुत्र चैतराम ने धर्मपाल के घर पर जाकर खाद्य सामग्री व आर्थिक मदद प्रदान की साथ ही स्थानीय निवासी पवन कुमार, नेहा शर्मा, प्रेम सिंह ने भी सामर्थ्य अनुसार आर्थिक सहयोग के लिए राशि दी। हुक्म चंद ने सभी दानी सज्जनों का इस घड़ी में धर्मपाल की सहायता के लिए धन्यावाद किया।

# सूरत नेगी बेतुकी बयानबाजी के लिए पूरे प्रदेश में मशहूर : केसर

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

**रिकांगपिओ।** जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य केसर नेगी ने रिकांगपिओ में मिडिया को जानकारी देते हुए कहा कि किन्नौर भाजपा के नेता सूरत नेगी ने बीते वीरवार को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के खिलाफ बयानबाजी की है।



उन्होंने कहा कि सूरत नेगी ने स्वर्गीय विमल नेगी मामले में आरोपियों को संरक्षण देने के मंत्री पर झूठे आरोप लगाए हैं। इससे सूरत नेगी की छोटी मानसिकता व लोगों को गुमराह करने की मंशा दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि सूरत नेगी को उसी समय समझ जाना चाहिए था जब किन्नौर की जनता ने विधानसभा चुनावों में नकार दिया था और मंत्री जगत सिंह नेगी को जीता कर किन्नौर की कमान हाथ में दी थी। नेगी ने कहा कि सूरत नेगी केवल सोशल मिडिया पर मंत्री जगत सिंह नेगी के नाम पर राजनितिक बयानबाजी करके अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं और सुर्खिया बटोरने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री ने विमल नेगी के परिवारजनों की मांग पर विमल नेगी मौत मामले में आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए सरकार के माध्यम से निलंबित किया व कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन को खुली छूट दी थी, जिस तरह से सूरत नेगी लगातार सोशल मिडिया पर मंत्री के खिलाफ आग उगलते है, उससे प्रतीत होता है कि सूरत नेगी मंत्री के कार्यों से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सूरत नेगी ने कैबिनेट मंत्री पर मिडिया में दिए ब्यान में कहा कि विमल नेगी मौत मामले में एसपी शिमला को दोबारा नियुक्ति देने के लिए सरकार से सिफारिश की, वह सरासर गलत व झूठी बात है। सूरत नेगी अपने बेतुकी बयानबाजी के लिए पूरे प्रदेश में मशहूर हैं।

# धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बागा थाना में एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार रमा देवी पत्नी धनी राम निवासी गांव बागा (मांगल) ने थाने में शिकायत करवाई है कि कपिल कांत पुत्र लक्ष्मी चंद गांव गरौड डा. सोलधा जिला बिलासपुर ने उनकी दो गाड़ियों जिनके नंबर एचपी-64ए-3211 और मल्टी एक्सल गाड़ी एचपी-64बी-3611 को छह साल के लिए देखभाल के लिए लिया था। इन गाड़ियों का उपयोग बागा सीमेंट प्लांट में किया जाना था। कपिल कांत ने गाड़ियों का टोकन किराया और श्रीराम फाइनेंस की किस्त देना मंजूर किया था, लेकिन कपिल कांत ने गाड़ियों का टोकन किराया और श्रीराम फाइनेंस की किस्त देना बंद कर दिया है और गाड़ियों को गायब कर दिया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कपिल कांत ने उनके साथ धोखाधड़ी और विश्वासघात किया है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने की है।

# कॉलेज के इतिहास, संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी



राजकीय महाविद्यालय सोलन के इंडक्शन कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सोलन के भौतिक विज्ञान संकाय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नवप्रवेशित बीएससी प्रथम वर्ष के विज्ञान वर्ग के छात्रों के लिए इंडक्शन/ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अनिल ठाकुर द्वारा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहीं। इसके पश्चात डॉ. अनंत विद्या निधि ने छात्रों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के इतिहास, महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत वार्षिक प्रणाली, महाविद्यालय के नियम व विनियम, एंटी रैगिंग, नशा विरोधी नियमों, एनसीसी, एनएसएस और अन्य पाठ्य सहगामी गतिविधियों व क्लबों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अनिल ने कॉलेज के पूर्व छात्र संघों तथा कॉलेज के विशिष्ट पूर्व छात्रों द्वारा संस्थान के विकास में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कॉलेज के पूर्व छात्र विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं, जिनसे वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें पढ़ाई में रुचि लेने, अनुशासन का पालन करने तथा समाज में उच्च पदों पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

**कारगिल दिवस** 24 वर्ष की उम्र में मातृभूमि के लिए भीम सिंह ठाकुर ने दिया सर्वोच्च बलिदान

# हाब्बन के शहीद पार्क में स्थापित हुई वीरता की प्रतिमा

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** कारगिल ऑपरेशन रक्षक के दौरान हिमाचल प्रदेश के 52 वीर जवान शहीद हुए थे।

इनमें राजगढ़ क्षेत्र के हाब्बन के रहने वाले शहीद लॉस नायक भीम सिंह ठाकुर भी एक थे, जिन्होंने कारगिल ऑपरेशन के दौरान जम्मू-काश्मीर में आतंकवादियों के साथ लोहा लेते हुए 24 वर्ष की आयु में अपने प्राण न्योछावर किए थे। मातृभूमि की रक्षा के लिए इनके द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को कृतज्ञ राष्ट्र कभी नहीं भुला पाएगा। बता दें कि शहीद होने के दौरान भीम सिंह ठाकुर अविवाहित थे। कारगिल ऑपरेशन रक्षक के दौरान भीम सिंह ठाकुर जम्मू-काश्मीर में तैनात थे, जहां पर 11 जून, 2000 को खूनीनाला में आतंकवादियों के साथ लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। ओम सिंह ठाकुर ने बताया कि भीम सिंह को बचपन से ही वर्दी पहनने का शौक था और इसी शौक के चलते भीम सिंह स्कूल की परेड व अन्य गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। वर्ष 1992 में भीम सिंह ठाकुर गोरखा राइफल में भर्ती हुए थे। अपने छोटे से सेवाकाल के दौरान भीम सिंह ने कमांडो कोर्स, पीटी कोर्स और जूडो कोर्स में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सेना का गौरव बढ़ाया था। ओम सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे माता पिता ने छोटे भाई भीम सिंह की शादी बारे विचार कर रहे थे कि इसी दौरान भीम सिंह वीरगति को प्राप्त हो गए थे और माता-पिता का सपना अधूरा रह गया। ओम सिंह ने बताया कि उनके द्वारा अपने निजी खर्चे से वर्ष 2001 में हाब्बन के शहीद पार्क में भीम सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई है।



- **25 वर्षों से अधूरा वादा: शहीद के नामकरण का इंतजार अब भी जारी**
- **गोरखा राइफल का जांबाज कमांडो, जिसने शौर्य से रचा इतिहास**

इसका अनावरण 11 जून, 2001 को भाजपा सरकार तत्कालीन वन मंत्री रूप सिंह ठाकुर द्वारा किया गया था, जिन्होंने हाब्बन स्कूल और हाब्बन-शिवपुर-चंदोल सड़क का नामकरण शहीद भीम सिंह ठाकुर के नाम पर करने की घोषणा की थी। तदोपरांत कांग्रेस सरकार के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर ने भी इस कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया था, जो कि 25 साल बीत जाने के उपरांत भी पूरा नहीं हो सका।

# कैडेट्स ने प्रशिक्षण शिविर में बिखेरी चमक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई ने वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी 200) में अपने असाधारण प्रदर्शन से एक बार फिर संस्थान को गौरवान्वित किया है। इस 10-दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग, फिटनेस, तकनीकी प्रशिक्षण, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न क्षेत्रों में परखा गया और शूलिनी के कैडेट्स ने अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ सभी को प्रभावित किया। विश्वविद्यालय के लिए सम्मान की बात यह रही कि अंडर ऑफिसर रैंक (यूओ) अब्दुल लतीफ को एटीसी 200 में एक प्रतिष्ठित नेतृत्व पद, कैंप सीनियर नियुक्त किया गया। उन्हें ओवरऑल बेस्ट कैडेट (एसडी) एसडी-सीनियर डिवीजन (एनसीसी में विश्वविद्यालयों के लड़कों के लिए संदर्भित) भी घोषित किया गया। कैडेट युवराज सिंह चंदेल और ज्योति को रनरअप बेस्ट कैडेट (एसडी) घोषित किया गया। इससे विवि की उपलब्धियों में और वृद्धि हुई। ड्रिल प्रतियोगिताओं में यूओ आशुतोष राणा (एसडी) और सार्जेंट। वंशिका कंवर (दक्षिण-पश्चिम) विजेता रहीं।

# 'मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था' ने माजरा स्कूल के बच्चों को बांटी चप्पलें



स्कूली बच्चों के साथ मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था ने खुशियों की सौगात अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय माजरा में बच्चों को स्लीपर (चप्पलें) बांटी।

यह स्लीपर उन बच्चों को दी गई, जो नियमित रूप से स्कूल आते हैं। संस्था का उद्देश्य साफ है, जो बच्चे किसी कारणवश स्कूल आने से बचते हैं, वे भी प्रेरित हों और शिक्षा की ओर कदम बढ़ाएं। संस्था के सदस्यों का कहना है कि शिक्षा हर बच्चे तक पहुंचे, अगर एक छोटी सी चप्पल से किसी बच्चे के पांव स्कूल तक आ जाएं, तो यही हमारे काम की सबसे बड़ी सफलता होगी। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और गांव में सकारात्मक माहौल इस बात का प्रमाण है कि छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था की यह पहल वास्तव में सराहनीय है हर बच्चा पढ़े, बढ़े और मुस्कुराए।

मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था ने खुशियों की सौगात अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय माजरा में बच्चों को स्लीपर (चप्पलें) बांटी। यह स्लीपर उन बच्चों को दी गई, जो नियमित रूप से स्कूल आते हैं। संस्था का उद्देश्य साफ है कि जो बच्चे किसी कारणवश स्कूल आने से बचते हैं, वे भी प्रेरित हों और शिक्षा की ओर कदम बढ़ाएं। संस्था के सदस्यों का कहना है कि शिक्षा हर बच्चे तक पहुंचे, अगर एक छोटी सी चप्पल से किसी बच्चे के पांव स्कूल तक आ जाएं, तो यही हमारे काम की सबसे बड़ी सफलता होगी। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और गांव में सकारात्मक माहौल इस बात का प्रमाण हैं कि छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।




# अमित शाह से मिले मुख्यमंत्री सैनी किशाऊ बांध और सीईटी पर की चर्चा

## एक-एक पंचायत में गरीबों को 700 से 900 तक मकान बनाकर सौंपे जा रहे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत आयोजित होने वाले बड़े राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए गृहमंत्री को आमंत्रित किया। साथ ही किशाऊ बांध सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विकास मुद्दों पर भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री सैनी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक मंच पर सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से चौथे स्थान तक पहुंचाकर अभूतपूर्व कार्य किया है। सीईटी परीक्षा को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि 26 और 27 जुलाई को आयोजित परीक्षा के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। लाखों की संख्या में परीक्षार्थी इस परीक्षा में भाग लेंगे, जिनकी सुविधा के लिए दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस में जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अपने हालिया बिहार दौरे का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक-एक पंचायत में 700 से 900 तक मकान बनाकर गरीबों को सौंपे जा रहे हैं। देशभर में जरूरतमंद परिवारों को हर माह मुफ्त राशन की सुविधा भी सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है।

# चंडीगढ़ में साइबर सुरक्षा और एआई नवाचार केंद्र के रूप में उभरने की अपार संभावनाएं



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन में 300 से अधिक उद्योगपति, शिक्षाविद्, स्टार्टअप प्रतिनिधि, पेशेवर और सरकारी अधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन में साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों और नवाचारों पर चर्चा की।

भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक विनोद शर्मा ने अपने वीडियो संदेश में डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में कॉर्पोरेट शासन की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और साइबर अनुपालन व डेटा अखंडता की आवश्यकता को रेखांकित किया।

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के निदेशक शैलेंद्र त्यागी ने डीप-टेक स्टार्टअप्स को समर्थन देने में एसटीपीआई की भूमिका पर चर्चा की। चंडीगढ़ प्रशासन के उद्योग निदेशक पवित्र सिंह ने बताया कि शहर के पास साइबर सुरक्षा और एआई नवाचार केंद्र बनने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने एमएसएमई और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाने के लिए उद्योग और शिक्षा क्षेत्र के साथ सहयोग को बढ़ाने की इच्छा जताई।

सम्मेलन में नेटफ्लिक्स की चर्चित सीरीज जामताड़ा के निर्माता मनीष त्रेहान ने साइबर क्राइम पर अपने फिल्मी अनुभव साझा करते हुए बताया कि साइबर जागरूकता बढ़ाने में कहानी कहने की शक्ति अहम है। साइबर स्पंक्स के संस्थापक तरुण मल्होत्रा और डीसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीईओ डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता ने भी साइबर जागरूकता को जमीनी स्तर पर फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर 'एआई और साइबर सुरक्षा में एमएसएमई निर्यात की भूमिका, डीपीडीपी अधिनियम 2023 और एआई के साथ स्मार्ट स्केलिंग जैसे विषयों पर पैनल चर्चा आयोजित की गई ।पीएचडी सीसीआई की क्षेत्रीय निदेशक भारती सूद ने तकनीकी संवाद को बढ़ावा देने की चैंबर की प्रतिबद्धता दोहराई।

## न्यूज ब्रीफ

### सीईटी परीक्षा के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम: डॉ. मिश्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, डॉ. सुमिता मिश्रा ने 26-27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए पंचकूला जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को लेकर जीरो-टोलरेंस नीति अपनाई जाए। डॉ. मिश्रा ने पुलिस को सख्त निगरानी रखने और उम्मीदवारों व अभिभावकों से विनम्र व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील करते हुए बताया कि आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी पुलिसकर्मी से सहायता ली जा सकती है। प्रमुख स्थानों पर हेल्पडेस्क भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से सावधान रहने और केवल हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व प्रशासन के निर्देशों को मानने की सलाह दी। फर्जी सूचना या दस्तावेज़ फैलाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पंचकूला डीसी सुश्री मोनिका गुप्ता ने बताया कि 108 से अधिक बसें तैनात की गई हैं और कोचिंग सेंटर व फोटोकॉपी दुकानें परीक्षा के दौरान बंद रहेंगी। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि 550 पुलिसकर्मी 44 परीक्षा केंद्रों पर तैनात होंगे और छतों से निगरानी रखी जाएगी। 500 मीटर के दायरे में निजी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

### फतेहाबाद: अब गांवों में ही सुलझेंगे छोटे-छोटे विवाह

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** अब छोटे-छोटे आपसी विवाद अदालत की बजाय गांवों में ही सुलझाए जाएंगे। इसी क्रम में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से गांव धारनिया में सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र की शुरुआत की गई है। सीजेएम एवं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि इस केंद्र में जमीन, गली-नाली, पारिवारिक, चेक बाउंस और पति-पत्नी जैसे विवादों को सुलझाया जाएगा। केंद्र में तीन प्रशिक्षित मध्यस्थकार हरदीप सिंह, संजय शर्मा और अलका रानी को नियुक्त किया गया है, जिन्होंने चंडीगढ़ ज्यूडिशियल अकैडमी से 40 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह पहल सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत की गई है, जिसमें प्रत्येक जिले में ग्रामीण स्तर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मध्यस्थता केंद्र शुरू किए जा रहे हैं। इससे जहां अदालतों पर बोझ कम होगा, वहीं ग्रामीणों को भी समय और धन की बचत के साथ त्वरित न्याय मिलेगा।

# हरियाणा को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में कार्य शुरू : मंत्री राव नरबीर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने के लिए हरियाणा में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत स्तर पर व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एक ऐसा उद्योग समर्थक ढांचा विकसित कर रही है जो वैश्विक प्रतिस्पर्धा, आर्थिक विकास और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करे।

**फार्मा और ई-वेस्ट नीति पर हितधारकों से चर्चा**

गुरुग्राम में आयोजित एक परामर्श बैठक में उन्होंने हरियाणा फार्मास्युटिकल एवं मेडिकल डिवाइसेज निर्माण नीति, 2025 तथा हरियाणा इलेक्ट्रॉनिक्स वेस्ट रीसाइक्लिंग नीति, 2025 के ड्राफ्ट पर हितधारकों से विचार-विमर्श किया। उन्होंने बताया कि 'इन्वेस्ट हरियाणा पोर्टल' के माध्यम से उद्यमियों को 135 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनकी नियमित मॉनिटरिंग भी होती है। राव ने कहा कि ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग भविष्य का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और हरियाणा इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाना चाहता है। प्रधानमंत्री के 'श्री आर-रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल' मंत्र को ध्यान में रखते हुए यह नीति तैयार की जा रही है।

आयुक्त एवं सचिव अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को आत्मनिर्भर और नवाचार आधारित बनाने हेतु लगातार नई नीतियां बनाई जा रही हैं। बैठक में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, जैसे पॉली मेडिक्योर, मैनकाइंड फार्मा, एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइसेज और नामो ई-वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड सहित कई संगठनों ने भाग लिया और सकारात्मक सुझाव दिए।

# एनएएलएसए वीर परिवार सहायता योजना का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) की वीर परिवार सहायता योजना-2025 का वर्चुअल शुभारंभ 26 जुलाई को जम्मू से माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जम्मू में स्थापित राष्ट्रीय स्तर के विधिक सेवा क्लीनिक का उद्घाटन भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई एवं अन्य गणमान्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में होगा। चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनील कुमार, ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) डीएस ढिल्लों, कर्नल एचएस घुम्मन सहित कई पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां उपस्थित रहेंगी। इस योजना का उद्देश्य रक्षा कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को निशुल्क, त्वरित और प्रभावी विधिक सहायता प्रदान करना है। इसके तहत विधिक सेवा क्लिनिक चंडीगढ़ स्थित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में स्थापित किया गया है।

# स्कूल भवनों व पुलों का सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य : सीएम धामी

**अनंत ज्ञान, देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी स्कूल भवनों का सुरक्षा ऑडिट तत्काल किया जाए। उन्होंने कहा कि जर्जर और असुरक्षित भवनों में किसी भी स्थिति में बच्चों को न बैठाया जाए और बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। जहां मरम्मत संभव हो, वहां शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा पुनर्निर्माण की आवश्यकता वाले भवनों के लिए ठोस कार्य योजना तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री ने सभी पुलों का भी सुरक्षा ऑडिट करने के निर्देश देते हुए कहा कि जर्जर पुलों की निगरानी और समयबद्ध मरम्मत अत्यंत आवश्यक है, ताकि कोई जनहानि न हो। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए त्रियुगीनारायण और अन्य स्थलों को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में तेजी से विकसित करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए गुणवत्ता, सुविधा और सांस्कृतिक गरिमा का विशेष ध्यान रखने को कहा गया।

मुख्यमंत्री ने राज्य में दो स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन विकसित करने की दिशा में भी शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे धार्मिक पर्यटन के साथ आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा।

### थाई महिला ने फ्लाइट में बच्चे को दिया जन्म

**एजेंसी, मुंबई।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की मस्कट से मुंबई आ रही फ्लाइट में सफर कर रही एक थाई महिला ने बच्चे को जन्म दिया। एयरलाइन ने बताया कि महिला को फ्लाइट के दौरान अचानक लेबर पेन शुरू हुआ और उस उनके केबिन क्रू ने तुरंत हालात संभाले और डिलीवरी में मदद की। एयरलाइन के मुताबिक, इस दौरान एक नर्स भी फ्लाइट में थी, जिसने क्रू की मदद की। पायलटों ने मुंबई एयर ट्रैफिक कंट्रोल से जल्दी लैंडिंग की इजाजत मांगी, ताकि मां और बच्चे को तुरंत इलाज मिल सके। फ्लाइट के उतरते ही दोनों को पास के अस्पताल ले जाया गया। एयरलाइन का एक स्टाफ भी उनके साथ गया।

### बाढ़ से पाक में अब तक 266 लोगों की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जारी भारी मानसून की बारिश का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 24 घंटों में देशभर में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 14 लोगों की मौत हुई है और 17 लोग घायल हुए हैं। अब तक की कुल मौतों की संख्या 266 हो गई है। यह जानकारी पाकिस्तान की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की ताजा रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, हालिया आठ मौतों में से तीन खैबर पख्तूनख्वा में हुईं, जहां पांच लोग घायल भी हुए हैं। वहीं, इस्लामाबाद और पाकिस्तान अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान में दो-दो मौतें हुईं, जबकि सिंध में एक व्यक्ति की जान गई।

### नशे में धुत कार चालक ने 7 लोगों को रौंदा, 4 की मौत

**एजेंसी, गांधीनगर।** गुजरात की राजधानी गांधीनगर में शुक्रवार सुबह नशे में धुत कार चालक ने 7 लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक महिला समेत 4 राहगीरों की मौके पर ही मौत हो गई है और 3 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला है कि कार चालक नशे में था। हादसा रांदेसन के भाईजीपुरा से सिटीप्लस जाने वाली सर्विस रोड पर हुआ। हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक टाटा सफारी कार चालक फुल स्पीड में सड़क पर चल रहे लोगों और वाहन चालकों को टक्कर मार देता है। एक स्कूटी करीब 20 से 25 मीटर तक घिसट जाती है।

### फ्रांस देगा फिलिस्तीन को आजाद देश की मान्यता

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस जल्द ही फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने वीरवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान इस मान्यता को औपचारिक रूप से घोषित करेंगे। मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'मिडिल ईस्ट में स्थायी शांति की दिशा में फ्रांस की प्रतिबद्धता के तहत मैंने यह फैसला लिया है। शांति संभव है। आज सबसे जरूरी है कि गाजा में जंग रुके और नागरिकों की जान बचे।' वहीं, इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस फैसले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह फैसला आतंकवाद को इनाम देने जैसा है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# 1000 साल पुराने शिव मंदिरों को लेकर थाईलैंड-कंबोडिया में जंग

## अब तक 16 की मौत, थाईलैंड ने बॉर्डर से 1 लाख लोगों को हटाया

**एजेंसी, बैंकॉक**



थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 1000 हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष दूसरे दिन भी जारी है। शुक्रवार सुबह दोनों देशों के सैनिकों ने बॉर्डर पर फायरिंग की। थाई सरकार ने बताया कि 1 लाख से ज्यादा लोग घर छोड़ने के लिए मजबूर हो चुके हैं। अब तक थाईलैंड के 15 लोगों की मौत हुई है। जिसमें 1 सैनिक और 14 आम लोग हैं। 46 लोग घायल हुए हैं। अभी तक कंबोडिया की तरफ से मृतकों या घायलों की कोई आधिकारिक संख्या नहीं बताई गई है। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में 1 शख्स के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय दूतावास ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी

**विवाद** को देखते हुए थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों से थाईलैंड और कंबोडिया सीमा के पास 7 राज्यों में जाने से बचने की अपील की गई है। इनमें उबोन रत्चथानी, सुरिन, सिसाकेत, बुरीराम, सा काओ, चंथाबुरी और ट्राट शामिल हैं।

### मुंबई में 12वीं मंजिल से गिरी 4 साल की मासूम

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई में हुए एक दर्दनाक हादसे में 4 साल की बच्ची की 12वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। यह घटना तब हुई, जब बच्ची को उसकी मां ने जूतों की अलमारी के ऊपर बैठाया, लेकिन वह खिड़की पर बैठने लगी। मासूम का संतुलन बिगड़ा और वह गिर गई। यह घटना मुंबई के नायगांव में बनी नवकार सिटी की है। बच्ची के साथ हुए हादसे का पूरा वीडियो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जांच जारी है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि हादसे से पहले महिला पहले बेटी को शू रैक पर बिठा देती है। फिर अपनी चप्पल पहनने के लिए झुकती है। इसी बीच, अन्विका खिड़की की चौखट पर बैठने की कोशिश करती है, लेकिन किनारे पर संतुलन बनाने से पहले ही गिर जाती है। इतनी ऊंचाई से गिरने पर उसकी मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

# सीडीएस अनिल चौहान बोले ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। देश की सैन्य तैयारियों के पहलू पर उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी का स्तर बहुत ऊंचा होना चाहिए। तैयारियां ऐसी हों जिसमें हम चौबीसों घंटे और 365 दिन मुस्तैद रहें। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक रक्षा संगोष्ठी के दौरान सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध के उभरते परिदृश्य में, भविष्य के सैनिक को सूचना और तकनीक के साथ साथ युद्ध कौशल के ऐसे मिश्रण से लैस होना चाहिए जो वॉरियर की तरह हो। उन्होंने कहा कि सेना के लिए 'शस्त्र' (युद्ध) और 'शास्त्र' (ज्ञान) दोनों सीखना आवश्यक है।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने आधुनिक युद्ध की बदलती रणनीतियों पर भी कई बाते कही। उन्होंने कहा कि आज की लड़ाइयां पारंपरिक सीमाओं में नहीं सिमटी हैं, बल्कि वे पारदर्शी, तीव्र, बहु-क्षेत्रीय और तकनीकी रूप से बेहद जटिल हो गई हैं। उन्होंने इसे तीसरी सैन्य क्रांति करार दिया और कहा कि आज का युद्ध केवल बंदूक और टैंक तक सीमित नहीं रह गया है। (अनंत ज्ञान)

### बोले- हमें हाइब्रिड वॉरियर की जरूरत

**सीडीएस** चौहान ने बताया कि भविष्य में हमें ऐसे हाइब्रिड वॉरियर की आवश्यकता होगी जो बॉर्डर पर लड़ सके, रेगिस्तान में रणनीति बना सके, शहरों में काउंटर-इंसर्जेंसी ऑपरेशन चला सके, ड्रोन को निष्क्रिय कर सके, साइबर हमलों का जवाब दे सके और प्रभावशाली सूचना अभियान भी चला सके। चौहान ने कन्वर्जेंस वॉरफेयर शब्द का प्रयोग करते हुए कहा कि आज काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक यानी पारंपरिक और डिजिटल युद्ध एक-दूसरे में घुलमिल रहे हैं। पहली और दूसरी पीढ़ी के युद्ध आज तीसरी पीढ़ी के साइबर और एआई आधारित युद्ध के साथ सम्मिलित हो चुके हैं।

### युद्ध के तीन स्तरों में दक्षता जरूरी

**सीडीएस** चौहान के मुताबिक, आज के योद्धा को सामरिक, परिचालन और रणनीतिक स्तरों पर एक साथ दक्ष होना होगा। उन्हें थल, जल, वायु के साथ-साथ साइबर और कॉग्निटिव वॉरफेयर जैसे नए युद्ध क्षेत्रों में भी सक्षम होना पड़ेगा। यह एक ऐसा युग है जहां एक ड्रोन हमला, साइबर अटैक, नैरेटिव वॉर और अंतरिक्ष में बाधा एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं।

# हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार धड़ाम

**एजेंसी, मुंबई**



शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। विदेशी पूंजी निकासी के बीच वित्तीय, आईटी व तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 721 अंक टूट गया।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 721.08 अंक गिरकर 81,463.09 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 225.10 अंक गिरकर 24,837 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

### सोने की कीमत में 500 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक व्यापार तनाव कम होने और सुरक्षित निवेश की मांग कमजोर पड़ने के बीच सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को सोने की कीमत 500 रुपए की गिरावट के साथ 99,120 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं, चांदी की कीमत 1,15,000 रुपए प्रति किलोग्राम रही।

# वियतनाम में बस दुर्घटना, नौ लोगों की मौत

## मरने वालों में मासूम बच्चे भी शामिल, 16 लोग घायल

**एजेंसी, हनोई**

मध्य वियतनाम में शुक्रवार तड़के एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही 16 अन्य लोग घायल हो गए। हादसे में कई मासूम बच्चों की भी जान चली गई है। दुर्घटना हा-तिन्ह प्रांत में लगभग 1:45 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुई। यहां एक बस राजधानी हनोई से दानंग जा रही थी। तभी वाहन अचानक सड़क से नीचे उतर गया और कई ट्रैफिक साइनबोर्ड से टकराया। इसके बाद अनियंत्रित बस पलट गई। दुर्घटना में जान गंवाने वालों की उम्र 4 से 49 वर्ष के बीच थी। सभी घायल यात्रियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। अल अरबिया ने एक सरकारी बयान का हवाला देते हुए बताया कि कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। वियतनाम में सड़क दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष के पहले छह महीनों में सड़क दुर्घटनाओं में 5,024 लोगों की मौत हुई है। अल अरबिया की रिपोर्ट के अनुसार, यह संख्या 2024 में इसी अवधि में दर्ज 5,343 मौतों से थोड़ी कम है। (अनंत ज्ञान)

### इटली के ब्रेशिया में एयरक्राफ्ट हाईवे पर गिरा

**एजेंसी, रोम।** इटली के ब्रेशिया के पास कॉर्डमोल-ओस्पिटाले हाईवे पर एक अल्ट्रालाइट एयरक्राफ्ट क्रैश होकर हाईवे पर गिर गया। इस हादसे में विमान उड़ा रहे 75 साल के वकील सर्जियो रवाग्लिया और उनकी 55 साल की पत्नी अन्ना मारिया डी स्टेफानो की मौत हो गई। जबकि 2 लोग घायल हो गए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन स्पीड कम होने की वजह से विमान का कंट्रोल खो दिया।

**दावा** दिल्ली में कांग्रेस के ओबीसी न्याय महासम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले-

# लोकसभा चुनाव में 30 सीटें और आतीं, तो हम सत्ता में होते: खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस शुक्रवार को ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी पिछड़ों और दलितों के लिए लड़ते हैं। अगर लोकसभा चुनाव में 30 सीटें और आतीं तो हम सत्ता में होते। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए खड़गे ने कहा कि 'वे झूठों के सरदार हैं। झूठ बोलने का ही उनका काम है। दो करोड़ नौकरी देंगे, झूठ बोले। काला धन देश में लाकर पैसे दूंगा, वो भी झूठ बोले। एमएसपी को लेकर झूठ बोले। ओबीसी वर्ग की आय बढ़ाने को लेकर भी झूठ बोले। हर चीज पीएम मोदी झूठ बोलते हैं। अपने जीवन में खासकर संसद में वो झूठ बोलते हैं। आप लोगों को समझना चाहिए, ये देश को गुमराह कर रहे हैं।'

खड़गे ने अपने संबोधन में कहा कि जो प्रधानमंत्री झूठ बोलते हैं, वो देश का कभी भला नहीं कर सकते। आरएसएस और भाजपा जहर जैसे हैं, अगर आप इस जहर को चख लेते हैं तो आपका सफाया तय है। हमें एकजुट होकर लड़ना पड़ेगा। ये लोग आपको बांटने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आपको एकजुट होना पड़ेगा। इस देश को कांग्रेस ने जो दिया है, उससे कोई इनकार नहीं कर सकता।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि 'ओबीसी की जाति जनगणना होनी चाहिए, यह कहने की हिम्मत सिर्फ राहुल गांधी ने दिखाई। इसलिए हम सभी को राहुल गांधी का साथ देना है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस शासित राज्यों में जाति जनगणना कराएंगे



**कांग्रेस** सांसद राहुल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कांग्रेस शासित राज्यों में जाति जनगणना, जनसंख्या का एक्स-रे कराएंगे। राहुल ने कहा, ' हम पहले जाति जनगणना नहीं करा सके। यह कांग्रेस की नहीं, मेरी गलती थी। मैं अब इसे सुधार रहा हूं। आप मेरी बहन प्रियंका से पूछिएगा कि अगर राहुल ने किसी काम के लिए मन बना लिया तो उस बात को वो छोड़ेगा या नहीं? मैं नहीं छोड़ने वाला। मुझे ओबीसी वर्ग की जिस तरह से रक्षा करनी थी, मैंने नहीं की। 10-15 साल पहले मुझे ओबीसी के मुद्दे गहराई से नहीं समझ आए थे। मुझे अगर उनके मुद्दे और परेशानियों का पता होता, तो मैं उसी वक्त जातिगत जनगणना करवा देता।'

## स्पोर्ट्स विंडो

### जावी ने भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के लिए किया आवेदन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** स्पेन के विश्व कप विजेता मिडफील्डर जावी हर्नांडिज उन लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन किया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के लिए यह सुखद आश्चर्य है, लेकिन वह उनके आवेदन पर विचार नहीं कर पा रहा है, क्योंकि वह इस स्टार फुटबॉलर पर खर्च होने वाली लागत वहन करने में सक्षम नहीं है। ऐसा पता चला है कि जावी ने अपने अकाउंट से ई-मेल भेज कर इस पद के लिए आवेदन किया था। एआईएफएफ के एक सूत्र ने शुक्रवार को बताया, "हां, उन्होंने (जावी) भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन किया है। उन्होंने खुद तकनीकी समिति के लोगों को अपना आवेदन भेजा है और ऐसा लगता है कि वह इस पद के लिए काफी इच्छुक हैं।" सूत्र ने कहा, "हालांकि, जिन लोगों को महासंघ की अंतिम मंजूरी के लिए कार्यकारी समिति के पास कोच पद के उम्मीदवारों की सूची भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे जानते हैं कि उन्हें इस पद पर नियुक्त करना आसान नहीं है।" (अनंत ज्ञान)



### दिग्गज डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार हल्क होगन का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** डब्ल्यूडब्ल्यूई से के बड़ी और दुखद खबर निकलकर सामने आ रही है। दरअसल, डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार और हॉल ऑफ फेम हल्क होगन का वीरवार शाम निधन हो गया है। हल्क ने 71 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। बताया जा रहा है किहल्क होगन का निधन कार्डियक अरेस्ट के चलते हुआ। एक रिपोर्ट के अनुसार, वीरवार की सुबह फ्लोरिडा के क्लियरवॉटर स्थित हल्क होगन के घर पर डॉक्टर्स को बुलाया गया। कुश्ती की दुनिया के दिग्गज हल्क होगन को स्ट्रेचर पर लादकर एंबुलेंस के जरिए हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। बता दें कि हल्क होगन 80 के दशक में फैंस के लिए 'रियल लाइफ सुपर हीरो' बन चुके थे। दमदार शरीर, पीला-लाल रंग का कॉस्ट्यूम और उनका स्लोगन उनकी खास पहचान थी। हल्क होगन ने अपने साहस और काबिलियत के चलते 'हल्कमैनिया' का निर्माण किया। हल्क शुरुआती दिनों में वह विंस मैकमैहन की राष्ट्रीय विस्तार योजना का चेहरा बने। रेसलमेनिया 3 में आंद्रे द जाइंट के खिलाफ उनका मैच आज भी ऐतिहासिक माना जाता है, जिसे 93,000 से अधिक लोगों ने लाइव देखा था। (अनंत ज्ञान)



### फलिंग ने 17 साल में किया था डेब्यू

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की होली फर्लिंग सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में से एक हैं, जिन्होंने 2013 में मात्र 17 साल की उम्र में अपना डेब्यू किया था। वर्तमान में, वह ऑस्ट्रेलियाई घरेलू क्रिकेट में क्वींसलैंड क्रिकेट और ब्रिसबेन हीट के लिए खेलती हैं।



# चौथा टेस्ट तीसरा दिन रूट और स्टोक्स ने भारत के गेंदबाजों को खूब धोया

# रूट ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में जड़ा शतक

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड ने मैनचेस्टर टेस्ट में तीसरे दिन शुक्रवार का खेल 225/2 के स्कोर से शुरू किया और भारत के स्कोर की बराबरी कर ली। अब इंग्लैंड की टीम बड़ी बढ़त हासिल करने के लिए लड़ रही है। दूसरे सत्र का खेल समाप्त होने पर इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चार विकेट पर 444 रन बना लिए थे। जो रूट ने 178 गेंदों में भारत के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का 38वां शतक पूरा किया। वह बेन स्टोक्स के साथ 50 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके थे। इंग्लैंड को चौथा झटका वाशिंगटन सुंदर ने दिया। उन्होंने हैरी ब्रूक को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ तीन रन बना पाए। इससे पहले वाशिंगटन सुंदर ने ही ओली पोप को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराया। वह 71 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए जो रूट के साथ 231 गेंदों में 144 रनों की साझेदारी निभाई। जैक क्राउली को रवींद्र जडेजा ने 84 रन पर आउट किया। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चार विकेट पर 444 रन बना लिए थे। इसी के साथ इंग्लैंड ने भारत पर 86 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। रूट (125) और बेन स्टोक्स (41) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)


शॉट खेलता इंग्लैंड का बल्लेबाज जो रूट।

## चोट और दर्द के बावजूद कब-कब खेलने उतरे क्रिकेटर्स?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में भारतीय ड्रेसिंग रूम की बाहरी सीढ़ियों से सावधानी से उतरते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत किसी चोटिल 'ग्लेडिएटर' से कम नहीं लग रहे थे। मैदान में मौजूद ज्यादातर दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। भारतीय क्रिकेट की लोककथाओं में अनिल कुंबले का टूटे जबड़े में पट्टी बंधे होने के बावजूद वेस्टइंडीज के खिलाफ 2002 में गेंदबाजी करना दर्ज है और ओल्ड ट्रैफर्ड में दूसरे दिन सुबह पैर में फ्रैक्चर के बावजूद पंत का लड़खड़ाते हुए बल्लेबाजी के लिए उतरना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में साहस के यादगार पलों में आसानी से शामिल हो सकता है।

ठीक वैसे ही जैसे 1984 में हेडिंग्ले में मैल्कम मार्शल ने अपने बाएं हाथ में दो फ्रैक्चर के साथ बल्लेबाजी और गेंदबाजी की थी। जब पंत को मुख्य कोच गौतम गंभीर से बात करते देखा गया तो दर्द साफ दिख रहा था। ऐसा नहीं लगा कि वह बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। पहले से ही फ्रैक्चर वाले पैर के साथ बल्लेबाजी के लिए उतरना बड़ा दांव था, लेकिन अगर कोई दांव नहीं है तो पंत भी नहीं है। कोई भी आशावादी व्यक्ति यह दांव नहीं लगाएगा कि दाहिने पैर में चोट लगने के 24 घंटे से भी कम समय बाद पंत मैदान पर उतरेंगे, लेकिन उन्होंने मैदान पर मौजूद हर किसी को हैरत में डाल दिया। दर्शकों ने पंत के साहस को देखते हुए खड़े होकर तालियां बजाई गईं।

कुंबले ने सर्जरी के लिए बेंगलुरु वापस जाने से पहले कहा था, "कम से कम अब मैं इस सोच के साथ घर जा सकता हूं कि मैंने अपनी पूरी कोशिश की।" (अनंत ज्ञान)

**पंत से पहले मार्शल-कुंबले ने भी दिखाया था जज्बा**



## वीनस की 2019 के बाद लगातार दूसरी जीत दर्ज करने में रही नाकाम

**एजेंसी, वाशिंगटन**

वीनस विलियम्स की डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार के साथ ही 2019 के बाद लगातार दूसरा मैच जीतने की उम्मीद टूट गई। पिछले एक साल से भी अधिक समय में किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही वीनस को दूसरे दौर के मैच में विश्व की 24वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मैग्डेलेना फ्रेच ने 6-2, 6-2 से पराजित किया।

सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने मैच के बाद कहा, "मैंने यहां खेलने का पूरा आनंद उठाया। निश्चित रूप से परिणाम मेरे अनुकूल नहीं रहा, लेकिन मुझे यहां काफी कुछ सीखने को मिला। खेल और जीवन की खास बात यह है कि आप कभी सीखना बंद नहीं करते।" वीनस ने पिछली बार अगस्त 2019 में सिनसिनाटी ओपन में कम से कम दो मैच जीते थे। उन्होंने तब क्वार्टर फाइनल में मैडिसन कीज से हारने से पहले लगातार तीन जीत हासिल की थीं। (अनंत ज्ञान)



## विक्रम ने राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में जीता कांस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय जुखाला के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र विक्रम शर्मा ने किक बॉक्सिंग की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया।

यह प्रतियोगिता 16 से 20 जुलाई 2025 तक बलवीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल ने विक्रम को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विक्रम की यह उपलब्धि केवल महाविद्यालय ही नहीं, बल्कि संपूर्ण हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उनकी यह उपलब्धि निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार ने भी विक्रम को बधाई दी।


विक्रम को सम्मानित करते राजकीय महाविद्यालय जुखाला के प्रिंसिपल व अन्य।

## भारतीय हॉकी टीम चार मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का करेगी दौरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम आगामी एशिया कप की तैयारियों के तहत 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में होने वाली चार मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 15, 16, 19 और 21 अगस्त को छठे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की टीम का सामना करेगी। सभी मैच पर्थ में खेले जाएंगे। एशिया कप का आयोजन 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले वर्ष के एफआईएच विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक बयान में भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, "यह दौरा बिहार में होने वाले हीरो एशिया कप से ठीक पहले महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है। भले ही यह मैत्रीपूर्ण सीरीज है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से हमें खुद को परखने का अच्छा मौका मिलेगा।" हाल ही में यूरोप में एफआईएच प्रो-लीग में दोनों टीमों का आमना सामना हुआ था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने दोनों चरणों में भारत को 3-2 से हराया था। भारत ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया ने 2013 से इन दोनों टीमों के बीच खेले गए 51 मैचों में से 35 में जीत हासिल की है। भारत ने नौ बार जीत हासिल की है, जबकि सात मैच ड्रॉ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



## हिमाचल की कोर्फबॉल टीमों ने रचा इतिहास, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह


क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर जश्न मनाती हिमाचल की जूनियर कोर्फबॉल टीम।

**अनंत ज्ञान, जाहू**

तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित 21वीं सब जूनियर और 30वीं जूनियर राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल की दोनों टीमों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। दोनों वर्गों में अपने-अपने पूल मैच जीतकर टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में, हिमाचल की सब जूनियर टीम ने पश्चिम बंगाल को 15-4 से हराया। इस जीत में अभिषेक और आदि ने 3-3 गोल, अंजलि, दर्शिता, अनिरुद्ध और मोहित ने 2-2 गोल, और अवनी ने 1 गोल कर टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई।

दूसरी ओर, जूनियर वर्ग में हिमाचल ने बिहार को 12-5 से मात दी। टीम के कप्तान दिव्यांश ने 4 गोल किए, उत्कर्ष ने 3, प्रिंस ने 2, जबकि अंशुल, प्रियांशी और प्रियांश ने 1-1 गोल करके टीम को जीत दिलाई।

टीम के कोच देवदत्त प्रेमी और जूनियर कोच प्रवीण शर्मा ने खिलाड़ियों के अनुशासन, समर्पण और टीम वर्क की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि हिमाचल को होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में भी खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। इस शानदार उपलब्धि पर बीआर सुमन (अध्यक्ष, कोर्फबॉल विकास समिति), विनोद ठाकुर (भारतीय टीम के कोच), बालकृष्ण शर्मा (राष्ट्रीय रेफरी) और अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## चाइना ओपन : उन्नति क्वार्टर फाइनल में हारी

**एजेंसी, चांग्झू (चीन)**

भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा का चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया।

पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 16-21, 12-21 से हार गईं। हुड्डा के बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया। पहले गेम में हुड्डा ने यामागुची को बराबर की टक्कर दी, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाईं और जापान की खिलाड़ी ने लगातार पांच अंक बनाकर यह गेम अपने नाम कर लिया। भारत की उम्मीद अब सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी पर टिकी हैं, जो क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यी तेओ का सामना करेंगी। (अनंत ज्ञान)



## कारगिल दिवस पर द्रास में पदयात्रा में भाग लेंगे खेल मंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को द्रास में पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। मांडविया के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी कारगिल विजय दिवस पदयात्रा में शामिल होंगे, जिसका आयोजन मेरा युवा भारत द्वारा किया जा रहा है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, "मांडविया के नेतृत्व में पदयात्रा में 1,000 से अधिक युवा, पूर्व सैनिक, सशस्त्र बल कर्मी, शहीदों के परिवार और नागरिक समाज के सदस्य भी भाग लेंगे।" यह पदयात्रा डेढ़ किलोमीटर की होगी। पदयात्रा सुबह सात बजे हिमाबास पब्लिक हाई स्कूल, द्रास के मैदान से शुरू होगी और गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, भीमबेट के मैदान में समाप्त होगी।" (अनंत ज्ञान)



## पंत का बल्लेबाजी करना शानदार : वॉन

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत की इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में टूटे पैर के बावजूद खेली गई अर्धशतकीय पारी उनके जज्बे का शानदार नमूना थी लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि मेडिकल सब्स्टिट्यूट की अनुमति देने के मामले में क्रिकेट अंधकार युग में है।

पंत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में वीरवार को दाहिने पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के बावजूद 37 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस दौरान 28 गेंद का सामना किया और 17 रन बनाए। वॉन ने 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, "मैं कई वर्षों से महसूस करता रहा हूं कि टेस्ट क्रिकेट में स्पष्ट चोटों के मामले में स्थानापन्न खिलाड़ी मुहैया कराए जाने चाहिए, जैसा कि हमने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में ऋषभ पंत के मामले में देखा।" उन्होंने कहा, "दूसरे दिन सुबह पंत को चोट पैर के साथ बल्लेबाजी करते देखना वाकई शानदार अनुभव था। यह अविश्वसनीय साहस था और 28 गेंदों में 17 रन बनाना अद्भुत कौशल था, लेकिन वह बल्लेबाजी के लिए फिट नहीं थे, दौड़ नहीं सकते थे और इससे खेल उस चोट और भी गंभीर हो सकती थी।" वॉन ने कहा, "सोचने वाली बात यह है कि उन्हें (पंत को) विकेटकीपर के रूप में सब्स्टिट्यूट की अनुमति दी गई, लेकिन बल्लेबाजी या गेंदबाजी की अनुमति नहीं दी गई। यह सब थोड़ा अजीब और असंगत है। हमारा खेल एकमात्र ऐसा टीम खेल है, जिसमें ऐसा होता है और मुझे लगता है कि इससे यह पता चलता है कि क्रिकेट अब भी अंधकार युग में जी रहा है।"

उनका मानना है कि पुराने नियमों पर अड़े रहने से "जान-बूझकर खेल का प्रभाव कम किया जा रहा है, क्योंकि एक टीम को इसके कारण मैच के चार दिनों तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ रहा है।" उन्होंने कहा, "यदि किसी खिलाड़ी को कई चोट लगती है, जैसे हड्डी टूटना या मांसपेशियों में इतना अधिक खिंचाव कि वह खेल में आगे भाग नहीं ले सकता। ऐसी चोट जो स्कैन और चिकित्सक द्वारा आसानी से प्रमाणित हो सकती है तो उसके स्थान पर समान योग्यता रखने वाले खिलाड़ी को सब्स्टिट्यूट के रूप में उतारा जा सकता है।" (अनंत ज्ञान)



**बोले-मेडिकल सब्स्टिट्यूट के मामले में क्रिकेट अंधकार युग में**

## सराहना रवि शास्त्री बोले-पंत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह एक बेहतरीन 'टीम मैन'


# क्रिकेट जगत ने ऋषभ पंत के साहसपूर्ण अर्द्धशतक को सराहा

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दूसरे दिन ऋषभ पंत की एक पैर के चोटिल होने के बावजूद खेली गई साहसिक पारी से न केवल उनके जज्बे का पता चलता है बल्कि इससे उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह एक बेहतरीन 'टीम मैन' हैं।

पंत ने दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बावजूद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी करके कभी हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया था। उन्होंने ओल्ड ट्रैफर्ड में वीरवार को दाहिने पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के बावजूद 37 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और अर्द्धशतक पूरा किया। बीसीसीआई द्वारा अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में शास्त्री ने कहा, "अगर किसी को शक था कि वह कभी टीम मैन थे, तो उन्हें आज यह पहली बार देखने को मिला। ऐसा करने के लिए जज्बे से भी ज्यादा की जरूरत होती है।" उन्होंने कहा, "उसका मैदान पर वापस आना और इसके बाद उसने जो कुछ किया वह बहुत खास था।"

पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने कहा, "एक बात तो तय है कि इंग्लैंड पंत को पसंद करता है। खेल में कुछ ऐसे पल होते हैं जिन्हें आप लंबे समय तक याद रखते हैं और जब वह मैदान पर थे तो ऐसा लगा कि वह पल लंबे समय तक याद रहेगा।" इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन ने 'स्काई स्पोर्ट्स' पर कहा, "उन्होंने बहुत जोखिम उठाया। उनमें प्रतिभा तो है ही, साथ ही उनका दिल भी बहुत बड़ा है।" इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने कहा, "पंत ने इस सीरीज में बहुत कुछ दिया है। पैर में फ्रैक्चर होने के बावजूद अर्द्धशतक बनाना बड़ी बात है।" (अनंत ज्ञान)





### पंत जैसे खिलाड़ियों की जरूरत : पुजारा



**पूर्व** भारतीय टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने वीडियो में कहा, "हमें उनके जैसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो मुश्किल वक्त में आगे आ सकें। उन्होंने इतना दर्द सहने के बावजूद इतना साहस और जज्बा दिखाया। ऐसा करना कभी आसान नहीं होता।"